संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 01 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ध्यान मंडपम में ध्यान करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 150 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 1 जून से बदलने वाले हैं कई नियम, आधार कार्ड में अपडेट और डीएल से जुड़े नियमों में होंगे परिवर्तन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हर नए महीने में कई वित्तीय नियम बदल जाते हैं। एक जून 2024 से भी नियमों में बदलाव हो होने वाला है। चिलचिलाती गर्मी के बीच जून महीने में रसोई गैस सिलेंडर, बैंकों की छुट्टियां, आधार कार्ड में अपडेट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों में परिवर्तन होने वाले हैं। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं एक जून से कौन-कौन से नियम बदलने वाले हैं

**एलपीजी सिलेंडर समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में हो सकता है बदलावः** हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें नए सिरे से तय की जाती हैं। पेट्रोलियम कंपनियां इसका एलान महीने के आखिरी दिन मध्यरात्रि को करती हैं। ऐसे में उम्मीद है कि 1 जून 2024 को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी समेत पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव कर सकती है। इससें पहले मई में, पेट्रोलियम कंपनियों ने वाणिज्यिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की थी। जून में भी सिलेंडर की कीमतों में परिवर्तन हो जाए तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। एक जून से लंबे समय से स्थिर रहे

**वित्तिय नियम**

**1 जून 2024 को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी समेत पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव कर सकती है**

पेट्रोल डीजल की कीमतों में भी बदलाव दिख सकता है। हालांकि कीमतें बदलेंगी या नहीं इस पर स्थिति 31 मई 2024 की मध्य रात्रि तक ही साफ हो सकेंगी।

**ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ का चक्कर लगाने से मिलेगी निजातः** 1 जून से नए



परिवहन नियम लागू हो रहे हैं। नए महीने से ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए आरटीओ में ही टेस्ट देना अनिवार्य नहीं रह जाएगा। ऐसे में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास करने की प्रक्रिया अब आसान होने की उम्मीद है। एक जून से आप सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं। इससे लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने के लिए आरटीओ का चक्कर लगाने से निजात मिल जाएगी।

**ट्रैफिक नियम सख्त होंगेः** नए याताया नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों को और कड़ा किया जा रहा है। 18 साल से कम उम्र के लोगों पर ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने या उनके वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द तो किया ही जाएगा इसके साथ-साथ 25 साल तक नया लाइसेंस भी जारी नहीं किया जाएगा। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। तेज गति से गाड़ी चलाने वाले पर 1000 रुपये से 2000 रुपये, बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर 500 रुपये, हेलमेट न पहनने पर 100 रुपये और सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

**14 जून तक मुफ्त में कर सकेंगे आधार अपडेटः** यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी यूआईडीएआई के अनुसार, अगर आपने 10 साल से अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं किया है तो 14 जून तक आप ऐसा फ्री में कर सकते हैं। यूआईडीएआई पोर्टल पर 14 जून 2024 तक आधार कार्ड अपडेट करने की प्रक्रिया मुफ्त है। अगर आप 14 जून के बाद अपना आधार कार्ड अपडेट करवाते हैं तो आपको इसके लिए कुछ शुल्क चुकाना पड़ सकता है। आप अपने आधार कार्ड को घर बैठे या आधार कार्ड सेंटर पर जाकर भी अपडेट करवा सकते हैं। अगर आप आधार कार्ड केंद्र पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाते हैं तो आपको 50 रुपये शुल्क के तौर पर चुकाना होगा। वहीं, यूआईडीएआई पोर्टल पर जाकर खुद से आधार कार्ड अपडेट करने पर फिलहाल कोई शुल्क नहीं चुकाना पड़ा है।

**जून महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंकः** जून महीने में बकरीद, वट सावित्री व्रत समेत अलग-अलग पर्व त्योहारों के मौके पर सार्वजनिक और साप्ताहिक छुट्टियां के चलते कई दिन बैंक बंद रहने वाले हैं।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"


## पीएम मोदी के 'ध्यान' पर भड़की कांग्रेस

● खरगे ने कहा- आपके ड्रामा का खर्च कौन उठाएगा आस्था है तो घर पर करें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में हैं। वे यहां तीन दिन विवेकानंद मेमोरियल में ध्यान करेंगे। इस पर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म को नहीं लाना चाहिए। राजनीति और धर्म अलग-अलग विषय है। पीएम मोदी वहां कन्याकुमारी में क्या ड्रामा कर रहे हैं, वहां करीब 10 हजार लोग हैं। यह देश के पैसे की बर्बादी है। देश में आचार संहिता लागू है। इसका खर्च कौन उठाएगा। अगर आपको इतनी ही आस्था है तो आप अपने घर पर यह काम करें। अपनी जेब से खर्च उठाएं।

**भगवा कुर्ते और गमछा में दिखे पीएम मोदीः** बता दें, पीएम मोदी के ध्यान का आज दूसरा दिन है। उन्होंने सुबह सूर्योदय के समय उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया। पीएम मोदी के ध्यान का एक वीडियो सामने आया है, वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। वे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठकर ध्यान कर रहे हैं। उनके हाथों में माला है और



### मोदी भारत के उत्थान के लिए प्रार्थना कर रहेः केशवन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नईः** देश में सातवें चरण के मतदान की प्रचार अवधि खत्म होने के बाद पीएम मोदी कन्याकुमारी पहुंच गए। वहां समंदर में बनी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे यानी एक जून की शाम तक ध्यानमग्न रहेंगे। उइस बीच भाजपा नेता सीआर केशवन ने कहा कि पीएम मोदी व्यक्तिगत मोक्ष के लिए नहीं बल्कि भारत के उत्थान के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में पीएम मोदी कन्याकुमारी में हमारी भारत माता के चरणों में ध्यान और प्रार्थना कर रहे हैं। पीएम मोदी व्यक्तिगत मोक्ष के लिए नहीं बल्कि भारत के उत्थान के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।'

ओम की आवाज गूंज रही है। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी।

**एक दिन पहले कन्याकुमारी पहुंचे थेः** पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने

**मोदी निशाने पर**

**राजनीति और धर्म अलग-अलग विषय है। पीएम मोदी वहां कन्याकुमारी में क्या ड्रामा कर रहे हैं: खरगे**

ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे। पीएम मोदी पर निशाना साधने के अलावा, उन्होंने कहा कि आरक्षण छीनने का कोई सवाल ही नहीं है। आरक्षण एससी और एसटी समुदाय के लोगों को उनकी आबादी के अनुसार दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पीएम मोदी गुजरात से हैं। गुजरात का व्यक्ति यह कहता है कि मैं महात्मा गांधी को नहीं जानता तो मैं क्या कहूं।


राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शुक्रवार को आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे।

## जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली में पानी की समस्या** को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार ने याचिका में भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली में पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है।

## मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 2 जून को मुझे सरेंडर करना है। वह 2 जून को अपने आपको सरेंडर करने के लिए घर से 3 बजे निकलेंगे। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें जेल में जनता की चिंता होती है। जेल के अंदर से भी दिल्ली के काम चलते रहेंगे। दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे। उन्होंने अपने परिवार के मांगा है कि उनके माता-पिता के लिए प्रार्थना करें। उनके माता-पिता की तबियत सही नहीं रहती है। केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे जेल में इन्सुलिन नहीं दी गई थी। जिससे मेरी किडनी और लिवर में असर हुआ है। जेल में 50 दिन के अंदर उनका वजन घटा है। 74 किलो से 64 किलो वजन हो गया है। डॉक्टर ने इसे बड़ी बीमारी का संकेत बताया है। सीएम ने कहा कि 2 जून को मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। इस बार मैं कब तक जेल में रहूंगा, इसका नहीं पता, लेकिन मेरे हौंसले बुलंद हैं। जब मैं जेल में था तो मुझे कई तरह से प्रताड़ित किया गया। दिल्ली सीएम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव-प्रचार करने के लिए 21 दिन की मौहलत दी थी। परसो मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं, इस बात का मुझे फक्र है। इन्होंने मुझे कई तरह से तोड़ने, झुकाने और चुप करने की कोशिश की लेकिन ये लोग सफल नहीं हुए। इन्होंने मेरी दवाईयां रोक दीं। जेल में इन्होंने कई दिन मेरे इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए।

मैं जेल में 50 दिन था, इन 50 दिनों में मेरा 6 किलो वजन कम हो गया। डॉक्टर कह रहे हैं कि ये शरीर में किसी बड़ी बीमारी का भी संकेत हो सकता है। आप अपना ख्याल रखना। आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा।'



**सरेंडर की तारीख**

**परसों सरेंडर करूंगा, जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी, दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे**

## रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन में रखा अपना एक लाख किलो सोना भारत वापस मंगाया

**नई दिल्लीः** भारत के केंद्रीय बैंक ने ब्रिटेन से 100 मीट्रिक टन (1 लाख किलोग्राम) से थोड़ा अधिक सोना अपने घरेलू वॉल्ट में स्थानांतरित कर दिया है। सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को यह खबर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार 1991 के आर्थिक संकट के बाद पहली बार इतने सोने को ब्रिटेन से भारत मंगाया गया है। भारत को 1991 में आर्थिक संकट के दौरान अपना सोना विदेशों में गिरवी रखना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले महीनों में देश में इतनी ही मात्रा में और कीमती धातु आ सकती है, यह कदम लॉजिस्टिक कारणों और विविध भंडारण के लिए उठाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास मार्च के अंत तक 822.10 टन सोना था, जिसमें से 408.31 टन सोने को घरेलू स्तर पर यानी देश में रखा गया है। बाकी सोना विदेशों में रखे गए हैं।

## पीओके हमारा नहीं है', पाक का बड़ा कबूलनामा!

**टीम एक्शन इंडिया**

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान ने पीओके को लेकर खुद की ही पोल खोल दी है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पाकिस्तान के एक सरकारी वकील ने ही चौंकाने वाला दावा किया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है, जिसपर अब उसने बड़ा बयान दिया है। भारत इसे अपना अभिन्न अंग मानता है। प्रॉसिक्यूटर जनरल (सरकारी वकील) इस्लामाबाद से अगवा कवि अहमद फरहाद को लेकर सरकार का बचाव कर रहे थे, तभी उन्होंने कहा कि वो 'आजाद कश्मीर' में 2 जून तक रिमांड पर रहेंगे। इस्लामाबाद कोर्ट के सामने पेश नहीं किया जा सकता क्योंकि आजाद कश्मीर हमारा नहीं बल्कि एक विदेशी क्षेत्र है।

**हाईकोर्ट ने भी किया सवालः** हाईकोर्ट भी सरकारी वकील के दावे पर हैरान हुआ और उसने कहा कि अगर "आजाद कश्मीर" एक विदेशी क्षेत्र है, तो फिर पाकिस्तानी रेंजर्स यहां पाकिस्तान से कैसे प्रवेश कर गए।

## चौथी तिमाही में 7.8% रही विकास दर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः सांख्यिकी और कार्यक्रम** कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अपनी पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में किए गए जीडीपी से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। पूरे वित्तीय वर्ष 2024 की बात




करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह 8.2% रहा। इसे पिछली तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में जीडीपी वृद्धि दर 8.4% रही थी। जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 7.6% थी। वित्तीय वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए। कई प्रमुख वित्तीय संस्थानों ने जीडीपी दर की घोषणा के पहले विकास दर पिछली तिमाही की तुलना में मार्च तिमाही में धीमी पड़ने के अनुमान जताए थे। पहली तिमाही में भी भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। अर्थव्यवस्था को केंद्र की ओर से पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में बड़े पैमाने पर किए गए इजाफे और लगातार दो कमजोर तिमाहियों के बाद मांग में तेजी आने का लाभ हुआ था।

**वोट डालें** निर्वाचन विभाग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुना के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए हैं और सभी मतदान पार्टियां अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच गई

## हिमाचलः लोस चुनाव और 6 विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान आज

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा (लोस) और विधानसभा की छः सीटों पर कल यानि एक जून को मतदान होगा। निर्वाचन विभाग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए हैं और सभी मतदान पार्टियां आज अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच गई हैं। इस बीच चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी घर-घर जाकर अपनी जीत पक्की करने में जुटे हुए हैं जबकि हिमाचल आए राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक प्रदेश से बाहर चले गए हैं। हिमाचल प्रदेश में चार संसदीय सीटों और



विधानसभा की छह सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में 62 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। इसमें प्रदेश की चार संसदीय सीटों पर 37 उम्मीदवारों के बीच चुनावी जंग है जबकि विधानसभा की 6 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में 25 प्रत्याशी अपना राजनीतिक भाग्य आजमा रहे हैं। कांगड़ा संसदीय सीट पर 10 उम्मीदवार चुनाव

**तैयारी पूरी**

**62 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का होगा फैसला, प्रदेशभर में धारा 144 लागू**

मैदान में है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र 12 उम्मीदवारों के बीच चुनावी रण है। मंडी संसदीय सीट पर 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। शिमला संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 5 प्रत्याशियों के बीच में चुनावी मुकाबला है।

हिमाचल में स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाने लिए प्रदेशभर में धारा 144 लागू हो है। इसके तहत एक स्थान पर 5 से ज्यादा लोग इके नहीं हो सकेंगे। इसकी इजाजत केवल मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में ही होगी, वह भी केवल वोटिंग के लिए लाइनों में खड़े लोगों और कानून एवं व्यवस्था में तैनात कर्मियों को होगी।

मतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से निपटाने के लिए 55 हजार के करीब अधिकारी और कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश में कुल 5711969 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे शरद-फारूक-महबूबा-अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विपक्षी गठबंधन की एक जून को होने वाली बैठक के लिए कांग्रेस के निमंत्रण को सभी दिग्गजों ने स्वीकार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि ममता बनर्जी चुनावी व्यस्तताओं के कारण बैठक का हिस्सा नहीं होंगी, लेकिन उनकी पार्टी का प्रतिनिधि मौजूद रहेगा। बैठक में राहुल गांधी, शरद पवार, सपा से अखिलेश यादव, राजद से तेजस्वी यादव, पीडीपी से महबूबा मुफ्ती, नेकां से फारूख अब्दुल्ला, डीएमके से टीआर बालू, झारखंड मुक्ति मोर्चा से चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन




शरीक होंगे। शिवसेना यूबीटी से उद्धव ठाकरे देश से बाहर हैं, लिहाजा उनका प्रतिनिधि शामिल होगा। वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आम आदमी पार्टी से अरविंद केजरीवाल के अलावा सहयोगी पार्टियां हिस्सा होंगी। बैठक में मतगणना तैयारियों और फार्म 17 सी को लेकर कार्यकर्ताओं को सचेत किया जाएगा।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, बहुमत तय होने के बाद सभी सहयोगी दल 48 घंटे से भी कम समय में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन कर लेंगे।

**एकजुट**

**विपक्षी गठबंधन की एक जून को होने वाली बैठक के लिए कांग्रेस के निमंत्रण को सभी दिग्गजों ने स्वीकार किया**

## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### शुद्धिपत्र

संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 04/2023–2024 दिनांक 16.04.2024. क्र.सं. 06 निविदा संख्या 77245134 खुलने की तिथि 31.05.2024

उपरोक्त संदर्भित निविदा की खुलने की तिथि 31.05.2024 से बढ़ाकर 14.06.2024 कर दी गई है। वाणिज्यिक अनुपालन में ईएमडी छूट के संबंध में शर्त जोड़ी गई है। दस्तावेजों में टेंडर की गई वस्तु की ड्राइंग भी जोड़ दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

दिनांक: 30.05.2024 1629/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | एन.आई.टी. सं. : CPM-GSU-DLI-NIT-19-24-25 |
| 2. | कार्य का नाम : रेलवे भूमि पर राष्ट्रीय रेल संग्रहालय चाणक्यपुरी नई दिल्ली के पुनर्विकास व अग्रिम बोली प्रबंधन हेतु आर्किटेक्चरल प्लान, कॉन्सेप्ट प्लान, स्ट्रक्चरल डिजाइन और ड्राइंग, सभी सुविधाओं सहित तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के लिए आर.एल.डी.ए. द्वारा अनुमोदित सलाहकारों के पैनल (आर.एफ.पी. में विवरण) से आर्किटेक्चरल सह तकनीकी सलाहकार का चयन हेतु निविदा आमंत्रण। |
| 3. | अनुमानित लागत : रु. 6,03,78,000/- |
| 4. | धरोहर राशि : रु. 4,51,900/- |
| 5. | समापन अवधि : 18 महीने |
| 6. | बिडिंग प्रणाली : दो पैकेट प्रणाली |
| 7. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय : 21.06.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 21.06.2024 को 15:00 बजे |
| 8. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

सं.: CPM-GSU-DLI-NIT-19-24-25 दिनांक: 31.05.2024 1634/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय पुत्रः स्वर्गीय प्यारे लाल पताः मकान नं. एम–186, मंगोल पुरी, दिल्ली और रवि उर्फ मनीष, पुत्र स्वर्गीय मुकेश, पताः झुग्गी नं. 256, एफ–7 ब्लॉक, एचआईजी कॉलोनी, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 590/2020, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय और रवि उर्फ मनीष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय और रवि उर्फ मनीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 590/2020, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अभियुक्त **अजय और रवि उर्फ मनीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
महानगर दंडाधिकारी–02 (पश्चिम),
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6190/WD/2024



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **यतींद्र कुमार,** पुत्रः स्व. रोहताश कुमार, **पताः** बी–190 टैगोर गार्डन, दिल्ली ने **FIR No. 425/2020, U/s 188/269 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यतींद्र कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यतींद्र कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **यतींद्र कुमार,** केस **FIR No. 425/2020, U/s 188/269 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शशांक नंदन भट्ट
महानगर दण्डाधिकारी–02,
पश्चिम/तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5991/WD/2024
(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा यू/एस 82 (2) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमति दर्शना, पत्नी टोनी लाल निवासी मकान नः** G-469-470 सुल्तानपुरी, दिल्ली ने **Case No: 24631/16 U/s 138 NI Act** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्रीमति दर्शना** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **श्रीमति दर्शना** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case No: 24631/16,** थाना अमन विहार, दिल्ली के अभियुक्त **श्रीमति दर्शना** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमति इब्बानी अग्रवाल
एमएम कमरा नः 107, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6470/RD/2024


# लुटेरों ने किया पीछा, फिल्मी अंदाज में रोका...और लूटा



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंदिरापुरम (गाजियाबाद) :** गाजियाबाद के इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बीएमडब्ल्यू से आए बदमाशों ने वर्कशॉप मालिक और दो मैकेनिकों पर हमला कर ऑडी कार, 18 हजार की नगदी व मोबाइल लूट ले गए। घटना 29 मई की शाम चार बजे की है। लाल रंग की बीएमडब्ल्यू से बदमाश ऑडी का पीछा करते हुए कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया है। नीतिखंड में मोहम्मद नूरेन का वाहन फिटनेस और सर्विस का सेंटर है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व दिल्ली पटपड़गंज के विकास ने अपनी सफेद रंग की ऑडी कार को सर्विस करने के लिए दी थी। वह बुधवार की शाम करीब चार बजे मैकेनिक आमिर और इस्लाम को साथ लेकर ऑडी के इंजन का सामान लेने दिल्ली जा रहे थे। तीनों अभयखंड से राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर पहुंचे तो पीछे से बीएमडब्ल्यू में सवार चार बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक दिया।

# फ्लैट के अंदर मिला बुजुर्ग का तीन दिन पुराना गला हुआ शव

**गाजियाबाद :** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के नीतिखंड में बंद फ्लैट के अंदर 50 साल के बुजुर्ग का तीन दिन पुराना गला हुआ शव मिला है। पड़ोसियों ने डायल 112 पर फ्लैट से बदबू आने की सूचना दी थी। इंदिरापुरम पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो बेड पर बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ था।

# मैच के दौरान मैदान में रहेगी एंबुलेंस और नर्स

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में नोएडा प्रीमियर लीग (एनपीएल) सीजन-2 का आगाज शनिवार से होगा। भीषण गर्मी में शनिवार को तीन मैच खेले जाएंगे। झुलसा देने वाली धूप और गर्मी में कोई खिलाड़ी बीमार न हो, इसके लिए आयोजकों ने मैच के दौरान क्रिकेट मैदान में एंबुलेंस, दो नर्स और अन्य मेडिकल सुविधा का प्रबंध किया है। इसके अलावा चिकित्सक से भी सलाह ली गई है। एनपीएल कमेटी के अर्पित चतुर्वेदी ने बताया कि बढ़ते तापमान और खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर गर्मी से बचाने के लिए चिकित्सक से सलाह ली गई है। मैच के दौरान अन्य प्रबंध किए गए हैं। मैच में एक के बजाय दो और दस मिनट के बजाय 15 मिनट के ब्रेक लिए जाएंगे। इंटरनल मेडिसिन के सलाहकार डॉ. पंकज रेलन ने खिलाड़ियों को गर्मी से बचने के लिए कहा है। उनका कहना है कि शरीर में पानी की कमी न हो इसका विशेष ध्यान रखना है। मैच से पहले और बाद में पानी पीते रहना है। इसके लिए खिलाड़ी पानी की बोतल साथ रखें और नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। सूती कपड़ों से बने हल्के रंग के, ढीले-ढाले कपड़े पहनकर मैच खेलें। चौड़ी किनारी वाली टोपी पहनें। इससे चेहरे और गर्दन पर धूप से बचाव होगा। त्वचा के सभी खुले क्षेत्रों पर कम से कम 30 एसपीएफ वाला ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन लगाएं। हर दो घंटे में या अत्यधिक पसीना आने पर इसका दोबारा इस्तेमाल करें। शरीर को ठंडा होने का समय दें। छाया में नियमित रूप से ब्रेक लें। चक्कर-मतली आने, दिल की धड़कन तेज होने और अत्यधिक पसीना आने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें।


## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### शुद्धिपत्र

संदर्भ: i) निविदा सूचना संख्या 07/2024–2025 दिनांक 26.04.2024 क्रमांक 08 ii) निविदा संख्या 07241152 13.06.2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, मात्रा 36 से घटाकर 22 कर दी गई है और बयाना राशि 73490 से घटाकर 44910/– कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1631/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

पत्र सं. 6-SEFile-239810Tender दिनांक 30.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना | 6-SEFile-239810Tender |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | कार्य के दायरे के अनुसार आरसीएनके सोनीपत में 100 एलएचबीएसी कोचों के आरएमपीयू के एमएलआर शेड्यूल के लिए स्ट्रिपिंग, ओवरहालिंग, फिटमेंट, परीक्षण और कमीशनिंग अनुबंध। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 9,69,10,645.80/– जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 6,34,600.00/– |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से पन्द्रह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 21.06.2024 खुलने का समय 11:30 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1625/24



## VIRTUALSOFT SYSTEMS LIMITED
**Regd. Off: S-101 Panchsheel Park, New Delhi - 110017**
CIN-L72200DL1992PLC047931

**EXTRACT STATEMENT OF AUDITED STANDLONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 31, MARCH- 2024**

(Figures Rs. in Lacs)

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended (Audited) 31.03.2024 | Year Ended (Audited) 31.03.2024 | Quarter Ended (Audited) 31.03.2023 | Quarter Ended (Audited) 31.03.2024 | Year Ended (Audited) 31.03.2024 | Quarter Ended (Audited) 31.03.2023 |
| Total income from operations (net) | 68.93 | 139.43 | 87.85 | 203,33 | 514.21 | 113.55 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (46.05) | (111.20) | (25.42) | (31.64) | (192.45) | (23.98) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (46.05) | (111.20) | (25.42) | (31.64) | (192.45) | (23.98) |
| Equity Share Capital | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹ 10/- each) Basic : Diluted: | | | | | | |
| Basic : | (0.45) | (1.08) | (0.25) | (0.31) | (1.87) | (0.23) |
| Diluted : | (0.45) | (1.08) | (0.25) | (0.31) | (1.87) | (0.23) |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ₹ 10/- each) | | | | | | |
| Basic : | (0.45) | (1.08) | (0.25) | (0.31) | (1.87) | (0.23) |
| Diluted : | (0.45) | (1.08) | (0.25) | (0.31) | (1.87) | (0.23) |

NOTES:-(The above is in extracrt of the detailed format of the Standlone and Consoliated Quarterly Audited Financial Result for the Quarter/Year ended March 31, 2024 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly /Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange websites.**www.besindia.com** and on the Company websites.**www.virtsoft.com**.

**For VIRTUALSOFT SYSTEMS LTD.**
**Sd/-**
**Gokul Tandan**
**Managing Director**

**New Delhi**
**30-May-2024**



## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–नीलामी हेतु सूचना

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 04.06.2024 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12264 (F1), 12265 (F), 12754 (F1), 14006 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14206 (F1), 14681 (F1) & 20938 (F1 & R1), 22401 (F1), 22634 (F1) |
| 2. | 05.06.2024 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14053 (R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 22210 (F1) |
| 3. | 06.06.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12420 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12908 (F1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1, 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 4. | 10.06.2024 को 10:30 बजे | 12060 (F1), 12066 (F1), 12428 (F1), 14731 (F1 &R1), 15060 (F1 & R1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 5. | 11.06.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12148 (R1), 12444 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 6. | 12.06.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में : 22418/22417 |
| 7. | 13.06.2024 को 10:30 बजे | 12284 (F1), 12368 (F1), 14014 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 22806 (F1), 22868 (F1) |
| 8. | 14.06.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12455 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 22438 (F1), 22454 (F1, F2 & R1), 22461 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचना:**

1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section). पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबधो के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

1640/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### शुद्धिपत्र

संदर्भ: i) निविदा सूचना संख्या 07/2024–2025 दिनांक 26.04.2024 क्रमांक 07 ii) निविदा संख्या 07240188 05.06.2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07235090 के खुलने की नियत तिथि 05.06.2024 से बढ़ाकर 19.06.2024 और निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किए गए हैं।
(1). आइटम विवरण के संबंध में नया अनुबंध संलग्न किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1630/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## गुमशुदा/अपहृत की तलाश


रानी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **रानी पुत्री शंकर पता** मकान नं. 160, गांव घोंडली कृष्णा नगर, दिल्ली, जो दिनांक 18.05.2024 को 01:00 पीएम अपने घर थाना क्षेत्र कृष्णा नगर, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है। इस संदर्भ में **एफआईआर सं. 283/2024, धारा 363 भा.द.स. के तहत** थाना कृष्णा नगर, दिल्ली में दर्ज है। गुमशुदा/अपहृत लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है :

**नाम** : रानी, **पिता का नाम** : शंकर, **उम्र** : 16 साल, **कद** : 5 फुट 0 इंच, **रंग** : गेहूँआ, **शरीर** : पतला, **चेहराः** लम्बा, **पहनावा** : जो लाल रंग का सूट, काले रंग की लेगिंग्स और पैरों में सफेद रंग के सैंडल पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना : कृष्णा नगर, दिल्ली
फोनः 8766321474,7065036025

DP/6302/SHD/2024



## अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### (धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्तयों **(1) साहिब सिंह पुत्र जसविंदर सिंह (2) रजनी पत्नीः जसविंदर सिंह पताः मकान नं. ए–2/124, तृतीय तल, राजौरी गार्डन, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 967/2021 धारा 420/34 भा.द.स. के तहत** थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) साहिब सिंह (2) रजनी** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) साहिब सिंह (2) रजनी** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 967/2021 धारा 420/34 भा.द.स. के तहत थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त (1) साहिब सिंह (2) रजनी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शशांक नन्दन भट्ट
महानगरीय मजिस्ट्रेट
वेस्ट कमरा नं. 356, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5884/WD/2024



## पहचान के लिए अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 60 साल, **कदः** 5'9'', **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** संतरी रंग का कुर्ता और पीले रंग का अंगोच्छा, **बरामदी स्थलः** जो दिल्ली के पीएफ नंबर 03, एफओबी–1 के पास, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 04A, दिनांक 31.05.2024, पुलिस स्टेशनः नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
DP/6584/Rly/2024 फोनः 011-23744073, 8750871305 & 9868462726



## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77245411 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ सिलिकॉन कार्बाइड एस पर टी पी पी/एल के ओ | 10 एम टी | 20-06-24 |
| 02 | 12241029A | एलस्टोमेरिक 19 कोर 750 वी ट्रैन लाइन वायर केबल 50/0.25 एम एम | 6954 मीटर | 01-07-24 |
| 03 | 19244277 | आयल कूलर रेडियेटर | 22 नग | 08-07-24 |
| 04 | 07242670 | लवटोरी डोर अरेंजमेंट फॉर ए सी कोचेस | 494 नग | 21-08-24 |
| 05 | 07241598A | हेक्स एच डी बोल्ट एम 20 X 80-8.8 | 74661 नग | 26-08-24 |
| 06 | 07240280 | लॉकएबल गैस स्प्रिंग | 9686 नग | 28-08-24 |
| 07 | 07241530 | एयर ब्रेक होज कपलिंग फॉर फीड पाइप | 18068 नग | 02-09-24 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस स. 20/2024–2025 दिनांक 31.05.2024 1632/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राक्ष** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## change of name

I Sanjiv Kumar S/o Gurbaksh Rai Presently residing at House No-1325, Sector-32, Karnal, Haryana-132001 and permanent resident of 76, Bhagwan Colony, Bhattu Road, Fatehabad, Haryana-125050, have changed my name to Sanjiv Kumar Sachdeva.

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

# दिल्ली में जल संकट पर त्राहिमाम-त्राहिमाम

## आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार पहुंची अदालत, विपक्ष का धरना प्रदर्शन, बीजेपी ने सरकार को घेरा

**जिम्मेदार कौन**

▶▶ दिल्ली में पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार ने हरियाणा को दोषी ठहराना शुरू कर दिया






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पिछले एक सप्ताह से दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली में नियमित और समुचित जलापूर्ति नहीं कर पा रहा है। जिसकी वजह से दिल्ली के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं दिल्ली में पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार ने हरियाणा को दोषी ठहराना शुरू कर दिया है। दिल्ली सरकार यह कहते हुए कि दिल्ली में जलापूर्ति की जिम्मेवारी सभी की है और इसके साथ ही इन दोनों राज्यों से पानी लेने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की ओर रुख कर चुकी है। उधर, दिल्ली में पानी की कमी को लेकर विपक्ष सड़कों पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर शुक्रवार शहीदी पार्क से दिल्ली सचिवालय तक प्रदर्शन मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार ने दिल्ली में कृत्रिम जल संकट पैदा कर दिया है। स्वराज ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड 2013 में 600 करोड़ रुपये के फायदे में था लेकिन वर्तमान में जल बोर्ड 73 हजार करोड़ रुपये के घाटे में हैं। उन्होंने दिल्ली में पानी की कमी और जल बोर्ड को होनेवाले घाटे के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिम्मेवार ठहराया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि दिल्ली में जल संकट अरविंद केजरीवाल के कुप्रबंधन का नतीजा है। अब सरकार 2 हजार रुपये का जुमार्ना लगा रही है। सचदेवा ने कहा कि यह जुमार्ना नहीं बल्कि भ्रष्टाचार करने का एक और तरीका है। सचदेवा ने कहा कि पहले दिल्ली सरकार ने टैंकर माफिया को बढ़ावा दिया। इनके हर विधायक टैंकर माफियाओं के साथ मिलकर दिल्ली के लोगों को पानी बेच रहे हैं और उन्हें लूट रहें हैं।

दरअसल, दिल्ली में जल संकट के दो प्रमुख कारण हैं। पहला, प्रचंड गर्मी और दूसरा पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भरता। इन दिनों दिल्ली में भयानक गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ गई है। दिल्ली की आबादी की तुलना में पानी की सप्लाई पहले से कम है। इससे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में महिलाएं हुई।

### आतिशी ने पानी की समस्या के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार मंत्री आतिशी ने दिल्ली में जलापूर्ति के लिए केंद्रीय जल मंत्री से मदद की गुहार लगाई है। आतिशी ने शुक्रवार को केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को अनुरोधपूर्वक लिखे पत्र में यह भी कहा है कि दिल्लीवालों को नियमित और समुचित जल की आपूर्ति करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आतिशी ने दिल्ली में पानी की कमी का हवाला देते हुए पत्र में कहा है कि यमुना जल का स्तर काफी नीचे गिर गया है ऐसी स्थिति में दिल्ली में जलापूर्ति नहीं हो रही है। साथ ही अनुरोध किया है कि दिल्ली के लिए पानी की कुछ व्यवस्था की जाए। जो राज्य पानी छोड़ने में सक्षम हो उससे पानी उपलब्ध कराया जाए ताकि दिल्ली के लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा, मैं आपसे यह अनुरोध करने के लिए लिख रही हूं कि दिल्ली के लिए पानी की कुछ व्यवस्था की जाए, चाहे वह हरियाणा हो या यूपी या कोई अन्य राज्य जो पानी देने में सक्षम हो, ताकि दिल्ली के लोगों को परेशानी न हो। हम इस मुद्दे पर आपके तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध है। आतिशी ने पत्र में आगे लिखा है कि इस मुद्दे में आपका तत्काल हस्तक्षेप के साथ हरियाणा राज्य को तुरंत दिल्ली के वाजिब हिस्से का पानी यमुना नदी में छोड़ना चाहिए ताकि पानी को 674.5 फीट के सामान्य स्तर पर लाया जा सके। आतिशी ने यह भी कहा है कि वह हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पानी छोड़ने के लिए अपील कर चुकी हैं।

### दिल्ली में जल संकट को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में लोग भीषण गर्मी के बीच पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। पानी की इतनी किल्लत है कि लोग अब मारा-मारी पर उतर आए हैं। भाजपा की ओर से गुरुवार को आईटीओ स्थित शहीदी पार्क के पास केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि अगर आम आदमी पार्टी दिल्लीवासियों को पानी मुहैया नहीं करा सकती तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस्तीफा दें।

# मतगणना के दिन तीन स्तरीय रहेगी दिल्ली में सुरक्षा

**इंतजाम पूरा**

▶▶ मतगणना स्थल की तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। सातों सीटों के लिए सात मतगणना केंद्र बनाए गए हैं




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के मतगणना स्थल की सुरक्षा का खाका पुलिस और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने तैयार कर लिया है। मतगणना स्थल की तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। सातों लोकसभा सीटों के लिए सात मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इनके प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर लगाए जा रहे हैं। मतगणना के दिन पुलिस व खुफिया विभाग के कर्मचारी भी संदिग्ध लोगों के साथ ही उनके सामानों की जांच करेंगे। निर्वाचन से जुड़े अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्द्धसैनिक बल के साथ ही दिल्ली पुलिस के कर्मी भी पर्याप्त संख्या में तैनात रहेगी। मतगणना स्थल की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। एजेंट व मतगणना कार्मिकों के पास देखने और गहन तलाशी के बाद ही अंदर जाने की इजाजत दी जाएगी। मतगणना स्थल पर सिर्फ कार्मिक व एजेंट ही अंदर जाएंगे। इसके अलावा किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। अधिकारियों ने बताया कि 25 मई को मतदान के बाद से चार जून तक के लिए 14 कंपनियां अर्द्धसैनिक बलों की ड्यूटी मतगणना केंद्रों पर है। इनमें दो-दो कंपनियां सभी सातों मतगणना केंद्रों पर तैनात हैं। मतगणना के बाद उम्मीदवारों को ईवीएम पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का समय दिया जाता है।

## आईजीएल गैस पाइप लाइन में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साकेत के महरौली थाना इलाके के साकेत पर्यावरण परिसर में बीती रात लगभग पौने दो बजे आईजीएल गैस पाइपलाइन में स्पार्क होने से आग लग गई। देखते ही देखते पाइप लाइन जलने लगी। मामले की सूचना लोगों ने दमकल विभाग को दी।

मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

## न्यायाधीश की भतीजी के घर में वारदात, करोड़ों की चोरी



**मामला दर्ज**

▶▶ महिला न्यायाधीश की भतीजी के घर करोड़ों रुपये की चोरी, छह दिन पहले नौकरी पर रखा गया था नौकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पॉश इलाके में रहने वाली महिला न्यायाधीश की भतीजी के घर करोड़ों रुपये की चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला के पति एक बड़ी कपंनी के निदेशक हैं। घर से नौकर गायब है। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी (एनएफसी) थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि पीड़ित परिवार ने अभी तक पुलिस को लिखित में ये नहीं दिया है कि कितने रुपये की नकदी व ज्वेलरी चोरी हुई है। आरोपी नौकर अजय की तलाश के लिए दक्षिण-पूर्व जिले की 12 से ज्यादा टीमें जगह-जगह छापेमारी कर रहीं हैं। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार ब्लॉक-एक, एनएफसी में रहने वाले सिद्धार्थ गौतम एक कंपनी के निदेशक हैं। उनकी पत्नी भी एक प्राइवेट टीवी चैनल में काम करती हैं। दोनों पति-पत्नी नौकरी पर गए थे। जब वह घर लौटे तो मेन गेट का दरवाजा खुला हुआ था। घर में सारा सामान बिखरा हुआ था। घर से अजय नाम का नौकर गायब था। पुलिस को शुरूआती जांच में पता लग रहा है आरोपी अजय घर से करोड़ों रुपये की ज्वेलरी व नकदी ले गया है। पीड़ित परिवार अभी ये देख रहा है कि घर से कितने रुपये की ज्वेलरी व नकदी चोरी हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पीड़ित परिवार ने नौकर को छह दिन पहले ही अपने यहां काम पर रखा था। उसने अपन नाम अजय बताया था। उसे एक पुराने नौकर की सिफारिश पर रखा गया था। पीड़ित परिवार आरोपी नौकरी पुलिस का वेरीफिकेशन कराता, उससे पहले ही वह घर से सामान समेट कर ले गया। पुलिस को शुरूआती जांच में ये पता लगा है कि आरोपी ओडिशा का रहने वाला था। ऐसे में पुलिस ने दिल्ली के सभी रेलवे स्टेशन, बस अड्डे व बॉर्डर पर चेकिंग बढ़ा दी है।

## फ्लाइट के बाथरूम से 1.28 करोड़ का गोल्ड बरामद

**तस्करी**

▶▶ आईजीआई एयरपोर्ट पर इस गोरखधंधे का खुलासा किया। मामले में किसी को भी अभी पकड़ा नहीं


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने एक करोड़ 28 लाख से ज्यादा का सोना बरामद किया है। इसे तस्करी करके बैंकॉक से भारत लाया गया था। कस्टम की टीम ने आईजीआई एयरपोर्ट पर इस गोरखधंधे का खुलासा किया। हालांकि इस मामले में किसी को भी अभी पकड़ा नहीं गया है। क्योंकि सोने को केमिकल पेस्ट में मिलाकर फ्लाइट के बाथरूम वाले हिस्से में छुपाकर लाया गया था। ऊपर से ब्लैक पेस्ट के रूप में नजर आ रहा था। कस्टम के ज्वाइंट कमिश्नर एन वरुण कौंडिया ने बताया कि दो ब्लैक कलर का पाउच मिला था। उसमें गोल्ड पेस्ट को केमिकल में छुपाकर स्मगलिंग करके लाया गया था। जांच में 2017 ग्राम कुल गोल्ड मिला। इसकी कीमत 1 करोड़ 28 लाख 96 हजार से ज्यादा बताई जा रही है। बरामद गोल्ड को जब्त कर लिया गया है और आगे इस मामले में छानबीन की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही कि यह गोल्ड पेस्ट किस हवाई यात्री द्वारा ट्वायलेट वाले एरिया में छुपाकर लाया गया था।

## बिभव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के मारपीट मामले में आरोपी बिभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उधर, मालीवाल मामले में रिपोर्टिंग रोकने को लेकर दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने याची को फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने कहा जब मालीवाल को आपत्ति नहीं तो आप कौन होते हैं। यह याचिका मात्र प्रचार के लिए दायर की गई है। बुधवार को बिभव कुमार ने आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल द्वारा दायर मारपीट मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। बिभव ने याचिका में अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया था। बिभव ने याचिका में अपनी अवैध गिरफ्तारी के लिए मुआवजे की भी मांग की थी। याचिका में बिभव ने कहा कि मेरी गिरफ्तारी अवैध है। मुझे जबरदस्ती पुलिस कस्टडी में रखा गया है। जबरदस्ती कस्टडी में रखने का मुआवजा मिले। पुलिस वालों के खिलाफ विभागीय जांच हो।



**कोर्ट ने बढ़ाई थी तीन दिन की पुलिस हिरासत:** अदालत ने 28 मई को आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को फिर तीन दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। बिभव की चार दिन की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल की अदालत में पेश किया गया था। पुलिस ने कोर्ट से बिभव की हिरासत पांच दिन की मांगी थी, लेकिन मजिस्ट्रेट ने तीन दिन का दिया।

इससे पहले 27 मई को तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। स्वाति मालीवाल केस में बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने 18 मई को गिरफ्तार किया था। स्वाति मालीवाल ने विभव कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर हमला करने के आरोप लगाए थे। जहां एक तरफ स्वाति ने बिभव पर मारपीट का आरोप लगाया है तो वहीं विभव ने पुलिस में शिकायत दी कि स्वाति मुख्यमंत्री आवास में बिना इजाजत घुस गई थीं। बिभव ने भी स्वाति पर झूठे मामले में फंसाने के आरोप लगाए हैं।

## कंक्रीट के बढ़ते जंगल से गर्म हो रही हैं दिल्ली की रातें

### हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) ने 2001 से 2024 की गर्मियों का विस्तृत अध्ययन किया



**अध्ययन**

▶▶ बेतहाशा बढ़ते वाहनों व एसी ने भी गर्मी बढ़ा दी है। इससे रातें ज्यादा गर्म हो रही हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में दो दशकों में दिन और रात के तापमान के बीच का अंतर कम हो गया है। दिलचस्प यह कि दिल्ली देहात व शहरी क्षेत्र की रातों के तापमान में बड़ा फर्क है। इसकी वजह दिल्ली की बहुमंजिला इमारतें और घनी बसावट है। बढ़ते कंक्रीट के जंगल ने ये संकट बढ़ाया है। इसके अलावा बेतहाशा बढ़ते वाहनों व एसी ने भी गर्मी बढ़ा दी है। इससे रातें ज्यादा गर्म हो रही हैं। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) ने 2001 से 2024 की गर्मियों का विस्तृत अध्ययन किया है। इसके मुताबिक, 2001-2010 के बीच दिन व रात के तापमान में औसतन 12.3 डिग्री का अंतर था। 2014 से 2023 यह आंकड़ा 11.2 डिग्री सेल्सियस रह गया। 2023-2024 में यह अंतर और भी कम हो गया। इसे 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इस हिसाब से 20 सालों में दिन और रात के तापमान में औसतन 2.5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मसलन, अगर इस बीच दिन का औसत तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया तो रातें 37.7, 38.8 व 40.2 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहीं।

वहीं, 2014 से 2023 के दौरान नमी 8% तक बढ़ी, तो गर्मी के इंडेक्स में 3.3% का इजाफा देखा गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्म रातें दोपहर के अधिकतम तापमान जितनी ही खतरनाक हैं।

## लैंड फॉर जॉबः सात जून तक पूरक चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली: दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी को निर्देश दिया है कि वो 7 जून तक पूरक चार्जशीट दाखिल करें। स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 7 जून को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने ईडी की इस अर्जी को मंजूर कर लिया कि इस मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट की प्रति उन्हें उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई के मामले में चार महीने से पूरक चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय मांगा जा रहा है। जिसके बाद कोर्ट ने सीबीआई को अंतिम चार्जशीट दाखिल करने के लिए 6 जून का समय दिया था।



डीसीपी/यातायात/वीवीआईपी रूट मुख्यालय शशांक जायसवाल और डीसीपी यातायात एस.के.सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एचसी राज सिंह (वर्तमान में कोमा में) को उनके घर पर सांत्वना देने पहुंचे। इस मौके पर एचसी राज सिंह का परिवार भी मौजूद था। प्रशस्ति पत्र, मेडल और पगड़ी पहनाकर एचसी राज सिंह का अभिनंदन किया।

## टिल्लू-ताजपुरिया गैंग का शार्प शूटर दिल्ली में गिरफ्तार

**काबू किया**

▶▶ पूछताछ में पता चला कि बचपन से ही वह सुमित उर्फ झुमका नामक व्यक्ति को जानता था।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की** क्राइम ब्रांच ने राष्ट्रीय राजधानी से टिल्लू-ताजपुरिया गैंग के एक शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है। उसे जेल में बंद गैंग लीडर की ओर से प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों को खत्म करने का निर्देश मिले थे।

आरोपी की पहचान हरियाणा के रोहतक जिले के निवासी विशाल उर्फ घैसल (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच को दिल्ली और उसके आसपास एक्टिव गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने का काम सौंपा गया है।

डीसीपी (क्राइम) सतीश कुमार ने बताया, आरोपी विशाल के भलस्वा झील, भलस्वा डेयरी के पास आने के बारे में एक विशेष इनपुट मिला था। टीम ने उस जगह पर छापा मारा और विशाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि बचपन से ही वह सुमित उर्फ झुमका नामक व्यक्ति को जानता था। वह टिल्लू-ताजपुरिया गैंग का सदस्य है। सुमित हाल ही में अलीपुर थाने में दर्ज हत्या के मामले में शामिल है और फरार है।डीसीपी ने आगे कहा कि सुमित के जरिए वह हिम्मत उर्फ चीकू नामक गैंग के दूसरे सदस्य के संपर्क में आया। वह उसके निर्देशों पर काम करने लगा। दिसंबर 2020 में हिम्मत के निर्देश पर उसने परमजीत उर्फ चिता के साथ मिलकर बोगा (गैंगस्टर राजेश बवानिया का शार्प शूटर) की हत्या की योजना बनाई। लेकिन, जब वे योजना को अंजाम देने के लिए जा रहे थे, तब पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया था। डीसीपी ने बताया कि जेल से रिहा होने के बाद भी वह सुमित के संपर्क में रहा।

## आग की घटनाओं को रोकने के लिए सारे जरूरी कदम उठा रहा है निगम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भीषण गर्मी को देखते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) दिल्लीवासियों की दिक्कतें कम करने को लेकर कई कदम उठा रहा है। मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने भीषण गर्मी की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर नगर निगम के सभी विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए सभी विभागों को एक विस्तृत हीट वेव एडवाइजरी जारी की। मेयर ने 31 मई तक सभी विभागों को अपनी एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया है। जब से दिल्ली में भीषण गर्मी पड़नी शुरू हुई है,

दिल्ली सरकार के भी सभी विभाग हाई अलर्ट पर हैं। केजरीवाल सरकार लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि दिल्लीवासियों के रोजमर्रा की जिंदगी पर इस हीट वेव का कोई बुरा प्रभाव न पड़े।एमसीडी के विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक के बाज जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि स्वास्थ्य और हेल्थकेयर सुविधाओं में आग की घटनाओं को रोकने के लिए इंजीनियरिंग विभाग के साथ-साथ सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाई प्रबंधकों को इन निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। बैठक के बाद मेयर डॉ शैली ओबेरॉय ने अपने एक्स हैंडल एक पर लिखा कि नगर निगम के सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक विस्तृत बैठक हुई, जिसमे भीषण गर्मी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और चर्चा के आधार पर सभी विभागों को हीट वेव को लेकर विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई ताकि दिल्ली में कहीं भी कोई दुर्घटना न हो। 31 मई तक सभी को एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों को आग बुझाने वाले यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म जैसे अग्निशमन उपकरणों की नियमित रूप से जांच होनी चाहिए ताकि जरूरत के समय ये उपकरण ठीक से काम करते मिलें। अग्नि सुरक्षा उपकरणों का नियमित रखरखाव और जांच की जानी चाहिए। नियमित रूप से इलेक्ट्रिकल लोड ऑडिट किया जाए, ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि नेशनल इलेक्ट्रिकल कोड ऑफ इंडिया-2023 के अनुसार सिस्टम ओवरलोड न हों। आग की घटनाओं को रोकने के लिए धूम्रपान निषेध के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए, और ऑक्सीजन टैंक या पाइप वाली ऑक्सीजन वाले इलाकों में तापमान के स्त्रोतों को नियंत्रित करें। आग का शीघ्र पता लगाने के लिए अस्पताल के सभी इलाकों, विशेषकर मरीजों के कमरे, हॉल वे और सामान्य क्षेत्रों में स्मोक डिटेक्टर और अलार्म लगाएं। खास तौर पर रोगी देखभाल क्षेत्रों में अस्पताल निर्माण सामग्री और साज-सज्जा का ऑडिट करें ताकि ज्वलनशील वस्तुओं को गैर-ज्वलनशील या आग प्रतिरोधी विकल्पों से बदला जा सके।



**निर्देश जारी**

▶▶ मेयर ने अपने एक्स हैंडल एक पर लिखा कि नगर निगम के सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक विस्तृत बैठक हुई

# हरियाणा में सामाजिक आर्थिक आधार पर आरक्षण असांविधानिक करार

## हरियाणा में सरकारी भर्ती में सामाजिक और आर्थिक आधार पर पांच अंक देने का प्रावधान रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसले में हरियाणा सरकार के उस आदेश को रद्द कर दिया है जिसके तहत नियुक्तियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर आवेदकों को पांच अंक देने का प्रावधान किया गया था। इस प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका के निपटारे के साथ ही प्रदेश में हजारों नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है।

हाई कोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया था कि प्रदेश सरकार ने संविधान के खिलाफ जाकर सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच अंक देने का प्रावधान किया है। किसी परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में न हो और परिवार की आमदनी कम हो तो ऐसे परिवार से आने वाले आवेदक को सामाजिक व आर्थिक आधार पर पांच अतिरिक्त अंकों का लाभ देने का प्रावधान किया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा था कि संविधान के तहत सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंको का लाभ नहीं दिया जा सकता। हाई कोर्ट ने सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंक लाभ देने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि सामाजिक आर्थिक आधार पर अंक लाभ देने का फैसला संविधान के खिलाफ है। हाई कोर्ट ने इस प्रावधान को रद्द करते हुए याचिका का निपटारा कर दिया। याचिका के निपटारे के साथ ही प्रदेश में हजारों नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के अनुसार, ग्रुप सी, ग्रुप डी और टीजीटी भर्ती में 5 नंबर खत्म हो गए है। ग्रुप 56 , 57, 1 और 2 की परीक्षा फिर से होगी। वहीं ग्रुप सी के 20 ग्रुप (जिनमें नियुक्तियां भी हो गई हैं) की दोबारा परीक्षा होगी।




**सुनवाई**

▶▶ प्रदेश सरकार ने संविधान के खिलाफ जाकर सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच अंक देने का प्रावधान किया

### मानेसर में रेडिमेड गारमेंट्स कंपनी में 16 घंटे से धधक रही आग

**गुरुग्राम: आईएमटी** मानेसर स्थित रेडिमेड गारमेंट्स कंपनी न्यूमेरो यूनो में गुरुवार की शाम से लगी आग शुक्रवार की दोपहर तक जारी रही। रह-रहकर आग धधकती रही। इस आग में कंपनी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। करोड़ों का नुकसान यहां आग लगने से हो गया। दमकल विभाग के सामने इस आग को बुझाना काफी बड़ी चुनौती थी, जिस पर विभााग के कर्मचारियां ने गुरुवार की पूरी रात व शुक्रवार दोपहर तक आग बुझाने का काम जारी रहा।

# हरियाणा में मतदान के बाद चिंतातुर भाजपा मंथन में जुटी

**बैठकों का दौर**

▶▶ मुख्यमंत्री की जिलाध्यक्षों के साथ बैठक, अधिकारियों पर मतदान प्रभावित करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में पिछले 25मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद भाजपा चिंतातुर दिखाई दी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चिंताओं को लेकर शुक्रवार को यहां अपने सरकारी आवास सत कबीर कुटीर पर पार्टी के जिलाध्यक्षों के साथ करीब दो घंटे मंथन किया।बैठक में चुनाव के दौरान पार्टी जिलाध्यक्षों के प्रत्याशियों के साथ असहयोग को लेकर मिली शिकायतो पर भी चर्चा की गई।साथ ही जल्दी ही प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा की गई।




ऐसी संभावना है कि पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियो से मिली शिकायतो के आधार पर कुछ जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे।लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों के मतदान को प्रभावित करने तथा बोगस वोटिंग कराने के बयान हाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा दिए गए है। दोनो ने इस मामले में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी है। मनोहर लाल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने प्रतिक्रिया दी है। हुड्डा ने कहा कि इस तरह भाजपा ने लोकसभा चुनाव में हार मान ली है।बोखलाहट में इस तरह के बयान दिए जा रहे है।

उन्होंने मनोहर लाल से सवाल भी किया कि वे किस अधिकार के तहत अधिकारियो पर कार्रवाई करेंगे।

# छात्रों ने एमडीयू रजिस्ट्रार कार्यालय का किया घेराव

**टीम एक्शन इंडिया**

रोहतक: एमडीयू द्वारा पाठ्यक्रमों की फीस बढोतरी के खिलाफ छात्रों ने रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव किया और बढ़ी हुई फीस वापसी की मांग को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेताया कि अगर एमडीयू प्रशासन ने इस छात्र विरोधी फैसले को वापिस नहीं लिया तो छात्र आंदोलन करने पर मजबूर होगे। छात्र नेता दीपक मलिक ने बताया कि एमडीयू ने स्नातक कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर प्रॉस्पेक्टस जारी कर दिया है। इसमें नई शिक्षा नीति के तहत नए कोर्स शुरू किए गए हैं और कोर्सों की फीस भी पांच गुना बढ़ा दी गई है, जिसको लेकर छात्रों में काफी रोष है। उन्होंने बताया कि यह फीस वृद्धि के नाम पर विद्यार्थियों से खुली लूट है। यह एक तरह से यूनिवर्सिटी के दरवाजे आम परिवारों के बच्चों के लिए बंद करने का फरमान है। दीपक मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर स्नातक को तीन साल से बढ़ाकर चार साल कर दिया गया है। फीस वृद्धि और चार साल का ग्रेजुएशन कोर्स शिक्षा के निजीकरण और व्यापारीकरण को बढ़ावा देने के और कदम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में चार वर्षीय स्नातक कोर्स का परीक्षण फेल हो चुका है। कुछ दिन पहले ही कर्नाटक सरकार ने चार वर्षीय स्नातक कोर्स को वापस लिया है। इसके बावजूद यहां सरकार व यूनिवर्सिटी प्रशासन इसे लागू करने पर अड़ा है।



**विरोध**

▶▶ छात्र बोले, पांच गुना फीस बढ़ाकर गरीब किसान मजदूर के बच्चो को शिक्षा से वंचित रखने का षडयंत्र

# युवक की दिन-दिहाड़े गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** जींद बाईपास पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एफएसएल की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर इस बारे में पता किया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह जींद बाईपास पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने एक युवक को छाती में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। लहुलुहान हालत में युवक वहीं जमीन पर गिर गया। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने ईलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की जेब से मिले कागजातों के आधार पर मृतक की पहचान गांव मोखरा निवासी अनिल के रूप में हुई।

# बिजली विभाग के 12 करोड़ के घोटाले में तीन गिरफ्तार

**खुलासा**

▶▶ शहर थाना प्रभारी ने बताया कि घोटाले के तार यमुनानगर अभियंता कार्यालय से जुड़े मिले थे

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर: उत्तरी हरियाणा बिजली** वितरण निगम में 12 करोड़ के घोटाले मामले में एसआइटी ने बिजली विभाग के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। तीनों कर्मचारियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। जिला पुलिस उपअधीक्षक अभिलक्ष जोशी जगाधरी ने बताया कि बिजली वितरण निगम में 12 करोड़ के घोटाले मामले में बिजली विभाग के बहादुरपुर निवासी प्रवीण और इंदिरा गार्डन निवासी अशोक को गिरफ्तार किया है। यह दोनों बिजली निगम में लेखाकार हैं। इसके अलावा एसआईटी ने जम्मू कॉलोनी निवासी और विभाग में हेड क्लर्क कम सुपरिंटेंडेंट कुंवर बहादुर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को संबंधित स्थानीय कोर्ट में पेशकर छह दिन के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। इस संबंध में एसआईटी में शामिल शहर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि घोटाले के तार यमुनानगर अभियंता कार्यालय से जुड़े मिले थे। तब अभियंता नरूला ने यह केस दर्ज करवाया था। उसने बताया कि एसबी रोडलाइन के परविंदर सिंह ने फर्जी बिल दिए गए हैं। उनके साथ जो भी दस्तावेज हैं, वह भी फर्जी हैं।



## ट्रक से 144 किलाग्राम डोडा पोस्त बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: गांव बुढाखेड़ा के निकट** नेशनल हाइवे 152डी पर शुक्रवार को एसटीएफ हिसार ने बंद बॉडी ट्रक में तस्करी कर लाए जा रहे 144 किलोग्राम डोडा पोस्त को बरामद कर चालक व क्लीनर को गिरफ्तार किया है। जुलाना थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। एसटीएफ हिसार को सूचना मिली कि बंद बॉडी ट्रक में मध्य प्रदेश से डोडा पोस्त नेशनल हाइवे 152डी से तस्करी कर जींद की तरफ जाया जा रहा है। जिसके आधार पर एसटीएफ ने गांव बुढाखेड़ा के निकट नेशनल हाइवे पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद हाइवे पर नारनौल की तरफ तरफ से बंद बॉडी ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिसकर्मियो ने ट्रक को रूकवा कर तलाशी ली तो उसमें पांच कैबिन जेसीबी के लोड किए गए थे। उनके साथ 12 कट्टे भी रखे गए। जब कट्टों की जांच की गई तो उनमें डोडा पोस्त भरा पाया गया। प्रत्येक कट्टे में 12 किलोग्राम डोडा पोस्त भरा पाया गया। जिनका वजन करने पर 144 किलोग्राम डोडा पोस्त पाया गया।

### रोहतक: सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत

टीम एक्शन इंडिया

रोहतक: लाखनमाजरा थाना के अंतर्गत गांव घिरौठी मोड के पास हुए सडक हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। पुलिस के अनुसार गांव घरौठी निवासी सूरजन ने बताया कि वह अपने भतीजे राकेश के साथ मोटरसाइकिल लेकर गांव से रोहतक किसी काम से जा रहा था, जब वह गांव से निकला तभी जींद की तरफ से एक कार चालक तेज रफ्तार से चलाते हुए आया और पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे राकेश की गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वह घायल हो गया। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने इस संबंध में सूरजन की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# पिता-पुत्र पर पंचों के सामने की मारपीट, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल: जिले के** हसापुर गांव में कहासुनी होने पर फैसला करने के लिए पंचायत में बुलाकर आरोपियों ने पंचों के सामने ही पीड़ित के परिवार को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल करने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी पंचायत में ही जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हसापुर गांव निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 27 मई को उसके बेटा ललित स्कूल में मार्कशीट लेने गया था। वहीं उसकी कक्षा में पढ? वाला पवन भी आ गया। ललित की माकेर्शीट मिल गई, परंतु पवन की नहीं मिली। इस पर पवन भड़क गया और ललित को गाली देते हुए कहा कि मास्टर से कहकर तूने उसकी मार्कशीट रुकवाई है व मारपीट की। ललित ने घर आकर सारी घटना बताई तो सुरेश अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ पवन के घर शिकायत करने गया। जहां पवन और उसकी मां ने उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।




**आरोपियों ने पंचायत में की मारपीट :**पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पवन और अरुण कुमार ने उसके बेटे सचिन और अरुण को बंदूक दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने जब ये बातें अपने पिता को बताई तो उसने उन्हें समझाया कि झगड़ा करना ठीक नहीं है। रात में सरपंच खड़क सिंह उर्फ मांगे ने उन्हें अगले दिन सुबह पंचायत के लिए बुलाया। सुबह जब पीड़ित अपने बेटे ललित, अरुण और सचिन के साथ पंचायत में पहुंचा तो वहां पहले से 20-25 लोग वहां मौजूद थे। जैसे ही वे वहां पहुंचे तो मनवीर ने उसके बेटे अरुण को पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने जब अपने बेटे को बचाने का प्रयास किया तो आरोपी मान सिंह, सुक्की, अरुण कुमार, विपिन उर्फ भोलू और पवन सहित अन्य ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। यदि मौके पर उन्हें पंच नहीं बचाते तो आरोपी उन्हें जान से खत्म कर देते। पुलिस जांच अधिकारी एएसआई संजय ने शुक्रवार को बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


# उत्तर मध्य रेलवे

G20

## उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला जिला फिरोजाबाद (उ0प्र0)
### (संविदा शिक्षकों की भर्ती)

सं0: एन0सी0आर0सी0/टू0/पी.जी.टी./टी.जी.टी./पी.आर.टी./2024 **दिनांक:** 18.05.2024

उत्तर मध्य रेलवे इण्टर कालेज, टूण्डला में अधोलिखित पदों के लिये संविदा आधार पर निम्न अध्यापक/अध्यापिकाओं के पदों पर नियुक्ति हेतु एक निश्चित मानदेय के आधार पर भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

नियुक्ति निम्न शर्तों के आधार पर होगी।

**(1) नियुक्ति की अवधि - अधिकतम 200 कार्य दिवसों** या इससे कम अवधि के लिये। (2) एक दिन में न्यूनतम पाँच कालांश अध्यापन हेतु दिये जायेगें। (3) संविदा शिक्षकों को अध्यापन एवं सहपाठ्यगामी क्रिया-कलापों के अतिरिक्त जैसे परीक्षा कार्य, मूल्यांकन, अरेंजमैंट पीरियड आदि कार्य करना होगा इसके लिये कोई भी अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा। (4) संविदा शिक्षकों को रेल विभाग की कोई भी सुविधा जैसे अवकाश/चिकित्सा/पास, पी0टी0ओ0/वाहन भत्ता आदि देय नहीं होगा। (5) संविदा शिक्षकों को बिना किसी पूर्व सूचना के हटाया जा सकता है, इनको विभाग में रेल शिक्षकों की भाँति स्थाईकरण करने का कोई भी दावा का अधिकार नहीं होगा। जो संविदा शिक्षक अपने संविदा समय के मध्य में बिना सूचना के कार्य छोड़ेगें उन्हें उस माह की शेष/पार्ट अवधि का किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा। **(6) आयु सीमा-** संविदा आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति हेतु आयु सीमा **18 से 65 वर्ष** के मध्य होनी चाहिये (As per KVS rules)।

| क्रम सं0 | पदनाम | विषय | पदों की संख्या | विवरण (कम्यूनिटी) | संयुक्त मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/1 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | रसायन विज्ञान | 01 | UR | 27500/- |
| 1/2 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | भूगोल | 01 | UR | 27500/- |
| 1/3 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | अंग्रेजी | 02 | 2-UR | 27500/- |
| 1/4 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | वाणिज्य | 01 | OBC | 27500/- |
| 1/5 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | इतिहास + नागरिकशास्त्र | 01 | SC | 27500/- |
| 1/6 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | गणित | 01 | OBC | 27500/- |
| 1/7 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | जीव विज्ञान | 01 | UR | 27500/- |
| 1/8 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | हिन्दी | 02 | 01-OBC,01-EWS | 27500/- |
| 1/9 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | अर्थशास्त्र | 01 | UR | 27500/- |
| | | योग - | 11 (UR-6, OBC-3, SC-1, ST-NIL, EWS-1, PWD-NIL) | | |

| क्रम सं0 | पदनाम | विषय | पदों की संख्या | विवरण (कम्यूनिटी) | संयुक्त मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|
| 2/1 | सहा0 अध्यापक (टी.जी.टी.) | पी.टी.आई. (पुरुष) | 01 | UR | 26250/- |
| 2/2 | सहा अध्यापक (टी.जी.टी.) | संगीत (गायन) | 01 | OBC | 26250/- |
| 2/3 | सहा अध्यापक (टी.जी.टी.) | अंग्रेजी | 01 | EWS | 26250/- |
| 2/4 | सहा0 अध्यापक (टी.जी.टी.) | गणित + विज्ञान | 03 | 01-EWS, 01-OBC, 01-PWD | 26250/- |
| 2/5 | सहा अध्यापक (टी.जी.टी.) | सामाजिक विज्ञान | 01 | ST | 26250/- |
| 2/6 | सहा अध्यापक (टी.जी.टी.) | अंग्रेजी + भूगोल | 01 | OBC | 26250/- |
| | | योग - | 08 (UR-1, OBC-3, SC-NIL, ST-1, EWS-2, PWD 1) | | |
| 3/1 | प्राइमरी टीचर (पी.आर.टी.) | -------- | 06 | UR-02, | 21250/- |
| | | SC-NIL, OBC-01, ST-01, EWS -01, PWD-01 | | | |

**कुल योग - (पी.जी.टी. + टी.जी.टी. + पी.आर.टी.) 25**

**(7) पीजीटी पद (क्र.सं. 1/1 से 1/9) हेतु शैक्षणिक योग्यता :-**

**(A)** दो वर्षीय रीजनल कालेज आफ एजूकेशन, एन.सी.ई.आर.टी. से समग्र रूप से कम से कम 50% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में परास्नातक डिग्री। **अथवा**

निम्नलिखित विषयों में समग्र रूप से कम से कम 50% अंको सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री।

| क्र.सं. | पद (विषय) | स्नात्तकोत्तर स्तर पर विषय |
|---|---|---|
| 1/1 | पीजीटी (रसायन विज्ञान) | रसायन विज्ञान |
| 112 | पीजीटी (भूगोल) | भूगोल |
| 1/3 | पीजीटी (अंग्रेजी) | अंग्रेजी |
| 1/4 | पीजीटी (वाणिज्य) | वाणिज्य विषय के साथ एकाउन्टेन्सी / कॉस्ट एकाउन्टेन्सी / फाइनेन्सियल एकाउन्टेन्सी। तथापि एप्लाईड / बिजनेस इकनॉमिक्स में एम.कॉम. डिग्री धारक पात्र नहीं होंगें। |
| 1/5 | पीजीटी (इतिहास+नागरिकशास्त्र) | इतिहास और नागरिकशास्त्र (दोनों विषयों में) |
| 1/6 | पीजीटी (गणित) | गणित / व्यावहारिक गणित |
| 1/7 | पीजीटी (जीव विज्ञान) | बोटनी/जुलॉजी/ लाइफसाईन्स / बायोसाईन्स / जैनेटिक्स / माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटेक्नोलोजी / मोलीकुलरबायो / प्लान्ट फिजियोलॉजी, बशर्ते उन्होंने बोटनी और जुलोजी स्नातक स्तर पर पढ़ी हो। |
| 1/8 | पीजीटी (हिन्दी) | हिन्दी या संस्कृत के साथ स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हो। |
| 1/9 | पीजीटी (अर्थशास्त्र) | अर्थशास्त्र / एप्लाईड अर्थशास्त्र / वाणिज्य अर्थशास्त्र |

**(B)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. या समकक्ष। **(C)** हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन की क्षमता। वांछनीय : कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान।

**(8) टीजीटी पद (क्र.सं. 2/1 से 2/6) हेतु शैक्षणिक योग्यता :-**

**(A)** एन.सी.ई.आर.टी के रीजनल कालेज आफ एजूकेशन के समकक्ष चार वर्षीय ग्रेजुएट कोर्स समग्र रूप में कम से कम 50% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में उत्तीर्ण किया हो। **अथवा**

संबंधित विषय/विषय के कम्बीनेशन में समग्र रूप से कम से कम 50% अंको सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री।

| क्र.सं. | पद (विषय) | स्नातक स्तर पर विषय |
|---|---|---|
| 2/1 | टीजीटी (पी.टी.आई./पुरुष) | शारीरिक शिक्षा में स्नातक/ बी.पी.एड. अथवा इसके समकक्ष। |
| 2/2 | टीजीटी (संगीत / गायन) | संगीत गायन विषय में स्नातक डिग्री अथवा इसके समकक्ष अथवा निम्न में एक के साथ उच्चतर माध्यमिक स्तर पर - (क) गन्धर्व महाविद्यालय मण्डल, मुम्बई की संगीत गायन में संगीत विशारद परीक्षा। (ख) इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (म0प्र0) की संगीत गायन में संगीत वायल परीक्षा। (ग) प्रयाग संगीत समिति (एकेडमी आफ म्यूजिक) इलाहाबाद की संगीत गायन में प्रभाकर परीक्षा। (घ) बुल्देलखण्ड संगीत विद्यापीठ, लखनऊ संगीत विशारद। (ङ) माधव संगीत महाविद्यालय, लश्कर ग्वालियर से अन्तिम परीक्षा। |
| 2/3 | टीजीटी (अंग्रेजी) | सभी तीन वर्षों में अंग्रेजी साहित्य एक विषय के रूप में। |
| 2/4 | टीजीटी (गणित + विज्ञान) | गणित, एवं निम्न में से कोई दो विषय - भौतिक विज्ञान / रसायन विज्ञान / इलेक्ट्रॉनिक्स / स्टेटिस्टिक्स / कम्प्यूटर साइन्स |
| 2/5 | टीजीटी (सामाजिक विज्ञान) | निम्नलिखित में से कोई दो विषय - इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इनमें से किसी एक विषय इतिहास या भूगोल का होना अनिवार्य है। |
| 2/6 | टीजीटी (अंग्रेजी + भूगोल) | अंग्रेजी साहित्य और भूगोल (दोनों विषयों में) |

**(B)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. या समकक्ष (टीजीटी-पी.टी.आई. / पुरुष एवं टीजीटी- संगीत / गायन पद हेतु लागू नहीं)। **(C)** टीजीटी (पी.टी.आई. / पुरुष) एवं टीजीटी (संगीत / गायन) पद को छोड़कर समस्त टीजीटी पदों के लिए सी.टी.ई.टी. (Elem. stage) / टी.ई.टी. (Upper Prim. level) अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए। **(D)** हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन की क्षमता।

वांछनीय :- कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान।

**(9) पीआरटी पद (क्र.सं. 3/1 ) हेतु शैक्षणिक योग्यता :- (A)** मान्यता प्राप्त बोर्ड से समग्र रूप से कम से कम 50% अंको के साथ द्वितीय श्रेणी में इण्टरमीडिएट या समकक्ष। **(B)** बेसिक टीचर्स ट्रेनिंग में दो वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट या इसके समकक्ष शिक्षा / अध्यापन में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। **(C)** सी.टी.ई.टी. (Primary stage) / टी.ई.टी. (Primary level) अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए। **(D)** हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन की क्षमता।

वांछनीय :- कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान।

(10) आरक्षित कोटियों (जैसे- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछड़ा वर्ग / शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों) को शैक्षणिक अर्हता अंको में 5 प्रतिशत अंको की छूट दी जायेगी। अर्थात आरक्षित श्रेणी के समस्त अभ्यर्थियों हेतु कम से कम शैक्षणिक योग्यता **45 प्रतिशत** होगी।

**(11) अंतिम तिथि - 22.07.2024 :-** सभी आवेदन पत्र समाचार पत्र / रोजगार समाचार में प्रकाशित प्रोफार्मा में ही पूर्ण शैक्षिक विवरण तथा जाति प्रमाण पत्र एवं अनुभव आदि के प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के साथ रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से ही **'प्रधानाचार्य, उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला, जनपद फिरोजाबाद (यू0पी0), पिन -283204' को दिनांक 22.07.2024** को अपराह्न 3:00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिये। एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अलग-अलग लिफाफों में आवेदन पत्र प्रेषित करें।

(12) साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची **दिनांक 03.08.2024** को विद्यालय के सूचना पट पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।

**(13) साक्षात्कार प्रधानाचार्य कक्ष, एनसीआर कालेज, टूण्डला में निम्न क्रम में सम्पन्न होंगे।**

**(क) पी.जी.टी.** हेतु साक्षात्कार **दिनांक 05.08.2024** को प्रातः 8:30 बजे से,

**(ख) टी.जी.टी.** हेतु साक्षात्कार **दिनांक 06.08.2024** को प्रातः 8:30 बजे से,

**(ग) पी.आर.टी.** हेतु साक्षात्कार **दिनांक 07.08.2024** को प्रातः 8:30 बजे से (**UR & PWD** वर्ग के लिये)

(घ) पी.आर.टी हेतु साक्षात्कार **दिनांक 08.08.2024** को प्रातः 8:30 बजे से (**OBC, ST & EWS** वर्ग के लिये)

(14) अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर उन्हें साक्षात्कार से पूर्व लिखित परीक्षा द्वारा शॉर्टलिस्ट किया जा सकता है।

(15) अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर साक्षात्कार उक्त तिथियों के अगले दिन भी हो सकता है। अतः अभ्यर्थियों को अपने ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

(16) अभ्यर्थी रोजगार समाचार पत्र एवं अन्य समाचार पत्रों में दर्शायी गई शैक्षणिक योग्यता व कम्यूनिटी को सुनिश्चित करने के उपरान्त ही आवेदन करें एवं रजिस्टर्ड लिफाफे पर क्रम सं0, पदनाम, विषय एवं कम्यूनिटी अवश्य अंकित करें।

**नोट: (क)** अभ्यर्थियों को साक्षात्कार आदि के लिए किसी भी तरह का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। **(ख)** निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन पत्र न आने पर / अपूर्ण आवेदन पत्र / विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र / साधारण डाक वाले आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे तथा इस संबंध में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा।

**प्रधानाचार्य**
**उत्तर मध्य रेलवे, टूण्डला**

### उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला (उ0प्र0)
**संविदा आधार पर शिक्षकों की भर्ती हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप 2024**
**प्रत्येक पद के लिये अलग-अलग आवेदन भेजें**
**(क्रम संख्या, पद एवं कम्यूनिटी का उल्लेख लिफाफे के ऊपर बायीं ओर अवश्य करें)**

**क्रम संख्या** [ / ] **पदनाम (पी.जी.टी./टी.जी.टी./पी.आर.टी.)** [ ] **विषयः** .......

**कम्यूनिटी** (कोई एक चयन करें) UR | EWS | OBC | SC | ST | PWD

(आरक्षित श्रेणी हेतु स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

अपना नवीनतम स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो यहाँ चिपकाएँ

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) ..............................
(in English/Capital letters) ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. मोबाइल नं0. .................. 4. वाट्सएप नं. ..................
5. ई-मेल आई.डी. (बड़े अक्षरों में) ..............................
6. जन्म तिथि D D M M Y Y Y Y (शब्दों में) ..............................
7. आयु (01 अप्रैल 2024 को) ......... (वर्ष) ......... (माह) .........(दिन)
8. पत्राचार का पूरा पता ..............................
9. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता :
(समर्थित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें)

| क्रम संख्या | परीक्षा का नाम | बोर्ड/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल (10th) | | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट (12th) | | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | | |
| 4 | परास्नातक | | | | | | | |
| 5 | बी0एड0 | | | | | | | |
| 6 | डीएलएड/बीएलएड/बी.टी.सी. | | | | | | | |
| 7 | सी.टी.ई.टी./टी.ई.टी. (प्राथमिक स्तर) | | | | | | | |
| 8 | सी.टी.ई.टी./टी.ई.टी. (उच्च प्राथमिक स्तर) | | | | | | | |
| 9 | अन्य | | | | | | | |

10. अध्यापन का अनुभव (यदि कोई हो) : (अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें)

| संस्था का नाम | क्या मान्यता प्राप्त है? (यदि हाँ तो किसके द्वारा) | पद का नाम | सेवा की अवधि कब से | सेवा की अवधि कब तक | कक्षा और पढ़ाये गये विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

11. वर्तमान सेवा/जारी पाठ्यक्रम (यदि कोई हो)
12. क्या आपने इस विज्ञप्ति के लिये अन्य कोई आवेदन किया है? (यदि हाँ, तो उसका विवरण दें) ....
13. स्वप्रमाणित संलग्नकों की संख्या ..............

**घोषणा: मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा जो भी विवरण दिया गया है वह मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है।**

स्थान .................. आवेदक के हस्ताक्षर ..................
दिनांक .................. आवेदक का नाम ..................

अधिसूचना उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 919/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## न्यूज फ्लैश

### चंडीगढ़ के छात्रों ने सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो रोडशो में लिया हिस्सा

**करनाल:** सैमसंग इंडिया ने मोहाली में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में एक रोडशो का आयोजन किया है। इसमें इंस्टिट्यूट के इनक्यूबेटर लैब के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने ज्वलंत वैश्विक समस्याओं का समाधान करने के लिए सॉल्व फॉर टुमॉरो में भाग लेने के अपने इरादे का प्रदर्शन किया। सैमसंग का सॉल्व फॉर टुमॉरो एक राष्ट्रीय शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता है, जिसका लक्ष्य देश की अगली पीढ़ी के बीच अभिनव सोच और समस्या-समाधान की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र आगे आए और खराब वायु गुणवत्ता और स्वच्छ ऊर्जा ईंधन की कमी जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन लोगों ने कहा कि उन्हें सैमसंग के सॉल्व फॉर टुमॉरो जैसे एक प्लेटफॉर्म की जरूरत है, जो उन्हें अपने विचारों को कारवाई में बदलने और लोगों का जीवन बदलने में उन्हें मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करे। सैमसंग ने हाल ही में 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' के तीसरे सत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (टीइ ) के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली और भारत में संयुक्त राष्ट्र के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस वर्ष, 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' कार्यक्रम में दो अलग-अलग ट्रैक- स्कूल ट्रैक और यूथ ट्रैक को पेश किया गया है, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट थीम को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है और इसे विभिन्न आयु समूहों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। दोनों ट्रैक एक साथ चलेंगे, जिससे सभी छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होगा।

### जरूर में अपरशक्ति खुराना और सावी कहलों की भावनाएं उमड़ीं

**नई दिल्ली।** बहुआयामी प्रतिभाशाली अपरशक्ति खुराना और उभरती हुई कलाकार, सावी कहलों अपने नए प्रेमगीत, जरूर के लिए एक दूसरे के साथ आए हैं। दिल के तार छेड़ने के लिए भावनाओं से ओतप्रोत गीत, जरूर में बिछड़ने के बाद एक नई शुरूआत करने के नाजुक सफर का विश्लेषण किया गया है। जरूर एक भावनाशील गीत है, जिसे सावी कहलों ने लिखा व कंपोज किया है। इसमें अपरशक्ति खुराना की मधुर आवाज ने यादों के कड़वे-मीठे अनुभवों को जगा दिया है, और एक बार फिर से खुद की तलाश करने का साहस प्रदान किया है। अपनी मौलिक और भावनाशील कहानी से




श्रोताओं के दिल में उतरते हुए इस ट्रैक में मानवीय भावनाओं की जटिलता को बहुत ही उत्कृष्टता एवं प्रामाणिकता के साथ खंगाला गया है। इस सहयोग के बारे में गायक-अभिनेता, अपरशक्ति खुराना ने कहा, जरूर के लिए काम करने का अनुभव बिल्कुल अलग और संतोष प्रदान करने वाला था। सावी पाजी के गीत और कंपोजिशन ने मेरे हृदय को छू लिया और एक कलाकार के रूप में मुझे नए आयामों को खोजने में समर्थ बनाया। यह कंपोजिशन सुनते ही यह मेरे हृदय में उतर गया था। मुझे विश्वास है कि जरूर का हर नोट आपको हमारे द्वारा बनाई गई इस भावुक रचना को महसूस करने का अवसर देगा।

### ऐरिया मॉल गुड़गांव बच्चों के लिए डायनो-लैंड 2.0 की मेजबानी करेगा

**गुरुग्राम।** ऐरिया मॉल ने डायनो-लैंड के अपने दूसरे संस्करण की घोषणा की है, जो पारंपरिक थीम पार्क अनुभव को फिर से परिभाषित किया है और ऐतिहासिक युग में एक असाधारण यात्रा की पेशकश करता है। 26 मई से शुरू होने वाले इस एडवेंचर पार्क में बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ शैक्षिक तत्वों का मेल जोल होगा। अपने पहले संस्करण की सफलता के आधार पर, डायनो-लैंड 2.0 और भी अधिक समृद्ध अनुभव का वादा करता है। विशाल परिदृश्य में फैले इस पार्क में आदमकद एनिमेट्रोनिक डायनासोर, इंटरैक्टिव प्रदर्शनियाँ और सभी उम्र के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ हैं। पार्क में, बच्चे डायनो से मीट और ग्रीट खेल और विभिन्न क्राफ्ट से रोमांचित होंगे। उनके लिए जीवाश्म खुदाई, बेकिंग सोडा ज्वालामुखी और बहुत कुछ के साथ व्यावहारिक सीखने में लीनन होना और पिछली दुनिया को जीवंत बनाना एक खुशी की बात होगी।

# पुलिस जवानों को जिला पुलिस ने याद कर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**31 मई 1992 में पंजाब में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान हो गए थे शहीद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** के वीर एवं बहादुर पुलिस कर्मचारी, जिन्होंने समाज एंव देश व प्रदेश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन वीर जवानों की याद में आज पुलिस लाइन के शहीदी स्मारक पर एकत्रित होकर कुछ पल का मौन धारण कर इन वीर जवानों को याद किया गया और नमन करते हुए शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी वीरता व उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया।



आज के दिन वर्ष 1992 में करनाल पुलिस के चार बहादुर जवानों ने पंजाब में उग्रवादियों से मुठभेड़ करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वह करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था और शहीद हो गए थे। करनाल पुलिस के शहीद निरीक्षक बलजीत सिंह वासी छछरौली जिला यमुनानगर 31 मई 1992 को बतौर इंचार्ज सीआईए करनाल में तैनात थे। जो 31 मई 1992 को अपने साथी पुलिस कर्मचारियों निरीक्षक विजेन्द्र सिंह वासी आसन जिला रोहतक, एएसआई रघुनंदन वासी मौहल्ला नालापार नारनौल व सिपाही नारायण सिंह वासी मुकीमपुर जिला सोनीपत के साथ उग्रवादियों की सूचना पर गांव मतौली जिला पटियाला पंजाब के एक मकान पर रेड करने गए थे। उसी समय उग्रवादी जरनैल सिंह व उसके साथियों के साथ मुठभेड़ होने के कारण उनसे मुकाबला करते हुए चारों पुलिस जवान शहीद हो गए थे। इनके अलावा वर्ष 2010 में जिला पुलिस के शहीद ईएचसी जगतार सिंह दोषी गुरप्रीत को गिदडवाड अदालत मे पेश करने ले जाते समय दोषी को छुडवाने के लिए अचानक असामाजिक तत्वों के साथ रेल में हुई मुठभेड़ में गोली लगने से शहीद हो गए थे और वर्ष 2018 में एसआई नरेन्द्र सिंह बाल किशोरी ममता वासी रोहतक को नारी निकेतन करनाल से लेकर किशोर न्याय बोर्ड रोहतक मे पेश करने उपरांत बाहर निकलते समय दोमोटरसाईकिल सवारों ने बाल किशोरी ममता को गोली मारी, जो बाल किशोरी ममता को बचाने के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर बहादुरी व साहस का परिचय देते हुए अपराधियों का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हो गए थे।

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि हमें शहीद हुए अपने वीर जवानों पर गर्व है।

## निर्बाद्ध बिजली सप्लाई को लेकर चर्चा की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय में गर्मी के मौसम में बिजली विभाग द्वारा निर्बाद्ध बिजली सप्लाई को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में विचार-विमर्श किया और वर्तमान स्थिति पर चर्चा भी की। डीसी ने आमजन से अपील की है कि वे बढ़ते तापमान में बिजली के उत्पादों को सामुहिक रूप से इस्तेमाल करें ताकि बिजली की खपत कम हो और इसका सही उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में बिजली की खपत 40 प्रतिशत अधिक बढ़ गई है। इसलिए निर्बाद्ध आपूर्ति में कोई समस्या ना हो इसके निवारण के लिए सभी नागरिक सकारात्मक रूप से सामुहिक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि आमजन को चाहिए कि वे घरों में अलग-अलग कमरों में अलग-अलग बिजली उत्पादों को एक साथ न चलाएं, खासकर एक एससी चलाकर ही उसमें सामुहिक रूप से बैठें ताकि बिजली की खपत कम हो।

## ट्रेस किये 38 मोबाइलों की कीमत 6 लाख रुपए के करीब

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**उप पुलिस अधीक्षक सतीश** कुमार गौतम व उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने सौंपें मोबाइल, गुम हुए मोबाइल फोन पाकर वारसन के चेहरे पर छाई खुशी, पानीपत पुलिस का किया आभार व्यक्त उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्य करते हुये साइबर सेल प्रभारी एएसआई प्रवीन व उनकी टीम ने लाखों रुपएं कीमत के गुम हुए 38 मोबाइल फोन को ट्रेस करते हुये बरामद किया है। इनके वारसन को आज कार्यालय में बुलाकर उन्हें मोबाइल फोन सौंप दिए है। मोबाइल फोन पाने वाले सभी लोगों ने गुम हुए फोन की शिकायत हर समय पोर्टल व साइबर सेल में की हुई थी और उन्हें पूरी उम्मीद थी कि पुलिस की साइबर सेल की टीम उनके फोन को जरूर खोज निकालेगी। बरामद मोबाइल अलग-अलग कंपनी के थे, इसमें 10 हजार से लेकर 35 हजार रुपए कीमत तक के मोबाईल फोन शामिल है। सभी मोबाइल कि कीमत अगर जोड़ी जाए तो 6 लाख रुपए के लगभग बनती है। खोये हुये मोबाइल पाकर मालिकों के चेहेरे पर खुशी छलक पड़ी तथा उन्होनें पुलिस द्वारा उनके खोये हुये मोबाईल बरामद कर सौंपने पर पानीपत पुलिस का आभार व्यक्त किया। इससे पहले भी पानीपत साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा काफी लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन ट्रेस कर वारसानों को सौंपे जा चुके है।

## बीज उत्पादन विषय पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत के प्रांगण में राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड एवं कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में बीज उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बीज उत्पादन की आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती से अवगत कराना तथा विभिन्न फसलों जैसे गेहूं, धान, चना, सरसों, मूंग, उड़द, मक्का, ज्वार, बाजरा व सब्जियों इत्यादि के उत्तम बीजों के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर सतपाल सिंह ने बताया कि कैसे किसान भाई विभिन्न फसलों की उत्पादन की आधुनिक तकनीक एवं किस्मों का प्रयोग करके अधिक उत्पादन एवं अतिरिक्त आय ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरसों की किस्म आर. एच. 0725, आर. एच. 0749; मूंग की किस्में एम. एच. 421, एम. एच. 1314; धान की कम अवधि की किस्में जैसे पी बी 1509 ब पी आर 126 सीधी बिजाई के लिए; गेहूं की किस्में डीबीडब्लू 222 व डब्लू एच 1270 इत्यादि उत्पादन व गुणवत्ता के हिसाब से बहुत ही बढ़िया किस्में है। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को बीज उत्पादन से जुड़ी विभिन्न सस्य क्रियाओं व प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बीज लिमिटेड के वरिष्ठ उत्पादन अधिकारी डॉ राजेश गोठवाल ने भी अपने विचार सांझा किए, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड उच्च गुणवत्ता युक्त प्रमाणित एवं हाइब्रिड बीज वाजित दमों पर किसानों को उपलब्ध कराती है। यह विभिन्न फसलों के बीज जैसे गेहूं, चना, सरसों, धान, उड़द, मूंग, अरहर; हरा चारा बीज (मक्का, अफ्रीकन टाल, ररऋ); ओट (जई); बरसीम; सब्जी बीज झ टमाटर, भिंडी, प्याज, करेला, मटर, गोभी इत्यादि को नवीनतम तकनीक से विकसित करती है जो कि किसानों को अधिक पैदावार व अधिक मुनाफा देती है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर मोहित सहल जी ने भी किसानों को उनकी खेती में बीज खरीद से लेकर बीज बिक्री तक के आर्थिक विश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया की अगर किसान अपने खेत के उत्पादन को सरकारी संस्थाओ की बीज उत्पादन प्रक्रिया से जोड़ते है तो वे मंडी बिक्री से भी अधिक लाभ कमा सकते है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर अनिल कुमार, सीमा और मोहन सिंह ने भी अपने विचार समझा किए।




## महाराज ने महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का किया वर्णन

**टीम एक्शन इंडिया समालखा (कुलदीप सिंह)**

**समालखा गुड मडी** स्थित वैश्य कन्या स्कूल हाल मे आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य सुनील कृष्ण महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।





## थिनर फैक्ट्री में लगी भयानक आग



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के औद्योगिक क्षेत्र** की एक फैक्ट्री में अज्ञात कारणों के चलते भयंकर आग लग गई।आपको बतादे कि पिछले दोनों जिला सोनीपत के क्षेत्र में भी कई आग लगने की घटनाएं सामने आई है। आग लगने की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही हैं। ये आगजनी की घटनाएं हीट वेव के चलते हो रही है। आज शुक्रवार को खरखौदा क्षेत्र के गाँव फिरोजपुर बागर के इंडस्ट्रीज एरिया में मौजूद एक थिनर फैक्ट्री में अज्ञात कारणों के चलते भयानक आग लग गई। मौजूद लोगों ने बताया कि इस फैक्ट्री में केमिकल से भरे थिनर के ड्रम फट रहे थे। आग लगने की सूचना समय करीब साढ़े 11 बजे मिली। शुक्रवार को खरखौदा के इंडस्ट्रीज एरिया के फिरोजपुर बांगर की थिनर बनाने वाली फैक्टरी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई हैं। एक दर्जन के करीब दमकल केंद्र की गाड़ियों ने करीब 4 घंटे के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भयंकर थी कि इस दौरान दमकल केंद्र की गाड़िया खरखौदा, सोनीपत, राई, गन्नौर, बहादुगढ़, रोहतक से पहुँच चुकी हैं, और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस कंपनी से सभी मजदूर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया हैं। मौके पर एसीपी खरखौदा जीत सिंह बेनीवाल, नायब तहसीलदार मुकुल कुमार, खरखौदा थाना प्रभारी अंकित कुमार, सैदपुर चौकी इंचार्ज जगजीत सिंह मौके पर मौजूद रहे।

## 31 वर्ष की सेवाओं के पश्चात उपायुक्त कार्यालय के सहायक रामचंद्र सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कोई भी क्षेत्र हो सेवा** देने के लिए परमात्मा अवसर प्रदान करता है हमें उस अवसर का मानव सेवा के लिए उपायोग करना चाहिये। ऐसे ही पंक्ति रामचंद्र पर स्टीक बैठती हैं। रामचंद्र जो उपायुक्त कार्यालय में बतौर सहायक करीब 31 वर्ष की सेवाओं के पश्चात शुक्रवार को सेवानिवृत हुए। उनको विदाई देने के लिए जिला सचिवालय के सभागार में विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया व उन्हें खुशी पूर्वक विदाई दी। रामचंद्र चरखी दादरी के गांव पोंद खुर्द के मूल निवासी रहे हैं व उन्हें लंबे समय तक जिले में सेवा प्रदान कर हर व्यक्ति का मन मौहया।



## बरसाती नालों की सफाई का काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** ने मानसून से पहले शहर के सभी छोटे-बड़े बरसाती नालों की सफाई का लक्ष्य लेकर काम शुरू कर दिया है। बीते माह अप्रैल में इस कार्य का एक्शन प्लान तैयार कर दिया गया था, जिसके बाद मई मास के प्रारम्भ में शहर में मौजूद विभिन्न नालों की सफाई के कार्य शुरू करवाए गए। अलग-अलग लोकेशन के नालों पर अनुमानित 1 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 24 बड़े नालों का सफाई कार्य प्रगति पर- निगमायुक्त ने बताया कि शहर में अलग-अलग लोकेशन पर भिन्न-भिन्न आकार के 24 नाले हैं। इनकी सफाई का कार्य करीब 70 प्रतिशत मुकम्मल हो गया है, शेष प्रगति पर है। इनमें टैक्सी स्टैण्ड से मुगल कैनाल, सिविल अस्पताल चौक से पुरानी सब्जी मंडी चौक, दो किसान चौक से मुगल कैनाल वाया पोस्ट ऑफिस, बस स्टैण्ड से महर्षि वाल्मिकी चौक, बस स्टैण्ड से अम्बेडकर चौक (केवल मेनहोल), अम्बेडकर चौक से एन.डी.आर.आई. चौक (केवल मेनहोल), रेस्ट हाऊस से तलवार चौक, तलवार चौक से हांसी चौक, हांसी चौक से बगवाडिया गैस एजेंसी, बगवाडिया गैस एजेंसी से खेडा चौक, रमेश नगर से राम नगर नाला वाया रविदास मौहल्ला, खेड़ा से कुम्हारो मौहल्ला, बगवाडिया गैस एजेंसी से गिरड़ी वाला पीर चौक, जोगी दास कोठी से बांसो गेट स्कूल, मीरा घाटी से खेड़ा चौक, महाराणा प्रताप चौक से मुगल कैनाल, बसंत विहार से कैलाश शॉप (केवल मेनहोल), बसंत विहार से कैलाश शॉप तक नाला, अशोका नर्सरी से सेक्टर-9 चौक, मॉडल टाऊन से सेक्टर-12 नजदीक वाल्मिकी बस्ती, लिबर्टी हाऊस से मेहता स्टूडियो, अस्पताल चौक से महात्मा गांधी चौक, दयाल सिंह कॉलेज से मुगल कैनाल तथा एन.डी.आर.आई. चौक से मुगल कैनाल नाला शामिल है।



## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे विद्यार्थियो द्वारा बनाए गए मेजर प्रोजेक्ट्स को दशार्ने हेतु एक प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । संस्थान के सभी आठ विभागो मे बने प्रोजेक्ट्स मे से सबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा चयनित तीन या चार प्रोजेक्ट्स इस प्रदर्शनी मे दर्शाए गए थे । इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि इंजिनियर सृष्टि गुप्ता आईपीएस व विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री आर.के.रहेजा सीईओ मैक्सवेल और इंजिनियर सुखबीर सिहं कार्यकारी अभियंता युएचबीवीएन ने शिरकत की । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा जी ने की । इस दौरान आईपीएस सृष्टि गुप्ता व आर.के रहेजा ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए सभी प्रोजेक्ट्स का सूक्ष्म निरीक्षण किया और इनके निमार्ता विद्यार्थियो की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासो की सराहना की ।उन्होने कहा कि ऐसे प्रदर्शनी लगाने से विद्यार्थियो की छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है व उनमे आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होती है । उन्होने उद्धमिता विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के मेहनती विद्यार्थी भविष्य मे सफल उद्धमी बनने मे पूर्ण सक्षम है । प्रदर्शनी मे मुख्य रूप से सौलर पावर वायरलैस चार्जिंग सिस्टम फौर इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स, इलैक्ट्रिकल व्हीकल, मिनी पेस्टीसाइड सप्रेयर, हाईड्रालिक ब्रिज, फोन कंट्रोल ग्रास कटिंग मशीन , फोर्क लिफ्टर, आरएमसी कंक्रीट प्लांट इत्यादि प्रमुख थे । प्रोजेक्ट प्रदर्शनी मे विद्यार्थियो का उत्साह देखते ही बन रहा था । इस अवसर पर संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा ने विद्यार्थियो का इतने अच्छे प्रोजेक्ट्स बनाने के लिए उत्साहवर्धन किया ।` इस प्रदर्शनी में संस्थान के इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन विभाग के प्राध्यापक डॉ संदीप गोयल जी ने ऊंचाई नापने के लिए एक डिजिटल यंत्र दशार्या जो किसी भी व्यक्ति की ऊंचाई एल सी डी स्क्रीन पर दिखाता है डॉ संदीप गोयल जी ने बताया यह यंत्र ध्वनि की गति पर आधारित है जो की अलट्रासोनिक तरंगों पर काम करता है इसमें इस्तेमाल सेंसर से निकली तरंगें व्यक्ति के सिर से टकरा कर संकेत माईक्रोकन्टरोलेर को भेजती हैं जो दूरी(ऊंचाई) गणना करके लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले स्क्रीन पर दशार्ता है यह यंत्र ऊंचाई को सेन्टमीटर और इंच इकाई में दिखाता है` इस अवसर पर कल्पना चावला राजकीय बहुतकनीकी संस्थान से प्रधानाचार्य श्रीमति बिंदु आनंद जी , संस्थान से विभागाध्यक्ष मुनीष गुप्ता , रविन्द्र सांई, आदिश बिंदल, जगजीत सिहं नारगं ,पुष्पेंदर प्रताप, सर्वदीप कौर ,पंकज कुमार, सुरेन्द्र मलिक,कविराज , रोशन लाल, कुलबीर लठवाल, कॉलेज स्टाफगण,व भारी संख्या मे प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित थे।



## वीआईपी नम्बर लेने के इच्छुक लोगों ने नम्बर लेकर किये सपने पूरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला सचिवालय स्थित** एसडीएम कार्यालय में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के दिशानिर्देश पर एसडीएम मनदीप सिंह की अध्यक्षता में वीआईपी नम्बरों की बोली हुई। बड़ी संख्या में वीईपी नम्बर लेने के इच्छुक लोगों ने भागीदारी की व बढ़ -चढ़ कर वीईपी नम्बरों की बोली लगाई। बोलीदाता पार्थ द्वारा एचआर 06 बीसी 7777 नम्बर की बोली 2 लाख 90 हजार पर लगाई। इसी कड़ी में बोली दाता अमरदीप ने एचआर 06 बीसी 1111 की बोली 2 लाख 31 हजार में लगाई। बोली दाता सन्नी ने एचआर 06 बीसी 9999 की बोली 2 लाख 11 हजार पर लगाई। बोली दाता राजकुमार ने एचआर 06 बीसी 1000 की बोली 1 लाख 41 हजार पर लगाई। गोपाल नारंग ने एचआर 06 बीसी 3333 की बोली 1 लाख 40 हजार में लगाई। आदित्य ने एचआर 06 बीसी 8888 की बोली 1 लाख 30 हजार में लगाई।



## संपादकीय

# चारधाम यात्रा के लिए सुगमता जरूरी

**चारधाम** की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस बार रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में कुल मिलाकर चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 15 मई तक 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, सत्तर हजार से अधिक यमुनोत्री और साठ हजार से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं। हर बार इस तरह की घटनाओं को देख कर पीड़ा यह होती है कि हम लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं लेकिन हमारी सरकार क्यों नहीं जाग रही। आजतक कई हजार श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी और जरा सोच कर देखिए कि ऐसे में जिसकी भी मौत होती है उसके परिजनों को कितनी परेशानी व दुख होता होगा। सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है? चारधाम यात्रा करना किसी भी इंसान के लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता है। हर वर्ष लाखों लोग इस यात्रा के लिए जाते हैं। बीते शुक्रवार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ह्यचारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है। यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि इसको सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। यह प्रयास हर वर्ष किए जाते हैं लेकिन सार्थक आज तक नहीं हुए। यात्रा को सुगम बनाने व इस प्रकरण पर काम करने के लिए बहुत काम किया जा सकता है लेकिन नहीं किया जाता। जिस तरह वहां श्रृद्धालुओं का तांता लगता है उसके लिए सीमित लोगों को ही यहां आने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा यहां चढ़ाई के दौरान भी जगह-जगह कैंप लगाए जाने चाहिए। वहां भीड़ बढ़ने के अफरातफरी भी हो जाती है जिससे जान का खतरा हमेशा बना रहता है। कुछ दिन पहले वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में भीड़ ज्यादा होने के कारण अफरातफरी मच गई थी ओर लोगों की जान चली गई थी। हर वर्ष कई भक्तों को बिना वजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है। दरअसल समस्या जो सामने आ रही है वह यह है कि जितने भी पुराने मंदिर व तीर्थस्थल हैं वह समय के साथ अपडेट व अपग्रेड नहीं हुए। पहले जनसंख्या कम थी तो काम चल जाता था लेकिन अब भक्तों की संख्या बहुत बढ़ी और लगातार बढ़ती जा रही है। जगह उतनी-सी है और श्रद्धालु बढ़ते चले गए। बीते वर्ष 2022 में केदारनाथ यात्रा स्थानीय व्यवसायियों के लिए काफी बेहतर रही थी सिर्फ यात्रा के टिकट, घोड़ा खच्चरों और हेली और डंडी कंडी के यात्रा भाड़े की बात करें तो लगभग 200 करोड़ के आस-पास का कारोबार किया था।

# भोपाल रियासत भी भारतीय गणतंत्र का अंग बनी



रमेश शर्मा

> "1857 की क्रांति के पूर्व का संघर्ष सशस्त्र था किंतु सीमित। लेकिन 1857 की क्रान्ति में हुई जन भागीदारी से देश में सामाजिक जागृति का वातावरण बना और पूरे देश में राष्ट्रीय चेतना का संचार हुआ। जन आँदोलनों का जो सिलसिला चला वह स्वाधीनता के साथ ही रुका। भोपाल रियासत में आरंभ हुये इन आँदोलनों में आर्यसमाज और उसके संतों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1890 में मित्र सभा का गठन हुआ। 1905 तक इसका विस्तार भोपाल नगर सहित पूरी रियासत क्षेत्र में हुआ। और 1915 में मित्रसभा ने ही आर्यसमाज का आकार ग्रहण किया। भोपाल क्षेत्र में हुये आरंभिक जन आदोलनों में परदे के पीछे रहकर आर्यसमाज के लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1921 में गाँधीजी के आह्वान पर असहयोग आँदोलन आरंभ हुआ"

**भारत को** स्वाधीनता 15 अगस्त 1947 को मिल गई थी लेकिन भोपाल रियासत में अंग्रेजों और पाकिस्तान के समर्थक माने जाने वाले नवाब हमीदुल्ला खाँ का शासन बना रहा। इसके लिये भोपाल वासियों ने पुनः संघर्ष किया। इसे विलीनीकरण आँदोलन नाम मिला और अंततः स्वतंत्रता के लगभग पौने दो वर्ष बाद 1जून 1949 को भोपाल रियासत भी भारतीय गणतंत्र का अंग बन गई। भोपाल में स्वाधीनता संघर्ष की कहानी बहुत लंबी है। भोपाल में नवाबी शासन की स्थापना धोखे और रक्तपात से हुई थी। मुक्ति संघर्ष की दास्तान भी नवाबी शासन शुरू हुई और भारतीय गणतंत्र में विलय के साथ समाप्त हुई। आरंभ में यह संघर्ष सशस्त्र रहा लेकिन 1857 की क्राँति की असफलता के बाद अहिंसक जन जागरण के माध्यम से निरन्तर हुआ। इस संघर्ष को दबाने के लिये भी नवाबी शासन ने सख्ती दिखाई। सीहोर, बरेली और उदयपुरा में गोलियाँ चलीं, आँदोलनकारी बलिदान हुये। जेल की प्रताड़नाओं से भी आँदोलन कारियों के प्राण गये। आरंभिक संघर्ष नागरिक सम्मान और असामाजिक तत्वों से मुक्ति के लिये था जो बाद में नवाबी से मुक्ति का विलीनीकरण आँदोलन बना। एक जून 1949 को भारतीय गणतंत्र का अंग बनने के बाद भोपाल रियासत क्षेत्र को एक पृथक और स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिया गया। पृथक विधानसभा और राज्य सरकार बनी। यह स्थिति 1 नवम्बर 1957 तक रही। फिर मध्य प्राँत के कुछ भाग, विन्ध्य प्रदेश, महाकौशल, बुन्देलखण्ड का कुछ भाग और मध्यभारत आदि के साथ भोपाल राज्य मिला कर मध्यप्रदेश अस्तित्व में आया और भोपाल इसकी राजधानी बना।

इतिहास में जहाँ तक दृष्टि जाती है भोपाल परिक्षेत्र का उल्लेख मिलता है। यह क्षेत्र वैदिक काल में भी था और रामायण काल में भी। सुप्रसिद्ध पुरातात्व वेत्ता वाकणकर जी ने भोपाल नगर और इसके आसपास लाखों वर्ष पुराने मानव बसाहट के चिन्ह खोजे हैं। फिर भी मौर्यकाल, गुप्तकाल के भी चिन्ह हैं किन्तु अधिकांश निर्माण दसवी शताब्दी के आसपास परमार काल में हुआ। दिल्ली सल्तनत के लगातार हमलों से 1325 में परमारों का पतन हुआ तब भोपाल में गौंडवांना शासन प्रारंभ हुआ। गौंडवांना का मुख्यालय गिन्नौरगढ़ था तथा भोपाल नगर उपकेन्द्र। गौंडवांना की अंतिम रानी कमलापति थीं। 1720 में रानी का बलिदान हुआ दोस्त मोहम्मद ने अधिकार करके



नवाबी कायम की। नवाबी से मुक्ति का संघर्ष सतत चला और सैकड़ों बलिदान हुये।

**मुक्ति संघर्ष : नवाबीकाल के आरंभ से 1857 तक**

भोपाल में मुक्ति का संघर्ष नवाबी काल के पहले दिन से आरंभ हुआ। यह माना गया था कि नबाब हमीदुल्ला खान ने धोखे से भोपाल पर अधिकार किया और गौंडवांना की अंतिम रानी कमलापति का बलिदान हुआ। इसलिये जनता में रोष था। 1723 में नवाबी स्थापित होने के साथ पहला संघर्ष बैरागढ़ मार्ग पर हुआ। इस संघर्ष में रक्तपात के कारण ही इस स्थान का नाम "लालघाटी" पड़ा। सभी संघर्ष कताओं को बंदी बनाकर जहाँ मौत के घाट उतारा गया। उस स्थान का नाम "हलालपुर" पड़ा। भोपाल की मुक्ति का दूसरा बड़ा संघर्ष 1824 में हुआ। यह नरसिंहगढ़ के राजकुमार कुँअर चैनसिंह ने किया और उन्होंने आधे से अधिक क्षेत्र को मुक्त करा लिया था। अंततः उनका बलिदान हुआ। सीहोर में जिस स्थान पर उनका बलिदान हुआ वहाँ उनकी स्मृति में एक "छत्री" बनी हुई है। इसके बाद बीच बीच में कुछ स्थानीय संघर्ष के विवरण मिलते हैं लेकिन बड़ा संघर्ष 1857 में हुआ । देश भर में आरंभ सशस्त्र क्रांति का प्रभाव भोपाल राज्य पर भी पड़ा। उन दिनों सीहोर में सैन्य छावनी हुआ करती थी। 1857 की क्रान्ति के लिये महू और इंदौर से संदेश आये और सैनिक महावीर कोठ, वली मोहम्मद और रमजूलाल ने सीहोर छावनी में क्रांँति का झंडा बुलन्द किया। यह 8 जुलाई 1857 का दिन था। इन्हें आदिल मोहम्मद और फाजिल मोहम्मद का सहयोग मिला और समानांतर सरकार "सिपाही बहादुर" अस्तित्व में आ गई। इस सरकार का प्रतीक चिन्ह "निशाने महावीर" और "निशाने मोहम्मद" रखा गया। निशाने मोहम्मद हरे रंग में था तो निशाने महावीर भगवा रंग में। इस निशान को हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना गया। इसकी चिंगारी दूर तक फैली । 14 जुलाई को शुजाअत खाँ ने बैरसिया में, गढ़ी अंबापानी में हटे सिंह और उनकी बेटी हंसा ने और छीपानेर में दौलत सिंह ने स्वाधीनता का ध्वज फहराया। समय के साथ अपनी क्रूरता और धोखे से सफलता पाने केलिये इतिहास प्रसिद्ध अंग्रेज कमांडर ह्यूरोज के नेतृत्व में दिसम्बर 1957 के अंतिम सप्ताह में अतिरिक्त कुमुक महू आई, वहाँ से इंदौर और देवास आष्टा होकर सीहोर पहुँचा। सभी क्राँतिकारियों का क्रूरता पूर्ण दमन किया गया। 14 जनवरी 1858 को सीहोर छावनी के 356 सैनिकों को पेड़ों से लटका कर सामूहिक फाँसी दी गई। बैरसिया, रायसेन, बेगमगंज और छीपानेर में भी क्रूरता से क्रान्ति का दमन हुआ। किसी को भी जीवित नहीं छोड़ा गया। इसका विवरण इतिहास के पन्नों में सजीव है ।

**जन जागरण और अहिंसक आँदोलन**

1857 की क्राँति के पूर्व का संघर्ष सशस्त्र था किंतु सीमित। लेकिन 1857 की क्रान्ति में हुई जन भागीदारी से देश में सामाजिक जागृति का वातावरण बना और पूरे देश में राष्ट्रीय चेतना का संचार हुआ। जन आँदोलनों का जो सिलसिला चला वह स्वाधीनता के साथ ही रुका। भोपाल रियासत में आरंभ हुये इन आँदोलनों में आर्यसमाज और उसके संतों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1890 में मित्र सभा का गठन हुआ। 1905 तक इसका विस्तार भोपाल नगर सहित पूरी रियासत क्षेत्र में हुआ। और 1915 में मित्रसभा ने ही आर्यसमाज का आकार ग्रहण किया। भोपाल क्षेत्र में हुये आरंभिक जन आदोलनों में परदे के पीछे रहकर आर्यसमाज के लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1921 में गाँधीजी के आह्वान पर असहयोग आँदोलन आरंभ हुआ। बच्चों की प्रभात फेरी के रूप में इस आँदोलन के समर्थन में पहली गतिविधि 1922 में देखी गई। कुछ नाम उभरे। परदे के पीछे लक्ष्मण भैया, ठाकुर लालसिंह और लक्ष्मीनारायण सिंहल का एवं भोपाल में बच्चों के एकत्रीकरण के लिये एक दस ग्यारह वर्षीय बालक उद्धवदास का नाम सामने आया। भोपाल के अतिरिक्त सीहोर, रायसेन बेगमगंज आदि में भी ऐसी प्रभात फेरियाँ निकली। इसके बाद अनेक सामाजिक संगठन सामने आये। कुछ समाचार पत्रों का भी प्रकाशन आरंभ हुये जिससे जन चेतना जागृत हुई। इस जन चेतना से जो आँदोलन आरंभ हुये, नवाब प्रशासन द्वारा उनका दमन भी उतना ही क्रूरता से हुआ। भोपाल की विभिन्न समस्याओं के प्रति गाँधीजी का ध्यान भी आकर्षित कराया गया। उनके हस्तक्षेप से भोपाल नवाब ने ईशनिंदा कानून रद्द कर दिया एवं कुछ नागरिक सुविधाओं में वृद्धि भी कर दी। 1931 के बाद भारत विभाजन और संभावित नये देश पाकिस्तान की चर्चा होने लगी। भोपाल नबाब हमीदुल्ला खान का सद्भाव पाकिस्तान अभियान के प्रति था। इसका कारण उनका अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से जुड़ा होना था। इस विश्वविद्यालय के अनेक पूर्व छात्र पाकिस्तान अभियान से जुड़े थे। समय अपनी रफ्तार से आगे बढ़ा। भोपाल रियासत में हिन्दु महासभा और प्रजा मंडल जैसे राजनैतिक दल अस्तित्व में आये। प्रभामंडल को काँग्रेस से संबंधित माना जाता था। अंततः भारत की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो गई। भोपाल नवाब ने दूरदर्शिता से हिन्दु महासभा और प्रजा मंडल दोनों को विश्वास में लेकर अप्रैल 1947 में एक सर्वदलीय मंत्रीमंडल बना लिया। नवाब हमीदुल्ला खान ने जन समस्याओं से संबंधित निर्णय लेने के अधिकार तो इस मंत्रिमंडल को दिये लेकिन केंद्रीय शक्ति और नीतिगत निर्णय लेने के अधिकार अपने पास रखे।

इसके साथ नवाब हमीदुल्ला खान ने अपनी रियासत को पाकिस्तान से संबंध रखने का संकेत भी दिया। इसके लिये उन्होंने कराँची क्षेत्र में भूमि क्रय की और अपनी एक बेटी आबिदा सुल्तान को पाकिस्तान भेज दिया।

## कविता

विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का।

विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का,
तेरे लिये लेनदेन है बहुत फायदे का''

वह धंधा करता है मुखौटों का'
कारोबार है बहुत फायदे का''

अपने चलाते खंजर पीठ पर यारों'
यह चलन भी है बहुत कायदे का।

सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं
पुलिंदा लेकर बड़े गलत वायदे का।।

सच गुम है झूठ के बवंडर में संजीव।
क्या फायदा है विरासत, वायदे का।

संजीव ठाकुर, कवि,रायपुर, छ,ग, 9009415415,
"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# ध्यान और अंतर्ध्यान के बीच देश

**इस देश में** कुछ भी हो या न हो लेकिन बकलोल जरूर होती है । आजकल देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर समूचा विपक्ष और हमारे जैसे दिहाड़ी लेखक विचलित हैं। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए । 74 साल का एक थका-हारा आदमी दो महीने के अथक श्रम के बाद यदि ध्यानस्थ हो गया है तो ,बवाल क्यों ? लेकिन बवाल की जड़ में खुद योगी नरेंद्र दामोदर मोदी हैं ,इसलिए जो हो रहा है वो होकर रहेगा। उसे टाला नहीं जा सकता।

ध्यान कोई ऐसी चीज है कि जिस पर बहस की जाये । ध्यान भारतीय तकनीक है ,प्रामाणिक है । इसके ऊपर किसी का एकाधिकार नहीं है । कोई भी,कहीं भी ध्यानमग्न हो सकता है। ध्यानमग्न होने के लिए एकाग्रता और संकल्प की जरूरत है। ध्यान के लिए चीनी योगा मेट भी नहीं चाहिये । कैमरे तो बिलकुल नहीं चाहिए। ये सब चीजें ध्यानमग्न होने में बाधक होतीं है। ध्यान एकांत चाहता है। इसलिए ध्यान चाहे आप विवेकानद स्मारक शिला पर जाकर करें या अपने घर की छत पर ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क तब पड़ता है जब आप इस ध्यान को आत्मशोधन के बजाय आत्मप्रचार का जरिया बनाने की कोशिश करते हैं। ध्यान केवल मनुष्य ही नहीं करता ,पशु-पक्षी भी करते है। ध्यान और योग की तमाम मुद्राएं हमने पशु-पक्षियों से ही सीखी है। बज्रासन बंदरों से सीखा,मयूरासन मोरों से, भुजंगासन सर्प से ,कुकरासन कुत्तों से ,मंडूक आसन मेढकों से ,शशकासन खरगोशों से ,भ्रामरी मधुमख्खियों से। ऐसे अनेक आसन हैं जो मनुष्य के अपने नहीं है। लेकिन मनुष्य सबसे सीखता है और अहसान नहीं मानता। ध्यान में भी यही बात है। मनुष्य की तरह वकासन भी बहुत चर्चित आसन है । वकासन या वकधयान को लेकर लोग अक्सर परेशान हो जाते हैं ,क्योंकि इस ध्यान मुद्रा में बैठकर ही बगुला मछलियों का शिकार करता है। मकरासन में भी यही होता है। मगरमच्छ अपने शिकार से पहले काष्ठ दंड की तरह निश्चेत पड़ा रहता है।

मेरा गोत्र समाधिया है इसलिए मै थोड़ा-बहुत समाधि के बारे में भी जानता हूँ किन्तु इस विषय पर ज्यादा कुछ कहना नहीं चाहता। योग को लेकर पतंजलि ने फूटी कौड़ी नहीं कमाई, लेकिन उनके अनुयायी कलियुग के सुषेन बाबा रामदेव आज हजारों करोड़ रुपए के आसामी बन गए हैं। वे योगाचार्य हैं या कारोबारी तय करना कठिन है। चूंकि जनता ने योग को बिकते देखा है इसलिए शायद उसे ध्यान के घातक सियासी परिणामों की आशंका बनी हुयी है। चुनाव के लिए होने वाले अंतिम मतदान के पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर मोदी के योग का सीधा प्रसारण इसीलिए विपक्ष को खतरनाक लगता है। हर युद्ध के पहले यानि नतीजे आने के पहले योग लगाने की अनंत कहानियां हैं। दे० -असुर संग्राम में भी और राम-रावण संग्राम में भी। योग युद्ध में क्षीण हुई शक्ति को दोबारा वापस लौटा देता है । योग से आप सिद्धियां भी हासिल कर सकते है।

## विचार

# भाग्य और कर्म का विश्लेषण

**जहां स**फलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है' वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उनके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं' इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं' वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि "भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है",ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अब तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं को हुई 'ध्यान' से भी समस्या

मृत्युंजय दीक्षित

**लोकसभा चुना**वों के अंतिम दौर का प्रचार समाप्त होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्यान करने के लिए कन्याकुमारी जा रहे हैं। यह समाचार मीडिया में आते ही मोदी विरोधियों ने तीखी बयानबाजी आरम्भ करके यह सिद्ध कर दिया कि पूरा का पूरा इंडी गठबंधन सनातन विरोधी है और इनकी मोहब्बत की दुकान में सनातन के विरुद्ध नफरत का सामान भरा पड़ा है। चुनाव प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण इंडी गठबंधन को मुस्लिम तुष्टिकरण के सम्बन्ध में बेनकाब किया और अब उन्होंने स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान कार्यक्रम का विरोध करके प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किए गए दावों की पुष्टि कर दी। समाचारों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी कन्याकुमारी में उसी शिला पर ध्यान लगाएंगे जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान लगाकर विकसित भारत का सपना देखा था। इस शिला के ऊपर ही स्वामी विवेकानद की स्मृति में विवेकानंद रॉक मेमोरयिल बनाया गया है। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के बाद पहले भी ध्यान के लिए जाते रहे हैं 2014 में उन्होंने महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज से जुड़े प्रतापगढ़ में ध्यान लगाया था और 2019 केदारनाथ की रुद्र गुफा में ध्यान लगाया था। विवेकानंद रॉक पर तीन दिन लगातार ध्यानावस्था में रहते हुए ही विवेकानंद जी को विकसित भारत का दर्शन मिला था, प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है संभवत इसी के दृष्टिगत उन्होंने ध्यान लगाने के लिए इस स्थान को चुना है । प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान कार्यक्रम से विपक्ष बौखला गया है और अजीबोगरीब प्रतिक्रिया दे रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ध्यान को टीवी पर दिखाया गया तो उनकी पार्टी चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायेगी।

उन्होंने आगे कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी को वहीं रह जाना चाहिए और आराम करना चाहिए। कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताकर चुनाव आयोग के पास शिकायत तक दर्ज करवा दी है। इस विवाद में तमिलनाडु की सत्ताधारी द्रमुक भी कूद पड़ी है और उसने वहां के डीएम से शिकायत की है।

# वोट और चोट

डॉ. सुरेश कुमार

**एक दिन** चुनावों पर हिंदी फिल्मों का भूत सवार हो गया। कई शहरों में चुनावी प्रचार देख वह कहने लगा - इतना सन्नाटा क्यों है भाई और जोर से ठहाका मारकर हंसने लगा। तभी उसकी हंसी पर ब्रेक लगाने के लिए आयोग कूद पड़ा। दीवार फिल्म में ईमानदारी का देवता बने फिरने वाले शशि कपूर के स्थान पर आयोग को देख चुनाव प्रचार अमिताभ बच्चन बन बैठा और कहने लगा कि मुझे रोकने से पहले उन लोगों की साइन लेकर आओ जो वोट देना भूल जाते हैं। जाओ उन लोगों की साइन लेकर आओ जो वोटर आईडी बनवाना भूल जाते हैं और जाओ उन लोगों की साइन ले आओ जो मतदान के दिन छुट्टी मारते हैं। आयोग डॉन फिल्म में अमिताभ को डराने के चक्कर में ऐसा न जाने क्या कह देता है कि चुनाव प्रचार बदतमीजी पर उतर आता है - मैं बिना वोट, बिना पहचान पत्र और बिना मतदान के लोगों को आज भी नहीं छोड़ता। चुनाव प्रचार की दबंगई यहीं तक नहीं रुकी। कहने लगा - मैं लोगों के दिमाग में इतना उतर जाऊँगा कि लोग कंफ्यूज हो जाएंगे कि वोट दें कैसे और न दें कैसे। यह सुन डर से थरथराते वोटरों ने कुछ कुछ होता है कि स्टाइल में कहा - इस दिमाग में कुछ-कुछ होता है सरकार नहीं समझेगी। दूसरी ओर सरकार चुनाव प्रचार को धमकाते हुए चुटकियों में काम तमाम करने का अल्टीमेटम जारी करती है। इस पर चुनाव प्रचार भड़क उठा और बाजीराव के अंदाज में बोला - चुनाव प्रचार की चाल, उसकी नजर और उसके भाषण पर संदेह नहीं करते कभी भी चपेट में ले सकता है। इस पर सरकार देवदास की स्टाइल में कहती है - विपक्ष कहता है कुर्सी छोड़ दो, जनता कहती है यह गंभीरता का स्वांग छोड़ दो और चुनाव प्रचार कहता है कि यह दुनिया छोड़ दो। इस पर चुनाव प्रचार कहता है झ्र अभी तो खेला शुरू हुआ है। असली पिक्चर तो अभी बाकी है। मुद्दों और नारों का बाप हूँ मैं, नाम है मेरा चुनाव प्रचार। लाख चिल्लाओ तुम भला, मैं तो तुम्हें छोडूँ न। मेरे नाम की हवा में ही डर है साहब! मुझे कुछ देर के लिए तो रोक लोगे, लेकिन इस हवा को कैसे रोकोगे? वैसे भी चुनावी वादे खरीदने से नहीं उनके सही पालन से हमसे बच पाओगे।

## न्यूज फ्लैश

### मीना कुमारी ने किया ऑब्जर्वेशन होम (गर्ल्ज) व श्रद्धानंद संस्था का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा राज्य बाल संरक्षण** आयोग की सदस्या मीना कुमारी द्वारा शुक्रवार को जिला के ऑब्जर्वेशन होम (गर्ल्ज) व श्रद्धानंद संस्था का औचक निरीक्षण किया गया। सदस्या ने निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की व बच्चों को उनकी रुचि अनुसार खेल, शिक्षा व अन्य कोर्स करने के लिये जागरुक किया, ताकि उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। उन्होंने संस्था में साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु हिदायत दी। निरीक्षण गृह का रसोई घर गंदा पाया गया, जिसकी उचित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अधीक्षक व स्टाफ से बातचीत की गई। संस्था का रिकॉर्ड उचित प्रकार से मेनटेन करने हेतु हिदायत दी गई। उन्होंने संस्था के कांउसलर को एक निश्चित प्रोफोर्मा के तहत कांउसलिंग हेतु सुझाव व निर्देश दिये, ताकि बच्चों की काउंसलिंग उचित प्रकार से हो सके, क्योंकि काउंसलिंग के माध्यम से ही किशोरों को एक उचित मार्गदर्शन करने में सहयोग मिल सकता है। संस्था में कुछ महत्वपूर्ण पद खाली हैं, जैसे पीटी कम योगा टीचर, टीचर/ट्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर, और प्रोबेशन ऑफिसर आदि। इन पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति करवाने की कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए, ताकि किशोरों का सम्पूर्ण विकास हो सके। सदस्या द्वारा संस्था में उपस्थित एक बच्चे रोहित से बातचीत की गई जो कि काफी उग्र स्वभाव का था। उन्होंने बाल कल्याण समिति को निर्देश दिये कि बच्चे को उसकी माता को तुरंत प्रभाव से सौंपा जाये। संस्था में किशोरों की सहायता सम्बन्धित हेल्पलाइन, फ्लेक्स बोर्ड, सुझावपेटी, डेली रूटीन बोर्ड, स्टाफ ड्यूटी डिस्प्ले बोर्ड आदि लगवाने के निर्देश दिए। किशोरों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुये बाल संरक्षण आयोग की हिदायतोंनुसार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य बलराज सांगवान, संस्थाओं के अधीक्षक, संध्या और बलदेव, जिला बाल संरक्षण कार्यालय से संरक्षण अधिकारी (संस्थागत) सुमन नैन, ओआरडब्ल्यू पूनम व संस्था का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### रेनू विद्या मंदिर में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**राई । दिव्यांगजनों को** आर्थिक रूप से सशक्तिकरण के लिए आईडिया-सक्षम द्वारा दिव्यांगजनों को पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण रेनू विद्या मंदिर स्कूल, बहालगढ़ में शुरू हुआ। प्रशिक्षण के माध्यम से



दिव्यांगजन अपने व्यवसाय को बढ़ने के तरीके की जानकारी लेते हुए सभी दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है । इसमें 28 दिव्यांगजन प्रशिक्षण ले रहे है। रेनू विद्या मंदिर के फाउंडर व चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने सभी दिव्यांगजनों को अपना आशीर्वाद दिव्या और अपने व्यवसाय को शुरू करने के लिए शुभकामनाए दी। ट्रेनिंग दे रहे निखिल वर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को खुद को आत्मनिर्भर बनना चाहिए और उद्यमिता के माध्यम से अपना और अन्य दिव्यांगजनों को आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ाना चाहिए। आईडिया-सक्षम संस्था के संस्थापक मल्लिकाजुर्ना इथ्था भी ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने कहा की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के दिव्यांगजनों को अपनी ताकत को पहचानना होगा। प्रशिक्षण के माध्यम से खुद को स्वावलम्बी बनने का एक सुनहरा अवसर है और देश को आर्थिक सश्क्तीकरण के ओर बढ़ाना है औ ऐसे ही भारत को विश्वगुरु बनाना है और दिव्यांगजनों को समाज में लेने वाले से देने वाला बनना है।

# 4 जून को होगी मतगणना, सबसे पहले होगी पोस्टल बैलेट की गणना: उत्तम

## मतगणना केन्द्रों में मोबाइल या अन्य कोई भी इलैक्ट्रोनिक्स डिवाईस पर पाबंदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि 25 मई को छठे चरण के दौरान प्रदेश में हुए लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव के मतों की गणना 4 जून को प्रातः 8 बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट के मतों की गणना होगी। ईटीपीबीएस व पोस्टल बैलेट की गणना एक अति महत्वपूर्ण कार्य है। मतगणना केंद्रों पर प्रर्याप्त संख्या में स्कैनर की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त शुक्रवार को डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में ईटीपीबीएस व पोस्टल बैलेट की गणना से जुड़े मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी ने मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया तथा एसडीएम करनाल अनुभव मेहता उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी मतगणना कर्मियों को निर्देश दिए कि वे 4 जून को सुबह छह बजे मतगणना केन्द्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करें। मतगणना कर्मी सहित कोई भी व्यक्ति अपने साथ मतगणना केन्द्रों में मोबाईल या अन्य कोई भी इलैक्ट्रोनिक्स डिवाईस अपने साथ लेकर नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में लोकसभा क्षेत्र तथा करनाल विधानसभा (21) उप चुनाव के लिए बनाए गए मतगणना केंद्रों में ईटीपीबीएस व पोस्टल बैलेट स्केनिंग के लिए स्केनिंग टेबल लगाई जाएंगी। एक टेबल पर 500 पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना डयूटी में लगे कर्मचारियों का सेकंड रेंडमाइजेशन व प्रशिक्षण मतगणना तिथि से 24 घंटे पहले पूरा किया जाएगा। मतगणना के लिए एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एक काउंटिंग सुपरवाइजर, 2 काउंटिंग सहायक तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर डयूटी पर रहेंगे।

**करनाल संसदीय क्षेत्र में 5 हजार 473 हैं सर्विस मतदाता**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि करनाल संसदीय क्षेत्र में सर्विस मतदाताओं की कुल संख्या 5 हजार 473 है।

### योग का शरीर पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है : दिनेश गुलाटी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत की योग कक्षा सेक्टर सात में विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ। स्वामी दयानंद पार्क स्वामी दयानंद सरस्वती पार्क में प्रमुख शिक्षक दिनेश गुलाटी ने सत्र की शुरूआत में योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, आसन का अभ्यास करवाया। उन्होंने कक्षा में विभिन्न तरह की योगिक क्रियाएं श्वासों की विशेष तकनीक के साथ करवाई, ताकि शरीर पर ज्यादा से ज्यादा प्रभाव पर सके और हम स्वस्थ और निरोग रह सके। उन्होंने कहा कि ठीक प्रकार से किए गए योग का शरीर पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और मनुष्य कई तरह की बीमारियों से दूर रह सकता है। उन्होंने विशेष भस्त्रिका का अभ्यास और उसके लाभ बताए कि सांस शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम हर पल सांस तो लेते हैं पर उसकी तकनीक नहीं जानते और योग हमें सांसों की लेने और छोडने की तकनीक समझाता है। कक्षा में साधकों ने अपने अनुभव साझा किया और बताया कि योग के अपने से उनका जीवन बेहतर हुआ है और बीमारियों से भी दूर हो रहे हैं। योग कक्षा में सेक्टर-7 योग कक्षा के संचालक सुभाष आर्य ने साधकों के बीच जाकर उन्हें प्राणायाम की विधि समझाई।

### ट्रैक्टर चालकों को यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस अधीक्षक** दीपक सहारन के निदेर्शानुसार यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए थाना यातायात प्रबंधक निरीक्षक सुरेश कुमार की टीम द्वारा उपनिरीक्षक सतपाल सिंह की अध्यक्षता में नमस्ते चौक के पास खड़े होने वाले ट्रैक्टर-ट्राली चालकों को जागरूक किया गया। उप निरीक्षक सतपाल सिंह ने सभी चालकों से कहा कि अपने ट्रैक्टरों को चलाने से पहले सभी अपने पेपर पूरे करें और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, बीमा, पाल्युशन सर्टिफिकेट और ड्राईविंग लाईसेंस अपने पास जरूर रखें।

## पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः हिंदू सम्राट** पृथ्वीराज चौहान राजपूत की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जाखौली में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली के भाई माईराम कौशिक ने पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू राजाओं में पृथ्वीराज चौहान बहुत ही बहादुर व प्रभावशाली राजा रहे हैं। उन्होंने मुस्लिम शासक मोहम्मद गौरी के अनेक आक्रमणों का सामना करते हुए उसको युद्ध में कई बार हराया। माईराम कौशिक ने कहा कि जब पृथ्वीराज चौहान मुहम्मद गौरी की केद में थे तो उन्हें कई बार मुस्लिम बनने के लिए प्रताड़ित किया गया।



लेकिन वे अपने हिन्दू धर्म पर हमेशा कायम रहे। उन्होंने कहा कि जब पृथ्वीराज को मुहम्मद गौरी के समक्ष लाया गया तो वो गौरी की आंख में आँख मिलाकर घुर रहा था। पृथ्वीराज का ये कृत्य गौरी को बहुत अपमानित लगा और उसने पृथ्वीराज को आँखे नीची करने का आदेश दिया। पृथ्वीराज ने उसको कहा कि आज मेरी वजह से ही तू जिन्दा है और एक राजपूत की आँखे मौत के बाद ही नीचे होती है। यह सुनकार गौरी आग बबूला हो गया और उसने पृथ्वीराज की आँखे गर्म सलाखों से जला देने का आदेश दिया। इस कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने गांव जाखौली में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भण्डारे का शुभारंभ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारे की भावना का बढ़ावा मिलता है, इसलिए ऐसे आयोजनों में हमे बढ़ चढकर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर सरपंच नवीन चौहान, नरेंद्र चौहान उर्फ लाला, नीरज चौहान, दीपक चौहान, सतपाल चौहान, किरणपाल चौहान, दयानंद चौहान, प्रवीन कौशिक, सुधीर नमरदार, मास्टर जगबीर सिंह, पंच ऋषिपाल चौहान, जग्गी चौहान, पंच धर्मवीर सैनी, प्रेम राय, ब्लॉक समिति मैंबर नंदकिशोर वर्मा, अजीत सिंह, अनिल, सतीश, कुलवंत, नरेश चौहान, सुरेंद्र चौहान, डॉ० सुरेंद्र चौहान, पंच चरणपाल, पंच रवि कुमार, संदीप ड्रम, प्रिंस बागड़ी, नरेश चौहान सरपंच खुरमपुर, संजय प्रधान भैरा बांकीपुर, पंच धरमबीर चौहान भैरा बाकीपुर, दिनेश चौहान मनोली, भारत चौहान मनोली, जयद्रथ चौहान मनोली, चरण सिंह चौहान अटेरना, पार्थ चौहान अटेरना, राजेश चौहान अटेरना, योगेश चौहान जाजल, डिंपल चौहान बख्तावरपुर, जयभगवान चौहान पल्ला बख्तावरपुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मतगणना को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध पूरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र के आमचुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के मतों की गणना को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं। मतगणनाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र का पूर्णतः नियंत्रण सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास है। उनकी अनुमति के बिना कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं कर सकता। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम व पोस्टल बैलेट की गणना की कोई भी व्यक्ति फोटो नहीं खींच सकता। स्ट्रॉग रूम से जब ईवीएम मतगणना हॉल में ले जाई जाती है तो उसकी वीडियोग्राफी होगी और स्ट्रॉग रूम से हॉल तक पूरी तरह बैरिकेडिंग की गई है। उम्मीदवार का चुनाव एजेंट या वे स्वयं इस प्रक्रिया को देख सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि 4 जून को करनाल लोकसभा क्षेत्र के आमचुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के मतों की गणना प्रातः 8 बजे शुरू हो जाएगी।

करनाल-21 उप चुनाव की मतगणना डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, घरौंडा-22 की मतगणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद हॉल में तथा असंध-23 के मतों की गणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद ब्लॉक में की जाएगी।

## सैशन जज ने प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। किशोर बंदियों को** दी जा रही सुविधाओं की निगरानी के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन चंद्रशेखर तथा मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डॉ. सविता कुमारी ने प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का औचक निरीक्षण किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर तथा सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का औचक निरीक्षण किया। प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से



वातार्लाप की और उनको होने वाली परेशानियों के बारे में जाना। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कोई बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है, तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकता है। इस संबंध में स्टाफ को बच्चों के आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों/कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित/प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों/कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। कुछ कैदियों/बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया। स्टाफ को उनके आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मामला संबंधित न्यायालयों के ध्यान में लाया जा सके। अधीक्षक को विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और बच्चों/कैदियों के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

## भीषण गर्मी में बड़े कूलर से बेसहारा गोवंशों को मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**नेकी कर दरिया में डाल** यह एक बहुत ही प्रचलित कहावत है। जिसका सीधा और सरल अर्थ है, दूसरों की नेकी अर्थात भलाई करो और भूल जाओ। लेकिन भलाई भी करनी हो तो प्रयत्न यही होना चाहिए कि भला बनकर करें। इसका जीवित उदाहरण समालखा थाना प्रभारी फूलकुवार में देखने को मिला। जिन्होंने निस्वार्थ भाव से गोसेवा कर गोभगतो के लिए मिशाल बने। इसी कड़ी में वीरवार को भापरा रोड स्थित बेसहारा गोवंश चिकित्सालय में थाना प्रभारी



फूलकुवार ने पहुँच कर समिति पदाधिकारी संदीप व कुलदीप रोहिल्ला से मिलकर गर्मी के दिनों में गाय व गोवंशों के लिए किए जा रहे उचित प्रबंधों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बेसहारा गोवंश चिकित्सालय प्रबंधन समिति सदस्यों के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद तारीफ करते हुए कहा कि मौजूदा कमेटी बहुत ही सुंदर तरीके से अपने कार्य कर रही है और गाय सेवा में हर स्तर पर बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। इस दौरान उन्होंने अपना नाम और सेवा न बताते हुए अपने निजी कोष से भीषण गर्मी के चलते जब तापमान अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए रिकार्ड बना रहा है तो ऐसे में गायों के लिए एक बड़ा कूलर दान में दिया।

## उदेशीपुर गांव के ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर : उपमंडल के गांव** उदेशीपुर में पेयजल समस्या के चलते ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पेयजल की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। ग्रामीण समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। महिलाओं को गर्मी के चलते दूर-दूर से पानी भरने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। महिलाओं को घंटों जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही जलआपूर्ति के लिए इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक सरकारी ट्यूबवैल लगा है जो पूरे गांव में पानी सप्लाई देता है। गांव



का जो क्षेत्र ऊंचाई पर है, वहां पर ग्रामीणों को पानी की सप्लाई नहीं हो पाती। पानी की समस्या के चलते उन्हें पशुओं के लिए भी पीने का पानी व चारे का बंदोबस्त करने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्हें पड़ोस में लगे प्राईवेट पंप से पानी भर के लाना पड़ता है।

**रात एक बजे होती है सप्लाई**

ग्रामीण प्रकाशी, सुमन, पिंकी आदि ने बताया कि गांव में रात एक बजे पानी की सप्लाई की जाती है। जिस वजह से उन्हें आधी रात तक जागना पड़ता है। वहीं जिन घरों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाती उन्हें ईंट भट्ठों से पानी भर कर लाना पड़ता है।

**ट्यूबवैल का पानी भी खराब**

ग्रामीण सज्जन कुमार ने बताया कि गांव में पहले एक और सरकारी ट्यूबवैल था जो ठप्प पड़ गया था। अब एक ही ट्यूबवैल बचा है। इसमें पहले स्वच्छ पानी आता था, लेकिन अब यहां से भी दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। जिस वजह से घरों में आरओ या बाहर से पीने का पानी खरीदा जा रहा है।

**एक और ट्यूबवैल लगवाने की करी मांग**

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक ट्यूबवैल से गुजारा नहीं हो रहा है। वह बार-बार जनस्वास्थ्य विभाग से एक और ट्यूबवैल लगवाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने एसडीएम से गांव के एक और सरकारी ट्यूबवैल लगवाने की मांग की है ताकि सभी ग्रामीणों को पीने का साफ पानी उपलब्ध हो सके।

**एसडीएम लेंगे संज्ञान**

एसडीएम डा. निर्मल नागर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गांव की तरफ से उनके पास लिखित में कोई समस्या नहीं आई है, लेकिन यदि ऐसी समस्या है तो वह इस पर संज्ञान लेंगे। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बुला कर उनसे इस बारे में जानकारी लेंगे और सुनिश्चि करेंगे कि गांव में एक और ट्यूबवैल लग सके।

## 286 शिक्षकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** के मार्गदर्शन तथा आयुष विभाग के महानिदेशक अंशज सिंह के दिशा निर्देशन में जिला करनाल में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को सफलतापूर्वक मनाने के लिए प्रथम कड़ी में 29 मई से 31 मई तक जिला करनाल में 6 ब्लॉक असन्ध, घरौंडा, निसिंग, इन्द्री, नीलोखड़ी तथा करनाल में ब्लॉक स्तर पर योग प्रोटोकॉल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयुष विभाग करनाल के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि शिविर के तीसरे तथा अंतिम दिन कुल 286 पीटीआई तथा डीपीई, आयुष योग सहायकों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग



प्रोटोकॉल के प्रशिक्षण में भाग लिया। करनाल ब्लॉक में योग सहायक कुसुम लता शर्मा ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। अंतरर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकोल के तहत प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसके बाद सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसन, प्राणायाम व ध्यान अभ्यास, भावगीत तथा भक्ति गीत सुख के सब साथी दुख का न कोई तथा जहां ले चलोगे प्रभु मैं वही चलूंगा के माध्यम से भी ध्यान का अभ्यास करवाया गया। शिविर का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी हरियाणा योग आयोग डॉ. अमित पुंज ने सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल के सभी पीटीआई तथा डीपीई, विभिन्न योग संस्थान जैसे पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, भारतीय योग संस्थान सहित अन्य सभी योग का शिक्षण प्रशिक्षण करने वाली संस्थाओं का तथा उनके योग शिक्षकों का इस सफल आयोजन में सहयोग हेतु धन्यवाद दिया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के हेतु आने वाले आगामी प्रोग्रामों के लिए भी लगातार तैयार रहने, विभिन्न पार्कों में तथा संस्थाओं में योग का निरंतर शिक्षण करते रहने के लिए तथा साधकों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक इन्चार्ज डॉ. नितिन रोहिल्ला, विक्रम, सुपू जैन, मीनाक्षी राठी, अंजू, रीना, अनुराग, बलजीत, रजनी, रीटा, नरेश, काजल इत्यादि मौजूद रहे।

## समालखा में महाराजा अग्रसेन अस्पताल के लिए हुआ भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समलखा ( कुलदीप सिंह )**

**वैश्य एजुकेशन** सोसाइटी के तत्वावधान में शुक्रवार को बिहौली रोड़ स्थित भापरा खेल स्टेडियम के सामने महाराजा अग्रसेन अस्पताल के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। सर्वप्रथम भूमि पूजन कर अस्पताल की नींव रखी गई। समिति के प्रधान सत्यनारायण ने बताया कि अस्पताल के निर्माण पर करीब दो करोड़ रुपये की लागत



आएगी। समालखा शहर में मेडिकल सुविधा नाममात्र है। अगर कोई इमरजेंसी हो जाती है, तो पानीपत, खानपुर व रोहतक की ओर रूख करना पड़ता है। वैश्य एजुकेशन सोसाइटी ने शहर में पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित एक अस्पताल खोलने का निर्णय लिया। सचिव सुमेश जैन ने कहा कि संस्था ने मानवता की सेवा के लिए ये सराहनीय कदम उठाया है। क्षेत्र के गरीब लोग बड़े नामी अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करवा सकते।

## न्यूज फ्लैश

### गांव झासा मे देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/झांसा :** आज गांव झांसा में पाल चौपाल में अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया देवी अहिल्याबाई होल्कर भवन के प्रांगण में देवी अहिल्याबाई होलकर 299वीं जयंती मनाई जिसमें उनके जीवन परिचय पर बुकलेट एवं पुस्तकें बांटी एवं लड्डू बांटकर जयंती मनाई । जयंती पर शामिल सभी बच्चे बुजुर्ग महिलाएं प्रसन्नता की मुद्रा में दिखाई दे रहे थे। विनोद पाल ने कहां की जो कौम अपने महापुरुषों को याद रखती है वह सदैव तरक्की करती है इसलिए समय-समय पर अपने महापुरुषों को याद कर उन्हें सम्मान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष विनोद पाल होलकर, गुरमेल सिंह, सोमनाथ, मंगु राम, चंदा राम,सोमा सिंह,राकेश कुमार, रामरतन, प्रेम चंद,कुलविंद्र पाल, कुलदीप इत्यादि उपस्थित रहे।

### चरित्र से बड़ी कोई पूंजी नही है: प्राचार्य मनीष




**पानीपत/कमाल हुसैन**
आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत एवं आर्य वीर दल पानीपत के सामूहिक तत्वाधान में चार दिवसीय चरित्र निर्माण के शिविर के दूसरे दिन के अवसर पर सुरेश आर्य संरक्षक आर्य वीर दल हरियाणा ,श्री सौरभ आर्य मंडलपती आर्य वीर दल पानीपत, तीर्थराम मुतनेजा संरक्षण, व्यवस्थापक एवं कोषाध्यक्ष अशोक अरोड़ा और स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष ,प्रबंधक रामपाल जागलान ,मेहर सिंह आर्य मौजूद रहे। इस अवसर पर आचार्य बृज किशोर शास्त्री ने आर्य वीरों के सामने जीवन में काम आने वाले मूल्यवान पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए जीवन जीने के मूल मंत्रों के बारे में जानकारी दी।
साथ में अपने माता-पिता , गुरुजनों व अपने आस पास के व्यक्तियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए इस विषय पर बच्चों को पूरी गहराई से समझाया ।आचार्य ने आर्य समाज के योगदान पर प्रकाश डाला की आर्य समाज बच्चों को ऐसी शिक्षा देने के लिए सदैव तैयार रहता है जिसे हम आने वाले देश के भविष्य के लिए अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बना सके । प्रिंसिपल ने बच्चों को शारीरिक और चरित्र निर्माण पर जोर देते हुआ कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है जिसके हम सब को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। एक व्यक्ति के जीवन में चरित्र से बड़ी कोई पूंजी नहीं है इसकी हमे सदैव रक्षा करनी चाहिए। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए स्कूल में समय समय पर ऐसे शिविर या अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। व्यायाम शिक्षक कनिष्क आर्य और राम निवास आर्य सोनीपत ने बच्चों में आर्यवीर दल के बारे में जानकारी दी और अच्छे नागरिक बनने के बारे में बताया। इस अवसर पर अशोक आर्य, संदीप ,प्रशांत , सुरजीत और परवीन वर्मा मौजूद रहे।

# मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरंतर लिया जा रहा है जायजा

## इस व्यवस्था के तहत पहली लेयर में जिला पुलिस, दूसरी लेयर में स्टेट आर्म्ड पुलिस व तीसरी लेयर में आईटीबी के जवान तैनात होकर हर गतिविधि पर नजर रखकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे है

**तैयारी**

▶▶ पिहोवा व थानेसर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य कुरुक्षेत्र विवि के शूटिंग हाल में किया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर कुरुक्षेत्र जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य 4 जून को किया जाएगा। जिसके तहत शाहबाद व लाडवा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित सामुदायिक भवन व पिहोवा व थानेसर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शूटिंग हाल में किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मतगणना के तहत बनाए गए स्ट्रांग रुमों का निरीक्षण कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ चारों विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ व चुनाव तहसीलदार मौजूद रही।
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। इसके अलावा थ्री लेयर सुरक्षा-व्यवस्था के भी प्रबंध किए गए है। इस व्यवस्था के तहत पहली लेयर में जिला पुलिस, दूसरी लेयर में स्टेट आर्म्ड पुलिस व तीसरी लेयर में आईटीबी के जवान तैनात होकर हर गतिविधि पर नजर रखकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है, वहीं यदि कोई भी प्रत्याशी या एजेंट स्ट्रांग रूम की अंदर की गतिविधि को देखना चाहते है, तो मतगणना केंद्रों के बाहर लगाई गई एलईडी पर इस गतिविधि को देख सकते है। उन्होंने यह भी कहा कि मतगणना का कार्य सुचारु रुप से हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर, उनके जो कार्य है, उन बारे उन्हें अवगत करवाते हुए निर्देश दिए जा चुके है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से मतगणना का कार्य भी सफलतापूर्वक किया जाएगा। यहां बता दें कि 25 मई मतगणना के बाद सभी मतदान मशीनों को सभी औपचारिकताएं पूरी करके स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया था और उसी दिन से यहां पर पुख्ता प्रबंध करते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि संबंधित एआरओ भी समय-समय पर मतगणना केंद्रों पर निरीक्षण करके सभी व्यवस्था एवं अन्य गतिविधियों पर नजर रख रहे है। जिले में मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।
इन मतगणना केंद्रों में अधिकृत पास वाले व्यक्ति को ही निर्धारित जगह तक प्रवेश करने की इजाजत दी जाएगी। किसी भी सूरत में आदेशों की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी।

# श्री सीमेन्ट, यूनिट में 'विश्व तंबाकू निषेध' दिवस मनाया




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की दिनांक 31 मई 2024 को "विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों एवं श्रमिको बन्धुओं को तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी के लिए संस्थान के सभागार में संगोष्टि का आयोजन किया गया। नरेश राठी, सीनीयर मेडिकल आफिसर एवं नवीन, कम्यूनिटी हेल्थ सेन्टर, मतलैडा द्वारा सभी श्रमिकबन्धुओं एवं कर्मचारियों को तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढानें एवं धूम्रपान जैसे कि तंबाकू, बीडी, सिगरेट आदि बुरी आदतों को छोडने के लिए प्रोत्साहित किया।
तंबाकू आदि के सेवन से उससे होने वाले स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक प्रभावों एवं खतरों जैसेकि फेफडों के कैंसर आदि कई अन्य बीमारियो के खतरों के बारें में बताया। देवेन्द्र माथुर ने बताया की तंबाकू का हानिकारक प्रभाव उपयोगकर्ता की आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक स्थिति एवं कार्य क्षमता को भी प्रभावित करता है। इस अवसर पर सभी उपथित कर्मचारियों एवं श्रमिकों को तंबाकू, बीडी, सिगरेट आदि बुरी आदतों को छोडने एवं इसका सेवन ना करने का संकल्प भी दिलाया गया।नरेश राठी, सीनीयर मेडिकल आफिसर द्वारा श्री सीमेन्ट प्रबन्धकों को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रंशसा की गई।

**जागरूक किया**

▶▶ धूम्रपान जैसे कि तंबाकू, बीडी, सिगरेट आदि बुरी आदतों को छोडने के लिए प्रोत्साहित किया

# जीटी रोड पर खडे ट्रक में टकराई रोडवेज की वोल्वो बस, बड़ा हादसा टला

**टीम एक्शन इंडिा**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गुरूग्राम** से सवारियों से भरकर चंडीगढ़ जा रही हरियाणा रोडवेज की वोल्वो बस समालखा के पास जीटी रोड पर शुक्रवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे पुल के उपर खड़े ट्रक में पीछे से टक्करा गई, जिससे बस के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।बस और ट्रक की टक्कर से बस में सवार 3-4 सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। बस चालक रविन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में बस चालक रविन्द्र ने बताया कि वह बीती रात 12 बजकर 15 मिनट पर गुरूग्राम सवारियां भरकर चंडीगढ़ के लिए चला था। जैसे ही वह सुबह सवा तीन बजे समालखा के पास पहुंचा तो वहां पुल के उपर जीटी रोड की एक नम्बर लाइन पर बिना पार्किंग इंडीकेटर जलाए व बिना पार्किंग संकेत के ट्रक खड़ा हुआ था जो अंधेरे की वजह से नहीं दिखा।

# डीसी ने मतगणना केंद्रों की तैयारियों का लिया जायजा

**निरीक्षण**

▶▶ मीडिया सेंटर, सुरक्षा व्यवस्था, आने-जाने के रास्ते आदि का बारीकी से निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने जिले में बनने वाले चारों मतगणना केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद एआरओ को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना केंद्र पर बनाए गए परिसर, वहां लगने वाले सीसीटीवी, मीडिया सेंटर, सुरक्षा व्यवस्था, आने-जाने के रास्ते आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। डीसी डॉ. शालीन ने सबसे पहले अम्बाला शहर विधानसभा के मतगणना केंद्र ओपीएस स्कूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना केंद्र में की गई अस्थाई निर्माण का जायजा लिया, जिसके अंदर मतों की गिनती की जानी है। उन्होंने पूरे परिसर के चारों तरफ कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर में सीसीटीवी का 360 डिग्री व्यू आना चाहिए ताकि आसानी से उसे देखा जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने यहां स्क्रीन की लोकेशन को लेकर भी जगहों का चयन किया। इसके बाद उन्होंने अम्बाला कैंट विधानसभा के मतगणना केंद्र एसडी कॉलेज, अम्बाला कैंट का दौरा किया। यहां उन्होंने काउंटिंग स्टॉफ को आवश्यक हिदायतें दी। यहां मीडिया सेंटर की व्यवस्थाओं को लेकर भी निर्देश दिए। डीसी ने इसके उपरांत नारायणगढ़ विधानसभा के मतगणना केंद्र बीपीएस प्लेनेटोरियम स्कूल, अम्बाला कैंट का दौरा किया। यहां काउंटिंग एजेंट, काउंटिंग स्टॉफ के रास्ते को लेकर कुछ हिदायतें दी। उन्होंने काउंटिंग स्टॉफ को बेहतर तरीके से मतगणना का कार्य करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने मुलाना विधानसभा के मतगणना केंद्र डीएवी स्कूल, रिवर साईड, अम्बाला कैंट का दौरा किया। यहां आब्जर्वर के बैठने की व्यवस्था, मीडिया सेंटर, काउंटिंग टेबल आदि की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कुरुक्षेत्र पुलिस परिवार से 4 निरीक्षक सहित 6 पुलिस कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र पुलिस परिवार के चार निरीक्षक सहित 6 पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि 31 मई को जिला पुलिस के निरीक्षक रेशम सिंह, महेंद्र सिंह, फतेह सिंह, जय किशन, उप निरीक्षक बलराज सिंह, जसमेर सिंह सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उप पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग आप द्वारा दी गई सेवाओं को हमेशा याद रखेगा ।उप पुलिस अधीक्षक ने विदाई समारोह में सेवानिवृत अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने अपने जीवन का करीब आधा भाग पुलिस विभाग को दिया है। विभाग में आपका अनुभव काफी लम्बा रहा है इसलिए आप अपने पुलिस कर्मचारियों का मार्ग-दर्शन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहते हुए आपको बहुत सी नई चीजें भी सीखने को मिलीं होंगी। पुलिस विभाग में नौकरी मिलना व स्वस्थ रहते हुए सेवानिवृत्त होना बड़े सौभाग्य की बात है। पुलिस विभाग में सेवा करते हुए कई बार पुलिस कर्मचारी अपने सामाजिक कार्यों में शामिल नहीं हो सकते जिस कारण पुलिस कर्मचारी तनाव में रहते हैं और सेवानिवृति के समय तक किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं। पुलिसकर्मियों का अच्छे स्वास्थ्य के साथ सेवानिवृत्त होना किसी बड़े अवार्ड से कम नहीं है।

**बधाई दी**

▶▶ पुलिसकर्मियों का अच्छे स्वास्थ्य के साथ सेवानिवृत्त होना किसी बड़े अवार्ड से कम नहीं है

# भगवान परशुराम सेवा समिति का मासिक यज्ञ कल



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैंट की मीटिंग नग्गल करधान भगवान परशुराम मंदिर अम्बाला कैंट में हुई। समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया कि जून महीने के पहले रविवार 2 जून को समिति का मासिक हवन यज्ञ नग्गल करधान भगवान परशुराम मंदिर में सुबह 9 बजे होगा। सतीश शर्मा ने बताया कि पहले रविवार को मासिक हवन यज्ञ में मुख्य यजमान समिति के खजांची शशिकांत पराशर ओर उनकी धर्मपत्नी सुनीता पराशर होंगे हवन यज्ञ मंदिर के पंडित शम्भू नाथ जी द्वारा करवाया जाएगा। समिति के सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम मंडित में हररोज सुबह और शाम को मंदिर के पंडित शम्भू नाथ जी द्वारा की जाती हैं और हररोज नय सदस्य द्वारा शाम को मंदिर में प्रसाद वितरण किया जाता हैं। इस मीटिंग में अतुल शर्मा, सुरिंदर राजू शर्मा, शशिकांत पराशर,सुरेश कौशिक,राजेश गोल्डी शर्मा, सुनीता पराशर ओर अन्य सदस्य मजूद रहे।

### दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ आज: जितेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर में दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ आज शनिवार को होगा। केंद्र के सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि कैंप के लिए 75 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। समर कैंप का शुभारंभ सांय 4 बजे वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक करेंगे। इस अवसर पर 28 मई तक रजिस्ट्रेशन करवाने वाले बच्चों को लक्की ड्रा के माध्यम से आकर्षक इनाम दिया जाएगा। कैंप 10 जून तक चलेगा। कैंप में बच्चों को गायन, वादन, नृत्य इत्यादि सिखाया जाएगा। नृत्य में वेस्टर्न डांस और क्लासिकल डांस सिखाया जाएगा।

# 3 दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आयुष विभाग हरियाणा के महानिदेशक अंशाज सिंह के आदेशानुसार व जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र उपायुक्त शांतनु शर्मा आईएएस तथा नगराधीश कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुदेश जाटियान के दिशा निर्देश में डीपी, पीटीआई का तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शाहाबाद, थानेसर, पिहोवा, लाडवा, बाबैन ब्लॉक में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा बताया गया की अब शारीरिक प्रवक्ता एवं शारीरिक शिक्षक द्वारा तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से 5 से 7 जून तक स्कूलों के बच्चों को दिया जाएगा। जिला योग कोऑर्डिनेटर एवं योग विशेषज्ञ मंजीत द्वारा डीपी, पीटीआई को तीन दिन के योग प्रोटोकॉल के अभ्यास में सूक्ष्म व्यायाम खड़े होने वाले आसन, बैठकर किए जाने वाले आसन, पेट के बल लेट कर किए जाने वाले आसन और पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले आसन, प्राणायाम, ध्यान और शांति पाठ का अभ्यास करवाया गया। सभी डीपी, पीटीआई द्वारा इस अभ्यास को बड़े अच्छे ढंग से किया गया। इस मौके पर हरियाणा योग आयोग के मेंबर डॉ0 मुनीश कुकरेजा भी उपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि स्कूलों के बाद यह अभ्यास सभी ब्लॉकों में अधिकारियों/कर्मचारियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जाएगा। आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को हर वर्ष की भांति एक पर्व के रूप में मनाया जाता है। योग शारीरिक रूप से तो सुदृढ बनाता ही है, मानसिक रूप से भी स्वस्थ बनाता है एकाग्र शक्ति को बढ़ाता है।

**योगाभ्यास**

▶▶ शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से 5 से 7 जून तक स्कूलों के बच्चों को दिया जाएगा

# 7 जून से शुरू होगा 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान

## बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा 11 दिन तक लगातार हाथ पर जगाएंगे बाबा की ज्योति



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** महाभारत के दृश्यों को जीवंत करने वाले प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 7 जून से 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान किया जाएगा। 7 से 18 जून तक बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा लगातार अपने हाथ पर बाबा की ज्योति जगाकर अदभुत आस्था का परिचय देंगे। 11 दिन तक चलने वाले इस अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु हर रोज ज्योति दर्शन कर पाएंगे। अनुष्ठान के अंतिम दिन 18 जून को रात्रि 9 बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।
बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में देशभर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि महाभारतकालीन इस धाम के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। महाराज विनोद शर्मा भी श्याम बाबा के अनन्य उपासक हैं। इसलिए वे 11 दिनों तक अपने हाथ पर ज्योति जगाकर श्याम बाबा की आराधना करेंगे। विनय शर्मा ने बताया कि हाथ पर ज्योति जगाने एवं श्याम बाबा के अलौकिक दरबार के दर्शनों के लिए भीड़ का कोई पारावार नहीं रहता। उन्होंने कहा कि श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान एवं हाथ पर ज्योति जगाने का उद्देश्य यही है कि धाम पर आने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो और सकल विश्व का कल्याण हो। उन्होंने बताया कि इस ज्योति के दर्शन मात्र से ही सकल कष्टों से छुटकारा मिलता है। 11 दिनों तक किसी भी समय श्रद्धालु ज्योति के दर्शन कर सकते हैं।
उन्होंने बताया कि 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में हिस्सा लेने एवं ज्योति दर्शन के लिए पधारने वाले श्रद्धालुओं को बीड़ बबरान धाम में महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष के दर्शन का भी अवसर मिलेगा। यह पीपल का पेड़ वीर बर्बरीक की महानता से जुड़ा है। इसके हर पत्ते में छेद सहज ही देखा जा सकता है।
श्रद्धालुओं को बीड़ बबरान धाम में पवनपुत्र हनुमान मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणा, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के दर्शनों का भी मौका मिलेगा।

**बाबा की ज्योति**

▶▶ बीड़ बबरान के 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में देशभर से उमड़ेंगे श्रद्धालु : विनय शर्मा

# फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले....भजन पर झूमे श्यामप्रेमी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, :** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा शास्त्री नगर में 523वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजक नितिन मेहरा जॉनी परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमीयों ने पंक्तिबद्ध होकर दरबार में शीश नवाया। आमंत्रित गायकों पिहोवा से जतिन जिंदल और गौरव शान ने श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए जिनमें फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले..., सांवरे की महफि ल को सांवरा सजाता है...., साँवरिया ले चल परली पार...व हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं... इत्यादि काफी सराहे गए। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि ये हारे के सहारे हैं,दिनोंदिन श्यामप्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्याम आरती में गौरव गुप्ता,संजय चौधरी,मनोज गुप्ता, शिवम अरोड़ा,पियांशु तायल, वरुण गुप्ता,श्याम जुनेजा,जितेंद्र शर्मा,आशीष गंभीर,सुमन वर्मा,सुषमा,पुष्प व रीमा जुनेजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

# मतगणना दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी व पारदर्शिता से करें काउंटिंग स्टाफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि 18वें लोकसभा आम चुनाव 2024 के हुए चुनाव के तहत काउंटिंग स्टाफ मंगलवार 4 जून को होने वाली मतगणना प्रक्रिया में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर गलती या छोटी से छोटी चूक की भी कोई गुंजाइश नहीं है। मतगणना कार्य में लगे अधिकारी पूरी निष्पक्ष व पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए पूर्ण शुद्धता से मतगणना कार्य संपन्न



कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा तथा मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार शुक्रवार को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में मतगणना कर्मियों के लिए आयोजित प्रथम प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्य को संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए इस कार्य को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटि रहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। इसके बाद ईवीएम मशीन से मतों की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन से मतों की गणना के समय मशीन को सही तरीके से प्रदर्शित करना है और उसकी जानकारी सही उच्चारण कर जाली के बाहर बैठे अभिकर्ता एवं एजेंट को बतानी है। उन्होंने कहा कि अभिकर्ता एवं एजेंट को संतुष्ट करना है इसमें किसी प्रकार की विवाद की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया सहित पूरी तरह से मतगणना कक्ष, मतगणना परिसर, स्ट्रांग रूम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की नजर में रहेगी।

मतगणना स्थल पर मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नए स्टार्टअप में आने वाली मुश्किलों को दूर करने के लिए लगाया कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**कौशल विकास एवं** उद्यम शील मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान एवं जन शिक्षण संस्थान जिला पानीपत द्वारा फ्रेंडस इंजीनियरिंग सुखबीर सिंह मलिक सनोली रोड पानीपत के यहां नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने एवं नए स्टार्टअप में आने वाली मुश्किलों को दूर करने के लिए एक कैंप लगाया गया। पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आज सुखबीर सिंह मलिक सनोली रोड स्थित फ्रेंड्स इंजीनियरिंग के यहां प्रतिभागी ने उद्योग लगाने की बारीकियों को समझा। श्री शोभित मेठाणी प्रोग्राम ने कहा कौशल विकास एवं उद्देश्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाया



जा रहा है इस में इंटर्नशिप गवर्नमेंट प्रोग्राम मैं आने वाली पीढ़ियों स्किलयुक्त किया जा रहा है। आज इन प्रतिभागियों को इस तरह की इंडस्ट्री दिखाना और उनको बेसिक इंडस्ट्री खड़ी करने के लिए 5 पॉइंट प्रोग्राम से समझाया गया । यह किस प्रकार से अपनी इंडस्ट्री को खड़ा किया जा सकता है उसका उदाहरण सुखबीर सिंह मलिक है जिन्होंने एक खराद मशीन से इतनी बड़ी इंडस्ट्री को खड़ा किया है। फ्रेंड्स इंजीनियरिंग के मालिक सुखबीर सिंह मलिक ने कहा आने वाली पीढ़ी के बच्चों के भविष्य के लिए पढ़ाई शिक्षा और स्किल बहुत जरूरी है क्योंकि नौकरियां सभी के लिए नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### खेल स्कूल राई की विवरणिका खरीदने का आंकड़ा 8 लाख से बढ़कर 43 लाख तक पंहुचा



**राई: खेलकूद विधालय** राई में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने पर बच्चों को लेने आये अभिभावकों का जमावड़ा लगा। अभिभावकों ने खेल स्कूल राई के प्राचार्य कर्नल अशोक मोर के जमकर तारीफ की और कहा जब से अशोक मोर ने खेल स्कूल राई का कार्यभार संभाला है तब से प्रदेश के एकमात्र खेल स्कूल राई में बच्चों का रुझान बड़ा है , जिसका सीधा सीधा प्रमाण है की इस वर्ष खेल स्कूल राई ने सिर्फ विवरणिका से ही चवालीस लाख रूपए कमाए हैं । साल 2022 के सुरुवात में जहाँ सिर्फ 8 लाख के फॉर्म बिकते थे वहीँ साल 2024 की शुरूवात में यह आंकड़ा 43 लाख को पार कर गया जो स्कूल के इतिहास में सर्वाधिक है । अभिभावकों के चहरे पर इस बात की भी खुशी थी की अब उनके बच्चे नेशनल कैडेट कोर का भी हिस्सा हैं । स्कूल एन सी सी की यूनिट की (374) सीट हासिल करने वाला देश का पहला स्कूल बन गया है । नेशनल स्कूल गेम्स में 307 छात्रों ने इस साल हिस्सा लिया । कर्नल मोर ने बच्चों को अध्यातम और नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिए खेल स्कूल के 700 बच्चों को गीता का एक श्लोक को याद करवाया एक साथ उच्चारण करवाया । हॉस्टल में रामायण भवन, महभारत भवन, गीता भवन और चार वेद भवन की स्थापना की ।

### 25 वर्षों की सेवा कर सेवानिवृत्त हुए रणवीर सिंह

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**कन्या महाविद्यालय** खरखौदा में 31 मई को रणवीर सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक विदाई समारोह का आयोजन प्राचार्य वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति के उपप्रधान डॉ.सतबीर दहिया और समिति सचिव नीरज दहिया जी रहे।



रणवीर सिंह की नियुक्ति कन्या महाविद्यालय में (माली) के पद पर वर्ष 1999 में हुई थी। अपनी 25 वर्षों की लंबी सेवाएं उन्होंने बड़ी निष्ठा,लगन और ईमानदारी से पूरी की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें फूल मालाओं और विभिन्न उपहार भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी और उनकी महाविद्यालय के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और ईमानदारी की सराहना करते हुए अपने विचार भी व्यक्त किए। डॉ दर्शना दहिया ने भी उनके खुशहाल जीवन और लंबी आयु तथा अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए रणवीर सिंह को शुभकामनाएं दी। इस विदाई समारोह में प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ प्राचार्य वीरेंद्र दहिया तथा सभी स्टाफ सदस्यों (टीचिंग और नॉन टीचिंग ) ने उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। रणवीर सिंह ने भी अपने 25 वर्षों की लंबी सेवाओं के दौरान हुए अपने अनुभव और यादें भी साझा की। इस अवसर पर उनके पारिवारिक सदस्य और संबंधिजन आदि भी उपस्थित रहे'

### ब्रेन स्ट्रोक भारत में नई महामारी के रूप में उभर रहा है : एक्सपर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। ब्रेन स्ट्रोक भारत में** नई महामारी के रूप में उभर रहा है और हर साल 1.5 मिलियन से 2 मिलियन नए स्ट्रोक के मामले सामने आ रहे हैं। वास्तविक संख्या निश्चित रूप से अधिक होगी, क्योंकि इनमें से कई मरीज कभी भी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं तक नहीं पहुंच पाते हैं। शुक्रवार को करनाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आईवीवाई अस्पताल मोहाली में हेड न्यूरोइंटरवेंशन एंड एंडोवस्कुलर सर्जरी डॉ. विनीत सग्गर ने बताया कि भारत में प्रतिदिन लगभग 3000-4000 स्ट्रोक होते हैं और 2-3 प्रतिशत से अधिक का इलाज नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में ब्रेन स्ट्रोक की दर प्रति वर्ष एक लाख जनसंख्या पर 60-100 मामले है, जबकि भारत में यह एक लाख जनसंख्या पर 145 मामले के करीब है। वैश्विक स्तर पर सभी स्ट्रोक रोगियों में से 60 प्रतिशत भारत में हैं। कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि अब मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी नामक एक नई तकनीक के कारण, जो अब आइवी अस्पताल मोहाली में उपलब्ध है, इन रोगियों का इलाज 24 घंटों तक चयनित मामलों में किया जा सकता है।

# 15 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत , कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक अजीत** सिंह शेखावत द्वारा फुलमाला, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अच्छे स्वास्थय एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दी गई विदाई उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब (एचपीएस) व बापोली थाना प्रभारी आनरेरी इंस्पेक्टर अतर सिंह सहित 15 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त जिला पुलिस से उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब (एचपीएस), आनरेरी इंस्पेक्टर अतर सिंह, ईएसआई सुरजीत सिंह, ईएसआइ करण सिंह, ईएसआइ सुरेश कुमार, ईएसआइ दयानंद,



ईएसआइ रामकुमार, ईएसआइ जसमेर सिंह, ईएसआइ श्रीनिवास, ईएसआइ जसबीर सिंह, ईएसआइ उमेद सिंह, ईएएसआइ महेंद्र सिंह, ईएचसी बलराज, ईएचसी महेंद्र सिंह व सिपाही शमशेर सिंह का विभाग में कायार्काल पूरा होने पर शुक्रवार को सेवानिवृति के अवसर पर सम्मान में जिला पुलिस विभाग की और से लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने शिरकत की। उन्होंने सेवानिवृत हुए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को फुलमाला, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अच्छे स्वास्थय एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि डीएसपी धर्मबीर खर्ब व आनरेरी इंस्पेक्टर अतर सिंह ने पूरी लगन, मेहनत, इमानदारी से कार्य करते हुए समर्पित होकर विभाग में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की है। इनका कार्यकाल अति सराहनीय रहा है, इसके लिए ये विशेष रूप से बधाई के पात्र है। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के सर्विस के दौरान किये गय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है।

# गन्नौर विधानसभा के संयोजक व प्रभारी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया गन्नौर । सोनीपत लोकसभा** चुनाव की समीक्षा के लिए शुक्रवार को गन्नौर विधानसभा के संयोजक आजाद नेहरा व प्रभारी रविंद्र दिलावर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव की वास्तविक स्थिती के बारे में अवगत करवाया। लोकसभा चुनाव की समीक्षा लेने के बाद मुख्यमंत्री ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा।

# बलड़ी गांव के युवक की अमेरिका में सडक दुर्घटना में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** रहने वाले युवक की अमेरिका के वॉशिंगटन में मौत हो गई। युवक पार्सल डिलीवरी का काम करता था। काम के दौरान उसकी गाड़ी को कार ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान बलड़ी गांव के रहने वाले 23 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। युवक का शव भारत लाने के लिए अमेरिका में युवकों द्वारा डोनेशन एकत्रित किया जा रहा है। राहुल के पिता सुभाष ने बताया कि उनका परिवार मौजूदा समय में बसंत विहार में रहता है। उसका सपना था कि उसका बेटा विदेश में काम करे। इसके लिए उसने 50 लाख रुपए का कर्ज लिया और 8 महीने पहले डंकी के रास्ते उसे अमेरिका भेज दिया। करीब 2 महीने पहले ही उसे वॉशिंगटन में पार्सल डिलीवरी का काम मिला था। यहां वह पार्सल वाली गाड़ी चलाता था। 29 मई (भारत में 30 मई) की रात 9 बजे राहुल रेड लाइट पर गाड़ी में था। उसी दौरान दूसरी तरफ से तेज रफ्तार कार आई और राहुल की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। राहुल जब वॉशिंगटन में घर नहीं पहुंचा तो उसके रिश्ते में भाई लगने वाले रमन ने उसे कॉल की। नंबर बंद आने पर रमन ने अपने साथियों के साथ राहुल की तलाश शुरू कर दी। रेड लाइट पर उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हालत में मिली।

# सौशन जज और सीजेएम ने किया एमडीडी बाल भवन का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला और** सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन चंद्रशेखर व मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण डॉ. सविता कुमारी ने बताया कि माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार एमडीडी बाल भवन, फुसगढ़ रोड, करनाल में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल के लिए दौरा किया। इस दौरान संरक्षक पी.आर.नाथ भी वहां मौजूद थे।




समाज के निराश्रित बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या वे बच्चे जिनके माता-पिता उनका भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन पूरी लगन के साथ उनकी देखभाल कर रहा है। एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में लड़कियां रह रही हैं। सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही हैं। चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

# गर्मी में व्यवसायिक रूप से पेयजल का इस्तेमाल न करें

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार** दहिया ने लोगों से अपील की है कि वे गर्मी के इस मौसम में व्यवसायिक रूप से पेय जल का इस्तेमाल न करें। गर्मी के इस मौसम में पानी की खपत अधिक होती है। ऐसे में पानी के नल पर हमेशा टूंटियों का प्रयोग करें और पानी की जरूरत पूरी होने पर इसे बंद भी कर दें ताकि दूसरे जरूरतमंद लोगों को पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जो एडवाईजरी जारी की गई है उसकी पालना जरूर करें। गर्मी में जरूरत पडने पर ही घर से बाहर निकलें।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। स्वास्थ्य विभाग** करनाल द्वारा सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आईटीआई करनाल में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के छात्रों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया और साथ ही साथ यह भी बताया गया कि इस लत से बचाव के लिए किस प्रकार विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत बताया गया कि तंबाकू में 4000 से भी ज्यादा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व होते हैं जो मनुष्य के शरीर में सिर से लेकर पांव तक अलग-



अलग प्रकार के विकार पैदा करते हैं। बताया गया कि तंबाकू के इस्तेमाल से आंखों में मोतिया, गंजापन, मुंह का कैंसर, पेट में अल्सर व कैंसर, फेफड़े का कैंसर, गैंग्रीन, स्ट्रोक, प्रजनन क्षमता का कम होना व अन्य घातक बीमारियां हो सकती हैं। डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि हमारे देश में प्रतिवर्ष तकरीबन 13 लाख लोगों की मौत तंबाकू के उपयोग से होती है और यह आंकड़ा हर वर्ष बढ़ रहा है। तंबाकू का प्रचलन हरियाणा में बढ़ रहा है और साथ ही साथ यह एक गलत धारणा बन रही है कि तंबाकू का हुक्के में प्रयोग अच्छा है जबकि तंबाकू को हुक्के में उपयोग करने पर भी उतना ही नुकसान होता है जितना दूसरे तरीके से। एक्टिव स्मोकिंग जिस को फर्स्ट हैंड स्मोक कहा जाता है व पैसीव स्मोकिंग जिसे की सेकंड हैंड स्मोक कहा जाता है, के अतिरिक्त अब थर्ड हैंड स्मोक को भी घातक रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इसकी वजह से भी लोगों को घातक बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

थर्ड हैंड स्मोक का मतलब है जो धूम्रपान के कण हमारे दीवार या सतह पर आ गए हैं, उनकी वजह से स्वास्थ्य को नुकसान होना। उन्होंने बच्चों को जानकारी देते हुए तंबाकू से दूर रहने बारे आह्वान किया।

# विद्वान आचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने किया श्री सुदर्शन महायज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : देशभर में** संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्री जयराम विद्यापीठ की मुख्य यज्ञशाला में हैदराबाद से आए विद्वान



आचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के श्री सुदर्शन महायज्ञ एवं अनुष्ठान किया। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि डा. पी. सूर्यनारायण शास्त्री ने विद्वान आचार्यों के साथ हैदराबाद से आए श्रद्धालुओं के लिए श्री सुदर्शन महायज्ञ एवं अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया। इस महायज्ञ में विश्व कल्याण, मानव सुरक्षा और रोगों पर विजय के लिए सुदर्शन चक्र का आह्वान किया गया। डा. पी. सूर्यनारायण शास्त्री ने बताया कि सुदर्शन यज्ञ की उत्पत्ति सुदर्शन चक्र से हुई है, जो भगवान विष्णु (ब्रह्मांड के संरक्षक और पालनकर्ता) का सबसे बड़ा मानसिक हथियार है।

# 100 प्रतिशत सुरक्षा गार्डो को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य: गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा रैडक्रास** सोसाईटी ने 2024-25 के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का रोडमैप तैयार किया है, जिसके लिए गत दिवस रैडक्रास भवन चण्डीगढ़ में प्रदेश भर के जिला प्रशिक्षण अधिकारियों एंव प्रभारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वाईस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता, तथा भारतीय रैडक्रास सोसाईटी महासचिव डा0 मुकेश अग्रवाल द्वारा की गई। इस दौरान संयुक्त सचिव अनिल जोशी, राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान, फील्ड आफिसर अनिल कुमार, डिम्पल व सुमित मित्तल, सेफ डाट विशेष तौर पर उपस्थित रहे। रैडक्रास सचिव गौरव राम करण ने




बताया कि प्रदेश स्तरीय बैठक में उपायुक्त एवं प्रधान, जिला रैडकास सोसाईटी डा0 विरेन्द्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन में पानीपत से जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द ने भाग लिया। बैठक के दौरान वाईस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता तथा भारतीय रैडक्रास सोसाईटी के महासचिव डॉ0 मुकेश अग्रवाल ने जिला प्रशिक्षण अधिकारियों एंव प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ताकि वे अपने अधीन आने वाले कर्मचारियों को जानकारी देकर रैडक्रास के मूल उदेश्य को साकार कर सके।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द ने बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान जिला के सरकारी स्कूलों के 1700 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्राथमिक सहायता एंव गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया गया और जिला के 45 स्कूलों में बेसिक फर्स्ट एड जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। सी.पी.आर. वैन को जिला के सभी उपमण्डलों व खण्डों में ले जाकर 14965 लोगों को सी.पी.आर. के बारे जागरूक किया गया तथा 2023-24 में राज्य शाखा द्वारा दिये गये लक्ष्यों को पूर्ण किया गया।

जिला शाखा पानीपत द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को बैठक में सराहा गया। सचिव गौरव राम करण ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ओद्योगिक ईकाईयों में कार्यरत 100 प्रतिशत सुरक्षा गार्डो को तथा 30 प्रतिशत कर्मचारियों को प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि आपदा के समय जान-माल की सुरक्षा की जा सके।

उन्होनें बताया कि किसी भी आपदा के समय इंडस्ट्री में सबसे पहले वहां पर कार्यरत सुरक्षा गार्ड व कर्मचारी को रोल होता है और यदि उन्हें प्राथमिक सहायता के बारे पूर्ण जानकारी होगी, तो समय रहते दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाई जा सकती है। ओद्योगिक ईकाईयों में कार्यरत सुरक्षा गार्डो वा कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु आनलाईन साईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटहरियाणारैडक्रासडॉटइन पर नामांकन करवाया जा सकता है।

# योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून की तैयारियों के चलते कराया गया योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार** के निर्देशन में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून की तैयारियों के चलते आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान गुरूवार को सोनीपत, मुरथल, राई, खरखौदा तथा गन्नौर ब्लॉक के लिए हैबीटेट क्लब व गोहाना, कथूरा, मुण्डलाना ब्लॉक के लिए हंस ध्वनि ऑडिटोरियम सत्यानंद पब्लिक स्कूल में सुबह 06 बजे से 07:30 बजे तक डीपीई, पीटीआई




व अन्य अध्यापकों को आयुष विभाग के योग सहायकों व पतंजलि योग समिति शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रोटोकॉल करवाया गया। इस दौरान 366 कर्मचारियों व शहरवासियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक संगीता देवी, योग विशेषज्ञ एवं योग सहायक मोहित, नीरज, रेनू द्वारा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण करवाते हुए बताया कि नियमित रूप से योग, आसन व प्राणायाम करे तो कभी कोई तकलीफ नहीं होगी।

# नरेलाः सड़कों पर आवारा पशुओं के आतंक से लोग परेशान






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला में आवारा** पशुओं की बढ़ती संख्या लोगों के लिए सिरदर्द और जान का खतरा बन रही है। मुख्य मार्गों पर ही नहीं बल्कि बाजारो, गली मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है। खुलेआम घूम रहे यह आवारा पशु राहगीरों पर तो हमला करते ही हैं, अचानक वाहन चालकों के सामने भी आ जाते हैं जिससे वाहन चालक अपना संतुलन खो बैठता है और दुर्घटना का शिकार हो जाता है। दिन रात सड़कों पर डेरा जमाए रहने के कारण यातायात भी बाधित होता है। स्थिति यह है कि नरेला में आवारा गाय, बैल और सांड बीच सड़क पर बैठे रहते हैं। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, इन आवारा पशुओं का खौफ से न केवल राहगीर बल्कि दुकानदार भी खासे परेशान रहते हैं। इनके द्वारा आए दिन किसी न किसी ग्राहक या राहगीर पर हमला करना आम बात है। लेकिन इन सबके बीच दिल्ली नगर निगम इन आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए कोई खास करवाई करती नजर नहीं आती। इधर लोगों का कहना है कि नरेला में बढ़ते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा है। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में छोड़ने की जिम्मेदारी दिल्ली नगर निगम की है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। संभवतः वह किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। मैन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के महासचिव मनोज बंसल ने बताया कि नरेला में आवारा पशुओं के आतंक से राहगीर व स्थानीय निवासी ही परेशान नहीं है,बल्कि दुकानदार भी परेशान रहते हैं। आलम यह है कि लोग बेहद सावधान होकर बाजार का रुख करते हैं। थोड़ी सी नजर हटते ही या तो ये सामान का थैला छीन लेते हैं, या फिर पीछे से सींग मारते हैं। दिल्ली नगर निगम से मांग है कि नरेला में घूम रहे इन आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाए ताकि लोग परेशान ना हो। और उन्हें जान माल की हानि न हो। फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया का कहना है कि नरेला की सड़कों व चौराहों पर आवारा पशुओं का जमवाड़ा लगा रहता है। रात्रि के समय गाय सड़कों व चौराहों पर झुण्ड के रूप में बैठ जाती हैं। इसके चलते दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। वहीं इनके सड़कों व चौराहों पर झुण्ड के रूप में बैठने से गंदगी भी फैलती है जो कि सफाई कर्मियों व स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बनती है। कई बार तो ये लोगों पर हमला भी कर देते हैं। परंतु नगर निगम कर्मचारी व अधिकारी इस ओर चुप्पी साधे हुए हैं। हमारी मांग है कि दिल्ली नगर निगम जल्द ही आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कार्यवाही करें।



**जोगिंदर दहिया, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ नरेलाः आवारा** पशुओं का सड़कों पर जमावड़ा होने के कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी हैं। आवारा पशुओं की समस्या से नरेला वासियो को निजात दिलाने के लिए दिल्ली नगर निगम को बार-बार शिकायतों के बाद भी आवारा पशुओं की धरपकड़ के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शायद निगम अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।



**मनोज बंसल, महासचिव, मेंन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन नरेलाः दिल्ली** नगर निगम की ओर से आवारा पशुओं की धरपकड़ के लिए कोई प्रयास नहीं किए जाने के चलते लोगों का बाजारों, मार्गो पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है। एक-दो बार अभियान चलाने के बाद नगर निगम की ओर से पशुओं को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे चलते लोग परेशान है।

## जय प्रकाश यादव ने विधायक कार्यालय पर सुनीं लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश यादव ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि आप लोगों को जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने बताया कि विधायक संजीव झा क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहे है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र को कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की समस्या से परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि आज क्षेत्र में जो लोगों की पानी की समस्या थी उसका काफी हद तक समाधान किया गया है।



## गरीब, निर्धन व असहायों की मदद के लिए सभी आये आगेः संजय राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः संजय नगर** के समाजसेवी संजय राघव ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। संजय नगर के समाजसेवी संजय राघव ने आगे बताया कि गरीबों व असहायों की मदद करना पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के लिए आगे आये। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी शिक्षित और जागरूक बने और विकास की ओर आगे बढ़े।



## केजरीवाल राज में नर्क बनी दिल्ली, नर्कवासी हुए दिल्ली वालेः सोनम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आज देश में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में बची हुई सभी सीटों पर मतदान होने के बाद देश में, तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनाने बनने जा रही है। भारत ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन क्यों बनाया है इसका सीधा-सीधा कारण है, नेक नीयत, नेक नीतियां और राष्ट्रनिष्ठा। यह सारी बातें त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-62 शकूरपुर में रहने वाली भाजपा नेत्री सोनम चड्ढा ने कही। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में भी जनता ने वोटिंग करके दिखा दिया है कि वह मोदी के साथ है और तीसरी बार भी देश में मोदी सरकार बनने जा रही है,जिसके लिए पूरा देश अभी से ही जश्न मनाने की तैयारियों में जुट गया है।



**इंडी गठबंधन नहीं महा ठगबंधन हैः** हमारे देश का पवित्र संविधान को तोड-मरोड को अपने हिसाब से चलाने के लिए ही इंडी गठबंधन का गठन किया गया था, जो यह लोग अकेले नहीं लूट पाए वह अब एक साथ होकर देश को लूटना चाहते है, वहीं आरक्षण के नाम पर भी देश की भोली जनता को गुमराह करने का काम किया गया है।

## पेड़-पौधों का हमारे जीवन में है विशेष महत्वः सुमेर सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। पेड़ हमें ऑक्सीजन, भोजन, आश्रय और बहुत कुछ देते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



## हिमांशु भाऊ गिरोह पर लगा मकोका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली, उत्तर** प्रदेश, हरियाणा में आतंक का पर्याय बने हिमांशु भाऊ गिरोह पर अब दिल्ली पुलिस ने मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) लगा दिया है। इस गिरोह के बदमाशों ने तिलक नगर के एक कार शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। इस दौरान करीब 6 लोग घायल हो गए थे। दरअसल, पिछले दिनों तिलक नगर के एक कार शोरूम पर ताबड़तोड़ फायरिंग में शीशे पर गोली लगी थी।

## बरवालाः दोपहर से रात तक लगा रहा भयंकर ट्रैफिक जामः दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः रेजीडेन्स** वैलफेयर एसोसिएशन बरवाला गांव के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कमिश्नर दिल्ली पुलिस और दिल्ली यातायात पुलिस को एक्स पर पोस्ट कर उनको सूचित किया है कि आज दोपहर तीन बजे से रात के आठ बजे तक गांव के मेन बवाना रोड़ पर भयंकर जाम लगा है। गाडियां एक इंच भी नहीं सरक रही हैं। इस भीषण गर्मी में यातायात जाम होने से वाहनों में बैठे यात्रियों की हालत खराब हो रहे है। आवश्यक काम से इस रास्ते का प्रयोग लोग रोहिणी और बवाना आने जाने के लिए करते हैं। यहां यूनियन बैंक के पास निमार्णाधीन यूईआर-2 के कारण प्रतिदिन सुबह से देर रात तक जाम लगना आम बात हो गई है। इसकी शिकायतें लगातार ट्रैफिक सर्किल नरेला के टीआई और ट्रैफिक पुलिस की हेल्प लाईन पर मैं खुद कर चुका हूं। यूईआर-2 पर बरवाला गांव की रेडलाइट भी बंद पड़ी है। यहां चौराहा बना हुआ है। जल्दी निकलने के चक्कर में लोग वाहन फंसा देते हैं। रांग साईड से आते वाहन भी जाम का कारण बनते हैं। वत्स ने यहां रेड लाइट शुरू कराकर नियमित रूप से यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने की मांग करते हुए अभी इस जाम को खुलवाने के लिए पुलिस कर्मियों को भेजने की मांग की है।




# पानी की किल्लत को लेकर भाजपा ने सीएम केजरीवाल के कार्यालय के बाहर खोला मोर्चा, किया विशाल प्रदर्शन








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः जहां एक** और तो दिल्ली वालें गर्मी के 50 डिग्री तापमान की तपिश में जल रहे है, वहीं दूसरी ओर पीने के पानी की किल्लत को लेकर दोहरी मार झेलने पर विवश है। वहीं राजधानी दिल्ली में चल रही पानी की भारी किल्लत और घोटालों को लेकर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय के बाहर भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

**भाजपा के कई बड़े नेताओं ने केजरीवाल के खिलाफ खोला मोर्चाः** प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ-साथ दिल्ली प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज, लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा, लोकसभा प्रत्याशी रामबीर बिधूडी, चांदनी चौक लोकसभा सीट से प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल, जिला चांदनी चौक अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, मॉडल टाउन विधानसभा स्थित वार्ड नंबर 68 से निगम पार्षद विकेश सेठी, पार्षद सुशील जोंटी, मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी, भाजपा नेता हरीश असडी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित सेठी सहित सभी जिलो के अध्यक्ष और भाजपा के हजारों कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

**ब्यानबाजी से नहीं बुझती प्यासः** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया है कि जब तक अरविंद केजरीवाल जेल में थे तो आम आदमी पार्टी यह कहकर लोगों से सहानुभूति पाने की कोशिश करती रही कि केजरीवाल जेल में बैठकर दिल्ली के पानी और स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं। लेकिन जब से केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं उन्होंने एक बार भी दिल्ली की पानी की समस्या पर कोई काम नहीं दि या। केजरीवाल सरकार केवल राजनीति करके लोगों की प्यास बुझाने की कोशिश कर रही है।

प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि गरीब लोगों को अपनी प्यास शांत करने के लिए या पानी के टैंकरों के भरोसे रहना पडता है या फिर बाज़ारों से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड रहा है। योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली में पानी की समस्या हुई है। इसकी सीबीआइ जांच होनी चाहिए। बांसुरी स्वराज ने कहा प्रचंड गर्मी में दिल्ली के लोग पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।




## वित्तपोषित अल्पसंख्यक संस्थानों को प्रिंसिपल और शिक्षकों की नियुक्ति का पूरा अधिकारः कोर्ट




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली हाई कोर्ट** ने कहा है कि वित्तपोषित अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को अपना प्रिंसिपल, टीचर्स और दूसरे स्टाफ को नियुक्त करने का पूरा अधिकार है। जस्टिस सी हरिशंकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सरकार की ओर से अल्पसंख्यक संस्थानों को मदद देने का मतलब ये नहीं है कि इन संस्थाओं का कानूनी अधिकार खत्म हो जाता है। हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक संस्थानों को दिए जाने वाले ग्रांट के उपयोग की मानिटरिंग कर सकता है लेकिन सरकार अल्पसंख्यक संस्थानों के हर फैसले तय नहीं कर सकती है जैसे कि प्रिंसिपल, टीचर्स और दूसरे स्टाफ की नियुक्ति का मामला। हाई कोर्ट ने विभिन्न फैसलों का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट में वित्तपोषित अल्पसंख्यक संस्थानों को काफी अधिकार देता है ताकि वे अपने अल्पसंख्यक संस्थान के चरित्र को बरकरार रख सकें। हाई कोर्ट ने कहा कि सरकार को भाषायी अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित किए जा रहे संस्थानों के प्रशासन और प्रबंधन में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 29(1) के मुताबिक भाषायी अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा और संस्कृति को संरक्षित रखने का पूरा अधिकार है। ऐसे में उन संस्थानों को भी वैसे लोगों को चुनने का अधिकार है जो भाषा और संस्कृति को संरक्षित रख पाने की योग्यता रखते हों।

दरअसल हाई कोर्ट दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिशएन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में मांग की गई थी कि कोर्ट दिल्ली शिक्षा निदेशालय को निर्देश दे कि वो प्रिंसिपल और शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्ति को स्वीकृति दे। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि दिल्ली शिक्षा निदेशालय की भूमिका केवल प्रिंसिपल और टीचर्स की योग्यता और अनुभव को रेगुलेट करने तक सीमित है।

# गुरुग्राम पुलिस ने 12 लाख रुपये के 156 मोबाइल तलाशकर मालिकों को सौंपे

**सराहनीय कार्य**

**सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल की मदद से तलाशे मोबाइल**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

के गुम हुए मोबाइल तलाशने के मामले में गुरुग्राम पुलिस लगातार काम कर रही है। अब तक करोड़ों रुपये के मोबाइल ढूंढकर असल मालिकों को सौंपे गए हैं। एक बार फिर से पुलिस ने 12.12 लाख रुपये के 156 मोबाइल ढूंढकर मालिकों को सौंपे हैं। सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल की मदद से ये मोबाइल ढूंढे गए हैं। ईन्चार्ज साईबर सैल मानेसर एएसआई सन्दीप कुमार की पुलिस टीम को मोबाईल फोन्स गुम होने के सम्बन्ध में विभिन्न माध्यमों से सूचनाएं मिलीं। जिस पर पुलिस टीम द्वारा मोबाईल फोन की गुमशुदा शिकायतों/सूचनाओं पर कार्यवाही करते हुए लोगों के गुम हुए 156 मोबाईल फोन्स को सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल की मदद से ढूंढ निकाला गया। बरामद किए गए इन मोबाईल फोन्स की कीमत करीब 12 लाख 12 हजार रुपए है। सहायक पुलिस आयुक्त मानेसर सुरेंद्र सिंह ने ढूंढे गए मोबाइल को असल मालिकों को सौंपा है। लोगों ने अपने गुम हुए मोबाईल फोन को पाकर खुशी जाहिर करते हुए गुरुग्राम पुलिस का धन्यवाद किया।

उन्होंने बताया कि सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल दूरसंचार विभाग का एक नागरिक केंद्रित पोर्टल है। यह पोर्टल मोबाइल उपकरणों को उनके अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान आईएमईआई नंबरों से ट्रैक करने के लिए बनाया गया है। अगर किसी का मोबाईल फोन गुम या चोरी हो जाता है, तो उस आईएमईआई को बन्द कराया जा सकता है। इसके लिए संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करानी होती है। गुरुग्राम पुलिस आम जनता से अपील करती है जब भी कोई मोबाइल गुम हो जाये तो उसकी शिकायत 222.ष्द्गद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर जरूर करें, ताकि आपके मोबाइल फोन को ढूंढकर आपको दिया जा सके।

# फरीदाबाद में अधिवक्ताओं की मांग, बने हाईकोर्ट की बैंच

**बैठक**

**जिला बार एसोसिएशन की बैठक शक्रवार को बार रूम की लाईब्रेरी में आयोजित की गई**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

जिला बार एसोसिएशन की बैठक शक्रवार को बार रूम की लाईब्रेरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान जोगिन्द्र सिंह नर्वत व सैक्रेटरी पवन पाराशर ने की। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद क्षेत्र में हाईकोर्ट की बैंच बने, जिससे हरियाणा प्रदेश के एक बहुत बड़े हिस्से में रह रहे लोगों को बहुत सहूलियत होगी।

बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि अगर पंजाब एण्ड हरियाणा की एक बैंच फरीदाबाद में बन जाए तो अधिवक्ताओं के साथ-साथ जिला पलवल, गुरुग्राम, नूंह, इत्यादि क्षेत्रों के मुव्वकीलों को भी इसका बहुत फायदा मिलेगा।

अभी हाईकोर्ट चण्डीगढ में स्थित है जोकि यहां से 300 किलोमीटर दूरी पर है और हमारे क्षेत्र के लोग दूरी की वजह से कई बार अपने अहम मुद्दों को उच्च न्यायालय में दायर करने में असहज महसूस करते है। वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन गुप्ता ने कहा कि फरीदाबाद बार ऐसोसिएशन की अधिवक्ताओं की संख्या लगभग 5000 से अधिक हो गई है और हरियाणा प्रदेश में दूसरे नम्बर की बार है और उम्मीद है कि इस साल करीब 200-300 अधिवक्तओं का रजिस्ट्रेशन ओर होगा साल के अन्त में अधिवक्ताओं की संख्या लगभग 5500 हो जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल भवन में समर कैंप का आयोजन एक से 30 जून तक

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष राहुल नरवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल भवन, फतेहाबाद में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए एक जून से 30 जून तक समर कैंप कक्षाएं लगेगी। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को बढ़ चढकर इस समर कैंप में भाग दिलवाए ताकि उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि समर कैंप के दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे डांस कक्षाएं, कक्षाएं (केवल लड़कियों हेतू), कंप्यूटर बेसिक कक्षाएं, सिलाई-कढ़ाई की बेसिक कक्षाएं, स्पेशल ट्यूशन कक्षाएं, पेंटिंग कक्षाएं, जुडो कराटे कक्षाएं व योगा कक्षाएं तथा इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाएं आदि चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला समर कैंप में करवा सकते हैं, ताकि उनकी प्रतिभाओं में निखार लाया जा सके। समर कैंप के दौरान 14 वर्ष तक के बच्चों व लड़कियों के लिए डांस कक्षाएं, लड़कियों व महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई, 5वीं कक्षा के बच्चों के लिए स्पेशल ट्यूशन कक्षाएं तथा सभी इच्छुक बच्चों के लिए कंप्यूटर बेसिक, पेंटिंग, जुडो कराटे व इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाएं आयोजित करवाई जाएगी।

### जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी की लगाई ड्यूटियां

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निदेर्शों की अनुपालना में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोगों को कानूनी जागरूकता देने के लिए जून माह में मोबाइल वैन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस मोबाइल वैन में पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर (पीएलवी) की ड्यूटियां निर्धारित की गई है। ये पैनल अधिवक्ता व पीएलवी नालसा व हालसा की विभिन्न कानूनी स्कीमों व विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे।

इस बारे जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि यह मोबाइल वैन एक जून से जिला के गांवों के लिए शुरू की जाएगी, जो निर्धारित किए गए गांवों में जाएगी। इस दौरान पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी द्वारा लोगों को नालसा व हालसा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा दी जा रही कानूनी सहायता, लोक अदालत, विधवा योजनाएं, श्रम कानून, फैक्ट्री एक्ट, चाइल्ड मैरिज, राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाने वाले मामले, सिविल राइट, एनिमल एक्ट व वेलफेयर सहित विभिन्न कानूनी स्कीमों व विषयों बारे जागरूक करेंगे।

उन्होंने बताया कि एक जून को गांव धांगड़ व बड़ोपल में अधिवक्ता सुभाष चंद्र जांगू व पीएलवी बलबीर सिंह, 3 जून को गांव बरसीन व झलनियां में अधिवक्ता संजीव कुमार व पीएलवी सुनीता, 4 जून को सालमखेड़ा व चपलामोरी में अधिवक्ता शहनवाज व महेंद्र सिंह, 5 जून को मानावाली व कुकड़ावाली में अधिवक्ता कपिल कुमार व पीएलवी अनिता क्रांति, 6 जून को बीघड़ व बनगांव में अधिवक्ता विनोद कामरा व पीएलवी रेखा रानी, 7 जून को जांडली कलां व खुर्द में अधिवक्ता पूनम रानी व पीएलवी मुन्नी देवी, 11 जून को गांव अयाल्की व ढाणी चाणचक में अधिवक्ता एमएल भांभू व पीएलवी राकेश कुमार, 12 जून को दरियापुर व खैराती खेड़ा में अधिवक्ता श्वेता रानी व पीएलवी राजबाला, 13 जून को बिसला व माजरा में अधिवक्ता सुमनलता व पीएलवी प्रमिला कुमारी, 14 जून को खान मोहम्मद व मल्हड़ में अधिवक्ता मुकेश कुमार व पीएलवी लक्ष्मी देवी, 15 जून को गांव अलिका व पिलछिया में अधिवक्ता राम चंद्र व पीएलवी सरवजीत कौर मोबाइल वैन के साथ कानूनी स्कीमों व विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे।सीजेएम गायत्री ने बताया कि 18 जून को गांव हमजापुर व अहरवां में अधिवक्ता सुखदेव सिंह व पीएलवी सरवेश अरोड़ा, 19 जून गांव लाली व अलालवास में अधिवक्ता दीपक कुमार व पीएलवी जय प्रकाश, 20 जून को गांव रत्ताखेड़ा व भरपुर में अधिवक्ता सीता व पीएलवी मंदीप कौर, 21 जून को गांव लाधुवास व सरदारेवाला में अधिवक्ता राजवंत कौर व पीएलवी वीरपाल कौर, 24 जून को गांव समैण व नंगला में अधिवक्ता औम प्रकाश गिल व पीएलवी श्रवण कुमार, 25 जून को गांव दमकौरा व कुदनी में अधिवक्ता सुनील अनेजा व पीएलवी नीरू, 26 जून को गांव मादुवाला व अमानी में अधिवक्ता रमेश शर्मा व पीएलवी कृष्ण कुमार, 27 जून को गांव डांगरा व ललौदा में अधिवक्ता एमएल गोस्वामी व पीएलवी रामपाल सिंह तथा 28 जून को गांव अकांवाली व इंदोछोई में अधिवक्ता प्रवीण कुमार व पीएलवी मंगरू राम लोगों को नालसा व हालसा की विभिन्न कानूनी स्कीमों व विषयों पर जागरूक करेंगे।

# फतेहाबाद के जांडली में मिला कोबरा सांप

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले के जांडली गांव में शुक्रवार को एक कोबरा सांप देखा गया। कोबरा सांप ईंटों के ढेर के पीछे छुपा हुआ था। जैसे ही एक परिवार की नजर इस सांप पर पड़ी तो उसके होश उड़ गए। ये सांप काफी लंबा था। परिवार ने स्नेकमेन पवन जोगपाल को फोन किया और उससे सांप को पकड़ने का आग्रह किया। सूचना मिलते ही पवन जोगपाल गांव जांडली पहुंच गया। उसने ईंटों के ढेर से कोबरा सांप का रेस्क्यू शुरू किया।

ईंटों को हटाने पर उसे सांप दिखाई दिया। उसने अपनी स्टिक से सांप को बाहर निकाला। तभी रेस्कयू के दौरान कोबरा सांप ने अचानक पवन जोगपाल पर हमला कर दिया।

# हिसार : एचएयू वैज्ञानिकों द्वारा विकसित धान थ्रेशर (मशीन) को मिला पेटेंट

**उपलब्धि**

**इस मशीन को सरकार की ओर से इसका प्रमाण-पत्र मिल गया है जिसकी पेटेंट संख्या 536920 है।**




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक और उपलब्धि को विश्वविद्यालय के नाम किया है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई ड्रायर, डी हस्कर और पॉलिशर के साथ एकीकृत धान थ्रेशर मशीन को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय की ओर से पेटेंट मिल गया है। विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित यह मशीन किसानों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। मशीन का अविष्कार महाविद्यालय के फार्म मशीनरी और पावर इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. मुकेश जैन, आईसीएआर के पूर्व एडीजी डॉ. कंचन के. सिंह और आईआईटी दिल्ली की प्रोफेसर सत्या की अगुवाई में किया गया। इस मशीन को भारत सरकार की ओर से इसका प्रमाण-पत्र मिल गया है जिसकी पेटेंट संख्या 536920 है।वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का नतीजा है विश्वविद्यालय की उपलब्धियां : प्रो. बीआर कम्बोज

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शुक्रवार को कहा कि विश्वविद्यालय को लगातार मिल रहीं उपलब्धियां यहां के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का ही नतीजा हैं। विकसित की गई इस नई तकनीक के लिए पेटेंट मिलने पर उन्होंने सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि इस तरह की तकनीकों के विकास में सकारात्मक प्रयासों को विश्वविद्यालय हमेशा प्रोत्साहित करता रहता है। वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर प्रयास जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि चावल लोगों के मुख्य खाद्य पदार्थों में शामिल है। अब किसान खेत में ही मशीन का उपयोग कर-के धान के दानों को फसल से अलग कर सकेंगे, सुखा सकेंगे, भूसी निकाल सकेंगे (भूरे चावल के लिए) और पॉलिश कर सकेंगे (सफेद चावल के लिए)। पहले किसानों को धान से चावल निकालने के लिए मिल में जाना पड़ता था। अभी तक खेत में ही चावल निकालने की कोई मशीन नहीं थी। अब किसान अपने घर के खाने के लिए भी ब्राउन राइस (भूरे चावल) निकाल सकेंगे।

सफेद चावल की तुलना में इसमें ज्यादा पोषक तत्व होते हैं, क्योंकि यह किसी रिफाइन या पॉलिश प्रक्रिया से नहीं गुजरता। सिर्फ इसके ऊपर से धान के छिलके उतारे जाते हैं। इससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैलोरी मिलती है।

# देह व्यापार का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

अर्जुननगर चौकी पुलिस ने वेश्यावृत्ति के धंधे का भंडाफोड़ कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को चारों को कोर्ट में पेश कर दो आरोपितों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया जबकि अन्य दो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अर्जुननगर चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि एक महिला ने सूचना दी थी कि आरोपित अंजिल, अंकित, विकास, राजकुमार वेश्यावृत्ति का धंधा करा रहे हैं। आरोपितों ने उसकी तीन वर्ष की बेटी को अपने पास रखा हुआ है और उसी की दम पर वह उससे भी वेश्यावृत्ति करा रहे हैं। चौकी इंचार्ज ने बताया कि इस सूचना पुलिस ने केस दर्ज किया और सबसे पहले माडल कालोनी निवासी अंजिल चोपड़ा उर्फ ईशू को पकड़ा। उससे जानकारी के बाद आरोपित अंकित के घर पर छापा मारा कर बच्ची को भी सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपितों के साथी इशरपुर निवासी अंकित, बमनौली निवासी विकास कुमार व नालागढ़ निवासी राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को चारों आरोपितों को स्थानीय कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से आरोपित अंजिल व अंकित को दो दिन के लिए रिमांड पर लिया है, जबकि अन्य दो आरोपितो को जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेवाड़ी: गंदे पानी से परेशान लोगों ने किया रोड़ जाम

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

जिले के कस्बा कोसली में शुक्रवार को सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। सूचना के बाद कोसली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझाने की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई तो जाम लगाने वाले लोगों ने सड़क को खोल दिया।

कोसली के साल्हावास रोड पर संगम सिनेमा के सामने कॉलोनी के लोग पिछले कई दिनों से सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान हैं। सीवर का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

# यमुनानगर: बिजली के ट्रांसफार्मरों को भी लगी गर्मी, किया जा रहा है ठंडा



**तापमान**

**बढ़ते तापमान से ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाएं ना हो इसके लिए इन्हें ठंडा रखा जा रहा है।**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

तेज गर्म हवाओं के चलते बिजली के ट्रांसफार्मर भी अधिक गर्म हो रहे है। बिजली विभाग का यही प्रयास है कि बढ़ते तापमान से ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा ना हो इसके लिए इन्हें ठंडा रखा जा रहा है।

इसी कड़ी में 66 केवी ग्रेड सब स्टेशन गोविंदपुरी में ट्रांसफार्मरों के तापमान को कम रखने के लिए वाटर कूलरों द्वारा ठंडा किया जा रहा है ताकि ट्रांसफार्मर अधिक गर्म न हो।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए सब स्टेशन के इंजीनियर ओम कृष्ण ने बताया कि इस सब स्टेशन से शहर के 23 फीडरों को सप्लाई दी जा रही है। इन ट्रांसफार्मरों के पास आठ-आठ वाटर कूलर लगाए गए हैं। जबकि वाटर पाइप लाइन के द्वारा बेस बॉडी को भी ठंडा रखा जा रहा है ताकि ओवरहीट को रोकने का प्रयास किया जा सकें।

इसके अलावा शहर के अन्य सब स्टेशन जैसे पेपर मिल और चांदपुर में भी इस तरह का प्रयोग किया गया है। शहर में जो छोटे सब स्टेशन है वहां पर सभी स्टेशन के अंदर फराटे पंखे लगाए गए हैं ताकि ट्रांसफार्मर का तापमान कम रहें। उन्होंने बताया कि 2023 के मुकाबले इस बार रिकॉर्ड तोड लोड बड़ा है। बारिश न होने से पिछले वर्ष यह लोड 55 एमवीए था जो अब बढ़कर 63 एमवीए हो गया है।

वही अधीक्षक अभियंता जे.सी. शर्मा ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले अधिक गर्मी होने से ट्रांसफार्मर का लोड 50 से 60 प्रतिशत बढ़ गया है।

पिछले वर्ष जहां प्रतिदिन 50 से 60 लाख यूनिट बिजली प्रतिदिन दी जा रही थी वहीं आज 80 लाख यूनिट बिजली की खपत हो रही है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है और जिले में 24 घंटे बिजली सुचारू रूप से दी जा रही है।

# कोर्ट में फर्जी जमानती पेश करने पर चार पर केस दर्ज

**धोखाधड़ी**

**साइबर क्राइम के मामले में आरोपित की जमानत के लिए फर्जी जमानती पेश करने का मामला सामने आया है**




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

साइबर क्राइम के मामले में आरोपित की जमानत के लिए कोर्ट में फर्जी जमानती पेश करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट के रीडर की शिकायत पर फर्जी जमानती व वकील सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में सीजेएम फतेहाबाद अंबरदीप सिंह कोर्ट के रीडर यादविन्द्र सिंह नेहरा ने कहा है कि बल्लभगढ़ के गांव गौच्छी निवासी रोहित कुमार के खिलाफ 12 अप्रैल को धोखाधड़ी के आरोप में साइबर अपराधा थाना फतेहाबाद में केस दर्ज हुआ था। 30 मई को उसके द्वारा कोर्ट में अपनी जमानत बांड प्रस्तुत करते समय रणदीप पुत्र राजकुमार निवासी कुलेरी ने कोर्ट में अपने आप को राकेश पुत्र भूप के तौर पर पेश किया था। रणदीप की राकेश के रूप में शिनाख्त दर्शना पंच और आरोपित के दादा राजपाल सिंह ने झूठी पहचान की गई। रीडर की शिकायत पर रणदीप ने खुद को राकेश के रूप में जाली दस्तावेज पेश करने व दर्शना पंच व राजपाल और एडवोकेट सचिव डूडी के खिलाफ कोर्ट को धोखा देने का मामला दर्ज किया गया है।

# हिसार: खनन व्यवसायी वेदपाल तंवर को ईडी ने किया गिरफ्तार

**बड़ी कार्रवाई**

**नोटिसों का जवाब देने दिल्ली गए तंवर को पकड़ा, नौ माह पहले छापेमारी में ईडी ने जुटाए थे दस्तावेज**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। मूल रूप से भिवानी निवासी एवं यहां के सेक्टर 15 में रह रहे वेदपाल तंवर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों ईडी की ओर से दिए गए नोटिस का जवाब देने के लिए दिल्ली गए वेदपाल तंवर को शुक्रवार को वहीं पर गिरफ्तार कर लिया गया।

बताया जा रहा है कि भिवानी के डाडम में वेदपाल तंवर का खनन का बड़ा कारोबार है। लगभग नौ माह पहले पहले 3 अगस्त 2023 को यहां के सेक्टर 15 स्थित उसके आवास पर ईडी ने छापा मारा था। इस दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले थे। इन दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों की हेराफेरी का आरोप था। इसके बाद ईडी ने नोटिस जारी कर कई बिंदुओं पर वेदपाल तंवर से जवाब मांगा था। बताया जा रहा है कि जवाब देने में वेदपाल तंवर न केवल देरी की बल्कि ईडी की कार्रवाई में सहयोग भी नहीं किया था। यहां तक कि वेदपाल तंवर की पत्नी ने भी ईडी टीम के सदस्यों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया और कई सवालों के जवाब देने से बचते रहे थे। इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने लगभग नौ माह पहले खनन व्यवसायी वेदपाल तंवर और हांसी में कांग्रेस नेता सुरेंद्र मलिक के साथ-साथ अर्बन एस्टेट में रहने वाले एडवोकेट वजीर कोहाड़ के घर पर रेड की थी। ईडी उस दौरान इनके घर पुलिस सुरक्षा में पहुंची थी। वेदपाल तंवर उस समय घर पर नहीं थे। तंवर की पत्नी और बेटी घर पर ही थी। छापे के दौरान किसी को बाहर नहीं जाने दिया गया। तीनों के घरों पर ईडी ने कई घंटों तक दस्तावेज खंगाले थे और पूछताछ की थी। ये सभी भिवानी के खानक डाडम खनन कारोबार से जुड़े हैं। तीनों का इकट्ठा ही व्यवसाय है। ईडी की टीम वेदपाल के घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अलावा आंगन में खड़ी लग्जरी रेंजरोवर गाड़ी अपनी कस्टडी में लेकर दिल्ली चली गई थी। हालांकि तब परिवार वालों ने टीम को बताया था कि यह गाड़ी तंवर के दोस्त की है, लेकिन वे इससे संतुष्ट नहीं हुए। ईडी टीम ने तंवर के घर की दीवारों को मशीनों से चेक किया। इतना ही नहीं घर की पानी वाली टंकी और पड़ोसियों की छतों को भी चेक किया था। तंवर की बेटी मनीषा और पत्नी सुशीला ने बताया था कि अधिकारी अपने फोन से ही तंवर से बात करते थे। वे सारे बैंक खातों, पैन कार्ड, आधार कार्ड के नंबर ले गए।

२घर के मोबाइल, लेपटॉप चेक किए और गहनों के बिल भी मांगे। तंवर की भिवानी में छपार गांव में 200 किले पुश्तैनी जमीन और स्कूल भी है। वेदपाल तंवर मूलत तोशाम के रहने वाले हैं और मिर्चपुर कांड में कुछ दलित परिवारों को अपने फार्म हाउस पर ठहराया था। तब वे काफी चर्चा में आए थे।

# लापता नाबालिग लड़की को पुलिस ने बिहार में ढूंढ निकाला



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

परिजनों से नाराज होकर घर से लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को थाना सूरजकुंड और सेक्टर-46 पुलिस टीम ने बिहार से ढूंढने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसे शुक्रवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और परिजनों को सख्त हिदायत दी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लड़की अपने घर से बिना बताए निकल गई थी, जिसको परिजनों ने काफी तलाश किया गया। उसके न मिलने पर परिजनों ने पुलिस चौकी सेक्टर-46 में 15 मई को शिकायत दी थी। इसके बाद पुलिस ने अपने गुप्त सूत्रों से लड़की का उसके मूल गांव बिहार में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने लापता लड़की को बरामद कर परिजनों के सामने कोर्ट में 164 सीआरपीसी के बयान दर्ज कराए। नाबालिग लडकी ने बताया कि वह किसी बात को लेकर नाराज थी और वह अपने गांव चली गई थी। अब वह अपने परिजनों के साथ जाना चाहती है। परिजनों को हिदायत देते हुए पुलिस ने लड़की को उनके हवाले कर दिया है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 01 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# जानलेवा बनी सूरज की तपिश

## भीषण गर्मी ने यूपी के 164 तो बिहार के 60 समेत 227 की ली जान, दिल्ली में भी पहली मौत

**वोट मांगा**

**भयंकर गर्मी और लू से देशभर में 227 लोगों की मौत हो गई। इनमें सर्वाधिक 164 मौतें यूपी में हुईं।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भयंकर गर्मी और लू से देशभर में 227 लोगों की मौत हो गई। इनमें सर्वाधिक 164 मौतें यूपी में हुईं। वहीं, बिहार में भी 60 लोगों की मौत हो गई। सर्वाधिक 20 मौतें औरंगाबाद जिले में हुईं। दिल्ली में पहली मौत हुई है। जिस मजदूर की जान गई, उसे 107 डिग्री बुखार था। हरियाणा में भी दो मौतें हुईं। यूपी में सर्वाधिक 72 मौतें वाराणसी और आसपास के जिलों में हुईं। वहीं, 47 की मौत बुंदेलखंड और कानपुर मंडल में हुई। इनमें महोबा में 14, हमीरपुर में 13, बांदा में पांच, कानपुर में चार, चित्रकूट में दो, फरुर्खाबाद, जालौन और हरदोई में एक-एक मौतें हुईं। इसके अलावा, प्रयागराज में 11, कौशांबी में नौ, झांसी में छह, अंबेडकरनगर में 4, गाजियाबाद में एक नवजात समेत चार, गोरखपुर व आगरा में तीन, प्रतापगढ़, रामपुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर और पीलीभीत में भी एक-एक की मौत हो गई।

**फरीदकोट @48.3 डिग्री, देश में सबसे गर्म:** पंजाब का फरीदकोट और राजस्थान का श्रीगंगानगर देश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 48.3 डिग्री रहा। यूपी के बुलंदशहर में पारा 48 डिग्री रहा। वहीं, नई दिल्ली में पारा 45.6 और नोएडा में 47.3 डिग्री सेल्यिस दर्ज किया गया। देश में 41 जगहों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री या उससे अधिक रहा। राजस्थान के पिलानी में 47.6 डिग्री सेल्सियस, हनुमानगढ़ के सांगरिया में 47.2 डिग्री सेल्सियस, चुरू में 47 डिग्री और फलोदी में 46.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। बीकानेर में पारा 46.8 डिग्री, जैसलमेर में 46.1 डिग्री, अलवर में 46 डिग्री, धौलपुर में 45.9 डिग्री, जयपुर में 45.3 डिग्री और कोटा में 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**केरल पहुंचा मानसून, पूर्वोत्तर में भी दस्तक:** केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तय समय से दो दिन पहले दस्तक दे दी है। आमतौर पर यहां मानसून एक जून को पहुंचता है।

मानसून पूर्वोत्तर के राज्यों अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर व असम में भी पहुंच चुका है।

**दिल्ली में 27 जून तक पहुंचने का अनुमान...**

मौसम विभाग ने मानसून के 27 जून तक राजधानी दिल्ली में पहुंचने का अनुमान जताया है। साथ ही मौसम विभाग ने आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में अगले पांच दिन तक बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने मेघालय में अगले पांच दिनों में गरज और बिजली के साथ भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया।

### प्रयागराज-कौशांबी में भी बरपा लू का कहर

**प्रयागराज में 11 लोगों ने लू की चपेट में आकर दम** तोड़ दिया, झांसी में 6, अंबेडकरनगर में 4, कौशांबी में नौ, गाजियाबाद में एक नवजात शिशु समेत 4, गोरखपुर और आगरा में तीन, प्रतापगढ़, रामपुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर और पीलीभीत में कुल पांच लोगों की मौत हो गई।

तापमान तोड़ रहा पुराने रिकॉर्ड

लखनऊ में गुरुवार 30 मई को गर्मी ने 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे पहले 31 मई 1995 को अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। साल अब तक राजस्थान का फलोदी सबसे गर्म इलाका रहा। 50 डिग्री सेल्सियस के अधिक तापमान दर्ज किया गया।

# पंजाब की 13 सीटों के लिए आज होगा मतदान

**वोट डालें**

**2.14 करोड़ मतदाता 24,451 केंद्रों पर डालेंगे वोट, पोलिंग स्टेशनों पर लगाई जाएंगी छबील**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: पंजाब** की सभी 13 लोकसभा सीटों और चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर 1 जून को मतदान होना है। इसके लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। पंजाब के दो करोड़ 14 लाख 61 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर छबील लगाई जाएंगी। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि राज्य में कुल दो करोड़ 14 लाख 61 हजार 741 वोटर हैं, जिनमें एक करोड़ 12 लाख 86 हजार 727 पुरुष, एक करोड़ एक लाख 74 हजार 241 महिलाएं, 773 ट्रांसजेंडर, एक लाख 58 हजार 718 पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) और 1614 एनआरआई (प्रवासी भारतीय) वोटर शामिल हैं। राज्य में पहली बार अपनी वोट के अधिकार का प्रयोग करने वाले वोटरों की गिनती पांच लाख 38 हजार 715 और 85 साल और इससे अधिक आयु के वोटरों की गिनती एक लाख 89 हजार 855 है। उन्होंने कहा कि राज्य में 24 हजार 451 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिनमें से 5694 पोलिंग स्टेशन संवेदनशील (क्रिटीकल) घोषित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें 1076 मॉडल पोलिंग स्टेशन, महिलाओं के संचालित 165 गुलाबी बूथ, 115 ग्रीन बूथ, नौजवानों के प्रबंधित 99 बूथ और दिव्यांग व्यक्तियों के प्रबंधित 101 बूथ शामिल हैं। सिबिन सी ने बताया कि 85 साल से अधिक उम्र के 9239 वोटरों और 4530 दिव्यांग वोटरों को मिलाकर कुल 13,769 वोटरों से घर से वोट की सुविधा सम्बन्धी सहमति प्राप्त हुई थी, जिनमें से 85 साल से अधिक उम्र के 8640 और 4203 दिव्यांग वोटरों समेत कुल 12, 843 वोटरों ने 30 मई तक अपनी वोट डाले हैं।

सिबिन सी ने बताया कि राज्य के कुल दो लाख 60 हजार कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं।

# चुनाव लड़ने से पहले ही भाग रहे कांग्रेस नेता: डॉ यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** लोकसभा चुनाव के लिए 06 चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। सातवें और आखिरी चरण में शनिवार, 01 जून को वोटिंग होगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दो दल हैं। कांग्रेस ने लगातार पतन की स्थिति पकड़ी है। उन्होंने कहा 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यशस्वी उदाहरण है। राहुल गांधी अमेठी सांसद रहे लेकिन ऐसी पटकनी खाई कि वहां से भाग खड़े हुए। 29 में से 27 सीटों पर कांग्रेस लड़ी और कहते है कि हम दमदारी से लड़े। क्या ऐसी दमदारी से लड़े की बराबर की सीट पर भी नहीं लड़ पाए। 48 के तापमान में भी हमने रोड शो किए, कार्यकर्ताओं और जनता का उत्साह देखकर निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुमत से सरकार बन रही है।

**तंज कसा**

**कार्यकर्ताओं और जनता का उत्साह देखकर निश्चित ही मोदी के नेतृत्व में बहुमत से सरकार बन रही है**

**प्रदेश अध्यक्ष ने किया ऐतिहासिक जीत का दावा:** इससे पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए पार्टी प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की मप्र में ऐतिहासिक जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जिस तरह से जनता ने आशीर्वाद दिया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में भी ऐतिहासिक सफलता मिलेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि 29 की 29 सीटें भाजपा मप्र में जीतेगी। वीडी बोले कि 80% बूथों पर इस बार भाजपा बहुमत के साथ जीतेगी।

# केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रेस्क्यू टीम मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुप्तकाशी:** केदारनाथ धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेस्क्यू टीम के जवान देवदूत साबित हो रहे हैं। यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का रेस्क्यू कर उन्हें उचित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यात्रा के दौरान अब तक 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है। सरकार ने यात्रा के दौरान बीमार एवं चोटिल यात्रियों को रेस्क्यू करने और उन्हें उपचार दिलाने के लिए डीडीएमए, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, पीआरडी जवान, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं पुलिस बल लगातार कार्य कर रहे हैं। गुरुवार को मध्य प्रदेश से केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर 69 वर्षीय की उर्मिला देवी के पैर में फ्रैक्चर हो गया। रेस्क्यू टीम ने पहले उन्हें विवेकानंद अस्पताल पहुंचाया। बाद में पैर पर प्लास्टर लगने के बाद उन्हें हेलीपैड तक पहुंचाया। इसी तरह तेलांगाना की यात्री 36 वर्षीय डुंडा लाहरी भीमबली के समीप घोड़े से नीचे गिर गईं। उन्हें डीडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने पहले भीमबली एमआरपी पहुंचाया। बाद में उसे मिठ्ठी पानी, जंगलचट्टी, चीरबासा से गौरीकुण्ड तक विभिन्न पड़ावों की रेस्क्यू टीमों ने सुरक्षित रुद्रप्रयाग रवाना किया। मुख्य अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि यात्रा प्रारंभ होने से अब तक ओपीडी एवं इमरजेंसी के माध्यम से 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार किया गया है।




**उपचार**

**यात्रा के दौरान अब तक 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार हुआ, श्रद्धालुओं का किया रेस्क्यू**

# राम मंदिर में वीआईपी दर्शन के नाम पर नया खेल शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या: राम मंदिर में** वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक नया खेल शुरू हो गया है। राम मंदिर में सुगम दर्शन के लिए राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से पास बनाए जाते हैं ट्रस्ट की ओर से सुगम व विशिष्ट दर्शन पास बनाए जा रहे हैं। इस पास से दर्शन के लिए बाकायदा पालियों का भी निर्धारण किया गया है। निर्धारित पाली में ही दर्शन मिलता है। अब पास को एडिट कर वीआईपी दर्शन कराने का खेल सामने आया है।

इससे पहले भी राममंदिर में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन कराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**जांच जारी**

**सुगम दर्शन के लिए अब पास को एडिट कर वीआईपी दर्शन कराने का खेल सामने आया है**

# हिमाचल में अगले छह दिन बरसेंगे बादल, चलेगा अंधड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: भीषण** गर्मी की मार झेल रहे पहाड़ी राज्य हिमाचल में आसमान से राहत बरसेगी। राज्य में अगला करीब एक हफ्ता बादलों के बरसने से लोगों को भयंकर गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। प्रदेश में पहली जून यानी शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले छह दिन तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी। इस दौरान अधिक ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्का हिमपात भी हो सकती है। मौसम विभाग ने आगामी छह जून तक राज्य के कई इलाकों में आंधी-तूफान और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक पहली जून को समूचे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा और मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में बारिश और ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा।

**बारिश होगी**

**छह दिन तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी। अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात भी हो सकती है**

# हिरासत में भेजे गए नाबालिग आरोपी के पिता और दादा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शुक्रवार को पुणे की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को पोर्श मामले में शामिल नाबालिग के पिता और दादा को उनके चालक के अपहरण और गलत तरीके से बंधक बनाने में उनकी भूमिका के लिए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर इलाके में जब लग्जरी कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी। तब चालक किशोर के साथ पोर्श में था। इस दुर्घटना में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हो गई थी। कार चालक रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल का बेटा है। आरोप था कि रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल और उनके पिता ने अपने ड्राइवर को दुर्घटना का दोष अपने ऊपर लेने की धमकी दी। यही नहीं उसका अपहरण भी कर लिया। उसे अवैध रूप से अपने घर में बंधक बनाकर रखा।

ड्राइवर की पत्नी ने उसे वडगांव शेरी इलाके में आरोपी के बंगले के सर्वेंट क्वार्टर से मुक्त कराया। इसके बाद दोनों विशाल अग्रवाल और उसके पिता को पुलिस रिमांड में भेजा गया था।



**शिकंजा**

**19 मई को पुणे के कल्याणी नगर इलाके में जब लग्जरी कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी**

पिता-पुत्र की जोड़ी की पुलिस रिमांड की समाप्ति पर न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे की अदालत में पेश किया गया। अदालत में अभियोजन पक्ष ने पुलिस रिमांड बढ़ाने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि मामले की जांच जारी है।

# विस्तारा की फ्लाइट में बम की मिली धमकी

**श्रीनगर:** नई दिल्ली से आ रही विस्तारा की फ्लाइट यूके 611 को निशाना बनाकर बम की धमकी की कॉल आने पर श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। यह घटना तब हुई जब एयर ट्रैफिक कंट्रोल श्रीनगर को धमकी भरी कॉल मिली, जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने तुरंत कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सीआईएसएफ ने तुरंत विमान को खाली कराया और विमान और उसके आसपास की गहन तलाशी ली।

# तंबाकू निषेध दिवस: तंबाकू कंपनियों की क्रिकेट पर नजर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** क्रिकेट की आड़ में तंबाकू कंपनियों का कारोबार काफी तेजी से बढ़ रहा है। क्रिकेट मैच के दौरान दिखाए जाने वाले विज्ञापनों में से 41 फीसदी धुआं रहित तंबाकू यानी पान मसाले और गुटके से संबंधित हैं। यह जानकारी भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के नोएडा स्थित राष्ट्रीय कैंसर निवारण एवं अनुसंधान संस्थान के अध्ययन में सामने आई है, जिसे बीएमजे मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किया गया है। हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर सामने आए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने साल 2023 में भारत की मेजबानी में हुए क्रिकेट विश्वकप का विश्लेषण किया है, जिसमें दिखाए गए सभी विज्ञापनों में से 41.3 फीसदी गुटका के थे। इनमें से 80% उन मैचों में दिखाए गए, जिनमें दक्षिण एशियाई देशों खासतौर पर भारतीय टीम मैदान पर थी। यह विश्लेषण कुल 17 लाइव मैचों के दौरान करीब 126 घंटे की स्ट्रीमिंग पर किया गया, जिसमें एक मैच औसतन सात घंटे 47 मिनट तक चला। 17 मैच में प्रसारित 1,206 में से 498 विज्ञापन तंबाकू उत्पादों से संबंधित पाए गए।



**सख्त नियम, फिर भी प्रचार:** शोधकर्ताओं के अनुसार, भारत में करीब 20 करोड़ लोग पान मसाले और गुटके की लत के शिकार हैं। धुआं रहित तंबाकू से सालाना होने वाली मौतों में 80 फीसदी इनकी वजह से होती हैं। इतना ही नहीं, अपने कारोबार को बढ़ावा देने के लिए तंबाकू निमार्ता कंपनियां सालाना 3,700 करोड़ पान मसाले और गुटके के प्रचार पर खर्च कर रही हैं। यह स्थिति तब है जब भारत का सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (सीओटीपीए) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तंबाकू विज्ञापन, प्रचार और प्रयोजन (टीएपीएस) को प्रतिबंधित करता है।

**अध्ययन**

**विज्ञापनों में से 41 फीसदी धुआं रहित तंबाकू यानी पान मसाले और गुटके से संबंधित हैं**

# असम के नौ जिलों में बाढ़ का कहर



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी:** चक्रवात रेमल के कारण असम में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ के कारण नौ जिलों के दो लाख से अधिक लोग प्रभावित है। मंगलवार से अब तक करीब छह लोगों की मौत हो गई है। राज्य का 3238.8 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो गया है। जबकि, 2,34,535 पशु प्रभावित हुए हैं। कई जगहों में ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों के साथ-साथ उनकी सहायक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। रेमल के कारण नागांव, करीमगंज, हैलाकांडी, पश्चिम कार्बी आंगलोंग, कछार, होजई, गोलाघाट, कार्बी आंगलिंग और दीमा हसाओ जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। मेघालय के लुम्स्लम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-6 का 20 मीटर हिस्सा बह गया है। इस वजह से कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों का राज्य के अन्य हिस्सों और पूर्वोत्तर क्षेत्र से सड़क संपर्क टूट गया है। कई वाहन फंसे हुए हैं। बाढ़ से सबसे ज्यादा 1,12,246 लोग कछार में प्रभावित हैं। वहीं, करीमगंज में 37,000, होजाई में 22,058 और हैलाकांडी में 14,308 लोग प्रभावित हैं। जानकारी के अनुसार, 35,640 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। उन्होंने 110 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। शरणार्थियों में सबसे अधिक 19,646 लोग होजाई में और कछार में 12,110, हैलाकांडी में 2060 और करीमगंज में 1,613 लोग प्रभावित है। बराक घाटी और दीमा हसाओ के कुल चार जिलों में जनजीवन ठप्प हो गया है। गुरुवार को अन्य प्रभावित जिलों से रुक-रुक कर बारिश और आंधी की खबरें आई हैं।

**लोग प्रभावित**

**दो लाख से अधिक लोग प्रभावित, कई क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह से ठप, छह मौत**

**रैंकिंग** आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है

# लोकसभा चुनाव: सोशल मीडिया पर मतदाता जागरुकता में राजस्थान देश में अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सोशल मीडिया रैंकिंग में राजस्थान ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। आयोग द्वारा देशभर में सोशल मीडिया (एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब) पर मतदाता जागरुकता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यह रैंकिंग जारी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी है। गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। सीईओ राजस्थान के एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर अप्रैल में माह में करीब 11 लाख इम्प्रेशन मिले हैं। सबसे अधिक 6.83 लाख इम्प्रेशन एक्स पर मिले हैं। इस दौरान एक्स पर पोस्टिंग 240 फीसदी तक बढ़ाई गई। इम्प्रेशन भी 188 फीसदी बढ़ गए। एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर 66,700 से अधिक फॉलोवर थे और अप्रैल में इनकी संख्या 3,400 बढ़ गई।



**मोटिवेशनल स्लोगन के साथ रीजनल कंटेंट:** लोकसभा आम चुनाव के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई। सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रीजनल कंटेंट को मोटिवेशनल स्लोग्नस के साथ पोस्ट किया गया। मतदान प्रक्रिया सहित सभी अन्य आवश्यक जानकारी को मतदाताओं तक पहुंचाया गया। राज्य में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष मीम सीरीज भी चलाई गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए विशेष एसओपी बनाकर जिला स्तर तक भेजी गई। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए हैशटैग के साथ पोस्ट किए गए। इसमें सी-विजिल, वीएचए, केवाईसी, सक्षम, सुविधा एप और मतदान के लिए निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज, मतदान दिवस एवं समय सहित अन्य जागरुकता गतिविधियों से जुड़ी पोस्ट्स की गई।

**क्रिएटिव डिजाइन सहित 2,500 पोस्ट:** गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैंडल्स की 500 से अधिक पोस्ट को राजस्थान के हैंडल्स पर पुनः प्रभावी तरीके से रीपोस्ट किया गया। निर्वाचन विभाग के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अप्रैल माह में दोनों चरणों के मतदान के दौरान करीब 500 क्रिएटिव डिजाइन सहित लगभग 2,500 पोस्ट की गईं।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान सीईओ राजस्थान के हैंडल पर पोस्ट किए गए कई क्रिएटिव डिजाइन, ग्राफिक और फोटोग्राफ्स को भारत निर्वाचन आयोग के हैंडल्स ने भी रिपोस्ट किया।

**उपलब्धि**

**सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रीजनल कंटेंट को मोटिवेशनल स्लोग्नस के साथ पोस्ट किया गया**